देशबन्धु
सतना,गुरुवार 27 मार्च 2025 । वर्ष –40 । अंक –30 पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.

■ नीतीश कुमार का नारी...
■ एक बार ईदगाह पढ़िए मोदीजी 04
■ टैरिफ वॉर के बीच एक नए मोर्चे पर...
■ प्रधानमंत्री मोदी से मिलने का समय मांगकर... 09
■ दूरसंचार कंपनियां भविष्य में लगातार...
■ आरबीआई ने जारी किया वित्त वर्ष 2025-26... 11
■ मेरा फोकस एफआईएच...
■ पीएम मोदी और खेल... 10

**आईपीएल में आज**

TATA IPL

हैदराबाद विरुद्ध
लखनऊ (हैदराबाद)
7.30 शाम से

## 454 पेड़ काटने पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा–

# पेड़ों की अवैध कटाई मानव हत्या से भी गंभीर अपराध



***नई दिल्ली, देशबन्धु।*** *सुप्रीम कोर्ट ने पेड़ों की अवैध कटाई को मानव हत्या से भी गंभीर अपराध बताया और कहा कि- पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों के प्रति कोई दया नहीं दिखाई जानी चाहिए। अदालत ने अवैध रूप से कटे प्रत्येक पेड़ के लिए 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाने को मंजूरी दी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और उज्जल भुयान की पीठ ने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि बिना अनुमति पेड़ काटने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। अदालत ने ताज ट्रैपेजियम ज़ोन में 454 पेड़ काटने वाले शिव शंकर अग्रवाल की याचिका खारिज कर दी और उनके खिलाफ सख्त रुख अपनाया।*

पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता एडीएन राव की इस दलील को स्वीकार किया कि पर्यावरणीय अपराधियों को यह स्पष्ट संदेश दिया जाना चाहिए कि वे कानून और प्रकृति की अनदेखी नहीं कर सकते। इस फैसले से सुप्रीम कोर्ट ने पेड़ों की अवैध कटाई पर जुर्माने की दर तय कर दी है। अदालत ने कहा, पर्यावरणीय अपराधों में कोई दया नहीं। बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई मानव हत्या से भी गंभीर अपराध है। 454 पेड़ों द्वारा बनाए गए हरित क्षेत्र को पुनः विकसित करने में कम से कम 100 साल लगेंगे। जबकि इस अदालत द्वारा 2015 से इस क्षेत्र में पेड़ों की कटाई पर प्रतिबंध लगाया गया था।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय सशक्त समिति की रिपोर्ट को स्वीकार किया, जिसमें 454 पेड़ों की अवैध कटाई के लिए प्रति पेड़ 1 लाख रुपये जुर्माना लगाने की सिफारिश की गई थी। वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी, जो अग्रवाल का पक्ष रख रहे थे, ने अदालत से जुर्माना कम करने और अन्य स्थान पर वृक्षारोपण की अनुमति देने की अपील की। हालांकि, अदालत ने जुर्माना राशि कम करने से इनकार कर दिया, लेकिन उन्हें पास के क्षेत्रों में वृक्षारोपण करने की अनुमति दी।

## 1 लाख रुपये प्रति पेड़ जुर्माना, माफी की याचिका खारिज



## पर्यावरणीय अपराधियों को कड़ा संदेश

**सार संक्षेप**

## सुकमा में 9 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पीएलजीए बटालियन नंबर 1 और जगरगुंडा एरिया कमेटी की 6 महिलाओं समेत 9 नक्सलियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया। इन नक्सलियों के ऊपर 26 लाख रुपए का इनाम घोषित था। सुकमा के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण, एएसपी उमेश गुप्ता और सीआरपीएफ अधिकारियों के सामने इन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। ये सभी नक्सली कई बड़ी वारदातों में शामिल थे। पूना नर्कोम अभियान से प्रभावित और बाहरी नक्सलियों के द्वारा भेदभाव के रवैए से परेशान होकर इन्होंने आत्मसमर्पण किया। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि आज 9 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जिसमें छह महिलाएं भी शामिल हैं। ये नक्सली बड़ी घटनाओं में शामिल थे और इनके ऊपर 26 लाख रुपए का इनाम भी घोषित था। सभी नक्सलियों को 25-25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी गई है।

## मुझे लोकसभा में बोलने नहीं दिया जाताः राहुल



- अलोकतांत्रिक तरीके से चलाई जा रही संसद
- विपक्ष के सवालों का जवाब नहीं मिलता

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को स्पीकर पर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने संसद के बाहर मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैं जब भी लोकसभा में अपनी बात रखने के लिए खड़ा होता हूं, तो मुझे बोलने नहीं दिया जाता। संसद अलोकतांत्रिक तरीके से चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के सवालों का जवाब नहीं मिलता है। संसद केवल सरकार के लिए चल रही है। इस बीच विपक्ष के 70 सांसद लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मिले। सांसदों ने स्पीकर से अपनी नाराजगी जताई। राहुल गांधी ने कहा कि मुझे नहीं पता कि क्या हुआ। मैं खड़ा हुआ और कहा कि मुझे बोलने दीजिए। स्पीकर एक शब्द नहीं बोले, घूमकर चले गए। हाउस एडजर्न (सदन स्थगित) कर दिया गया। मैंने कुछ नहीं किया। मैं बिल्कुल शांति से बैठा था। अभी भी मैंने एक शब्द नहीं बोला। पिछले 7-8 दिन में मैंने कुछ नहीं बोला है। ये नया तरीका है। लोकतंत्र में सरकार और विपक्ष की जगह होती है। यहां विपक्ष की जगह है ही नहीं। यहां सिर्फ सरकार की जगह है। उस दिन प्रधानमंत्री जी ने कुंभ मेले के बारे में बोला। मैं कहना चाहता था कि कुंभ बहुत अच्छा हुआ। बेरोजगारी के बारे में बोलना चाहता था, लेकिन बोलने नहीं दिया। पता नहीं इनकी क्या सोच, क्या अप्रोच है? सच्चाई यही है कि हमें बोलने नहीं दिया जा रहा।

## दुष्कर्म पर इलाहाबाद हाई कोर्ट की टिप्पणी असंवेदनशील : सुको

- ◆ हाईकोर्ट के हालिया फैसले पर रोक लगाई
- ◆ केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस
- ◆ कोर्ट ने मामले का स्वतः संज्ञान लिया था

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस हालिया फैसले पर रोक लगा दी है, जिसमें दुष्कर्म मामले में विवादास्पद टिप्पणी करते हुए अदालत ने आरोपी को बरी कर दिया था। शीर्ष अदालत ने स्वतः संज्ञान लेते हुए इसे संवेदनशीलता की कमी बताया और उत्तर प्रदेश तथा केंद्र सरकारों को नोटिस जारी किया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह मामला मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के निर्देशों के अनुसार स्वतः संज्ञान में लिया गया है। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, हम हाईकोर्ट के आदेश को देखकर स्तब्ध हैं। इसमें कुछ टिप्पणियां बेहद कठोर और असंवेदनशील हैं। खासकर आदेश के पैरा 24, 25 और 26 पर सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाए हैं। पीठ ने यह भी बताया कि पीड़िता की मां ने इस मामले में न्याय की गुहार लगाते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाया है। शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया कि उनकी याचिका को भी इस मामले के साथ जोड़ा जाए। शीर्ष अदालत ने कहा कि फैसला जल्दबाजी में नहीं लिया गया था, बल्कि इसे चार महीने तक रिजर्व रखने के बाद सुनाया गया। इसके बावजूद इसमें गंभीर संवेदनहीनता देखने को मिली। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। साथ ही, सॉलिसिटर जनरल और अटॉर्नी जनरल को इस मामले में अदालत की सहायता करने को कहा गया है। इससे पहले इस मामले पर दिल्ली महिला आयोग की पूर्व प्रमुख और राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल तथा केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने सुप्रीम कोर्ट से हस्तक्षेप की मांग की थी।

### आरोपियों को बरी करने का आदेश दिया था

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक मामले में अहम फैसला सुनाते हुए कहा था कि नाबालिग लड़की के गुप्तांगों को स्पर्श करना और उसे पुलिया के नीचे खींचने को बलात्कार या बलात्कार की कोशिश नहीं माना जा सकता है। अदालत ने यह टिप्पणी एक 11 साल की बच्ची के साथ हुई घटना की सुनवाई के दौरान की और आरोपियों को बरी करने का आदेश दिया।

## जस्टिस वर्मा के घर पहुंची दिल्ली पुलिस की टीम

**नई दिल्ली, देशबन्धु.।** दिल्ली पुलिस ने जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पहुंचकर उनके स्टोर रूम और आसपास की जगह सील कर दी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि डीसीपी नई दिल्ली देवेश कुमार महला अपनी टीम के साथ घटना वाली जगह पर पहुंचे। आग लगने वाली जगह को जांच कमेटी के कहने पर सील किया है। दिल्ली पुलिस ने पूरे स्टोर रूम और आसपास की जगह का दौरा किया।

वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के सरकारी घर से कथित तौर पर आधी जली हुई नकदी मिलने के मामले में लगी याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया। याचिका में मामले में दिल्ली पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने की मांग की गई थी।

### स्टोर रूम और आसपास की जगह की सील

चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ से वकील मैथ्यूज जे नेदुम्परा ने आग्रह किया कि याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए, क्योंकि यह व्यापक जनहित से संबंधित है। इस पर सीजेआई ने कहा कि याचिका पर सुनवाई होगी। वकील ने दलील दी कि सुप्रीम कोर्ट ने सराहनीय काम किया है, लेकिन एफआईआर की जरूरत है। इस पर सीजेआई ने कहा, सार्वजनिक बयान न दें।

मामले में एक महिला और सह-याचिकाकर्ता ने कहा कि अगर ऐसा मामला किसी आम नागरिक के खिलाफ होता तो सीबीआई और ईडी जैसी कई जांच एजेंसियां उसके पीछे लग जातीं। सीजेआई ने कहा, यह काफी है। याचिका पर उसी के अनुसार सुनवाई होगी।

## सहकारिता आंदोलन को आगामी 4 वर्ष में नए मुकाम पर पहुंचाएंगे : मुख्यमंत्री



### दूध पर बोनस देने के साथ ही अन्य क्षेत्रों की सहकारी संस्थाओं के सदस्य लाभान्वित होंगे

### अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 अन्तर्गत हुआ राज्य स्तरीय सम्मेलन

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश सरकार सर्वजनकल्याण के संकल्पों के साथ कार्य कर रही है। वर्तमान में पंचायत से लेकर मंत्रालय तक पारदर्शितापूर्ण कार्य शैली के कारण अन्य क्षेत्रों के साथ सहकारी क्षेत्र में समृद्ध हुआ है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय सहकारिता एवं गृह मंत्री अमित शाह ने सहकारिता का लाभ पहुंचाने के लिये बहुजन हिताय-बहुजन सुखाय के भाव के अनुसार कार्य करने के लिए मार्गदर्शन दिया है। मध्यप्रदेश सहकारिता के क्षेत्र में निश्चित ही नए दौर की नई कहानी लिखेगा।

गुजरात में दूध पर बोनस की जिस तरह व्यवस्था है, मध्यप्रदेश भी इस दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसके साथ ही मध्यप्रदेश में मत्स्य पालन के लिए काफी बड़ा क्षेत्र है और हाल ही में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भी उद्योग क्षेत्र के साथ सहकारिता ने कार्य करने की पहल की है। मध्यप्रदेश में सहकारिता आंदोलन को गति दी जा रही है। अब सहकारिता क्षेत्र में व्यवस्थाएं काफी पारदर्शी हैं और मध्यप्रदेश में सहकारिता के विभिन्न आयामों पर कार्य किया जाएगा। आने वाले चार वर्ष में सहकारिता आंदोलन को नए मुकाम पर पहुंचाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को समन्वय भवन में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मेलन ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

## महादेव ऐप मामले में सीबीआई ने 60 ठिकानों पर मारे छापे

### भूपेश बघेल के घर पर भी की रेड

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** बहुचर्चित महादेव बेटिंग ऐप मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को छत्तीसगढ़ और दिल्ली के अलावा मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल तथा पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में 60 ठिकानों पर एक साथ छापे मारे।

जिन स्थानों पर छापेमारी हुई है उनमें राजनेताओं, वरिष्ठ नौकरशाहों, पुलिस अधिकारियों, महादेव बुक के प्रमुख पदाधिकारियों और इस मामले में संदिग्ध अन्य निजी व्यक्तियों से जुड़े परिसर शामिल हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उनके 2 ओएसडी रहे आशीष वर्मा और मनीष बंछोर, उनकी सेक्रेटरी रही सौम्या चौरसिया के घर पर भी रेड की गई। इस मामले की जांच पहले छत्तीसगढ़ पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) कर रही थी, लेकिन कई बड़े सरकारी अधिकारियों की संलिप्तता की आशंका के बाद इसे सीबीआई को सौंप दिया गया।

### सीबीआई ने 4 राज्यों में की छापेमारी

### भूपेश के घर के बाहर पुलिस से भिड़े समर्थक

भूपेश के घर के बाहर बड़ी संख्या में मौजूद समर्थकों ने कार्रवाई का विरोध किया। इस दौरान पुलिस के साथ उनकी झड़प भी हो गई। इस दौरान कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गाड़ियों को रोकने की कोशिश की और जमकर हंगामा किया। सीबीआई की कार्रवाई को लेकर छत्तीसगढ़ कांग्रेस गुरुवार को प्रदेशभर में भाजपा सरकार का पुतला दहन करेगी।




**बिरादरी की बात**

**चूहा-सुनती हो**- राहुल गांधी आरोप लगा रहे हैं कि- सदन में उन्हें बोलने नहीं दिया जाता है।

**चुहिया- हां प्रिये**- उधर तमाम भाजपा नेता और कांग्रेस विरोधी अक्सर यह कहते सुने जाते हैं कि राहुल के बोलने से हमें फायदा होता है।




Excellence in Education, Excellence in Life
A.P.N. C.B.S.E.
SENIOR SECONDARY SCHOOL
(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2025-26
Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities
Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games
राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट
Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200

**रिपोर्ट**

## भारत में हर सात में से एक बच्चा अवसाद का शिकार

# मानसिक तनाव बढ़ने पर तेजी से अपना रहे आत्महत्या का रास्ता

**नई दिल्ली।** बदलती दुनिया और भाग-दौड़ भरी जिंदगी में मानसिक समस्याएं बहुत तेजी से लोगों को अपना शिकार बना रही हैं। इसके घातक प्रभाव हर वर्ग, हर उम्र के लोगों पर देखने को मिल रहे हैं। मानसिक अवसाद का विस्तार इतना तेज है कि इससे न तो कोई देश बचा है और न कोई राज्य। आज हर गांव, गली मोहल्ले में अवसाद के मरीज मिल जाते हैं।

विडंबना यह है कि मानसिक तनाव, आत्महत्याएं और बेचैनी की ये समस्याएं अब बच्चों और किशोरों में गंभीर होती जा रही हैं। बच्चे खेलने-कूदने की उम्र में मानसिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन और संयुक्त राष्ट्र बाल कोष यानी यूनिसेफ की ताजा रपट 'मेंटल हेल्थ आफ चिल्ड्रन ऐंड यंग पीपल' के अनुसार दुनिया का लगभग हर सातवां बच्चा किसी न किसी मानसिक समस्या से जूझ रहा है। इसमें बेचैनी और अवसाद प्रमुख हैं। मानसिक अवसाद से घिरे बच्चों की मासूमियत खोती जा रही है। उनकी खिलखिलाती मुस्कान चिड़चिड़ाहट में बदल गई है। वे



बहुत जल्दी गुस्सा करने लगे हैं। उनमें सहनशक्ति कम होती जा रही है। कई बार तो वे अपने माता-पिता की बात से इतने नाराज हो जाते हैं कि उन पर हमला तक करने से नहीं चूकते।

माता-पिता, परिजन यह नहीं समझ पाते कि उनके व्यवहार में अचानक इतना बदलाव क्यों आ गया है कि वे उनकी कोई बात सुनना और समझना ही नहीं चाहते। अभिभावकों को यह समझ ही नहीं आता कि इस स्थिति को कैसे संभालें। यूनिसेफ की रपट के अनुसार, भारत में हर सात में से एक बच्चा अवसाद का शिकार है। इसी तरह वर्ष 2019 में 'इंडियन जर्नल आफ साइकियाट्री' में प्रकाशित एक अध्ययन से पता चला कि भारत में पांच करोड़ से अधिक बच्चे मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रसित हैं। विशेषज्ञों के अनुसार 1999 से, जबसे भारत ने उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की अर्थव्यवस्था को अपनाया है, पश्चिमी सभ्यता बहुत तेजी से भारतीय समाज में फैली है, हमारी दैनिक आदतों में तुरंत आहार, शीतल पेय और सोशल मीडिया ने विशेष स्थान बना लिया है। नौनिहालों की रोजमर्रा की जिंदगी में हुए इस परिवर्तन से उनमें अवसाद, तनाव, चिड़चिड़ापन के मामले तेजी से बढ़ गए हैं। 'नेशनल लाइब्रेरी आफ मेडिसिन' में वर्ष 2024 में प्रकाशित अध्ययन के आंकड़ों ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

### भारत में पांच करोड़ से अधिक बच्चे मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रसित


डाक पंजीयन क्रमांक रीवा संभाग/16/2009-2011

# अब नए लोगों को आगे आने का रास्ता देना होगा- हरीश चौधरी

## कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मेलन में जुटे प्रदेश के नेता, विंध्य के नेताओं को दिया एकजुट होने का संदेश

**सतना, देशबन्धु।** कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रदेश के नेता विंध्य के नेताओं को एक जुट होने का संदेश दे गए। कार्यकर्ताओं में भी जोश भरा गया ताकि आने वाले समय में कांग्रेस पूरी ताकत से चुनाव मैदान में उतर सके। इस आयोजन में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल, प्रदेश के सह प्रभारी रण विजय सिंह शामिल हुए। प्रदेश प्रभारी बोले, इस विंध्य ने दुनिया, देश को बहुत कुछ दिया। इस धरती को नमन करता हूं। भगवान राम को भगवन बनाने की देन इस विंध्य की है।

उन्होंने कहा कांग्रेस के सिद्धांत, विचारधारा, नेतृत्व सन्देश देते हैं कि मैं नहीं हम। बूथ पर लड़ने, मजबूती से खड़े रहने वाला कांग्रेस पार्टी का सबसे बड़ा नेता है। अब नए लोगों को आगे आने का रास्ता देना होगा। प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवरी के कहा, 22 चुनाव का संचालन, 22 साल से सत्ता से बाहर, अद्भुत संयोग है। उन्होंने विधायक डब्बू को कहा, राजनीती में अनुमति नहीं, समन्वय की आवश्यकता होती है। जीतू बोले, चुनाव हार गए, स्वागत, सत्कार, माला, भीड़ में कमी नहीं है... इसलिए बदलाव की जरूरत है। 3 साल से ज्यादा ब्लाक अध्यक्ष का




बदलाव करेंगे। आग्रह करते हुए कहा कि पिछली बातें भूलकर पार्टी का आगे भविष्य बनाना चाहिए।

### जय भीम, जय भारत

कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मेलन में अब नए शब्दों का समावेश हो चुका है। इस बार मंच संचालन कर रहे जिलाध्यक्ष मकसूद अहमद जय भीम, जय भारत बोलते नजर आए। भविष्य में कांग्रेस के वोट बैंक का इसके सुखद परिणाम देखने को मिल सकते हैं। मचीय कार्यक्रम के दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल को बोलना पड़ा। उन्होंने मंच के सामने खड़े लोगों को टोकते हुए कहा, हमार प्रार्थना है, जे मोबाईल लए खड़े हैं, दाएं, बाएं हुई जाएं। कौनौ माल्यार्पण के जरूरत नहीं आय। शांति बैठी और सुनी। इस सम्मेलन में महिलाओं की संख्या जरूर कम रही। गिनती की करीब 25 महिलाएं ही कार्यक्रम में नजर आईं।

### शेरू वहीं रुक जाओ

मंच पर अतिथियों का जमावड़ा होने के बाद युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मशहूद अहमद शेरू अपने साथियों के साथ ढोल नगाड़े लेकर अजगर माला से स्वागत करने भीड़ के बीच से आए। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी खड़े हुए और बोले, शेरू वहीं रुक जाओ, दो लोग माला लेकर आ जाओ, ढोलक बंद करो और बैठ जाओ। इसके पहले स्वतंत्र मिश्रा भी



स्वागत करने भीड़ के साथ आए तो प्रदेशाध्यक्ष ने टोका, चश्मे वाले भईया बस हो गया। जाओ पीछे बैठो, अनुशासन बनाओ। इसी बीच जीतू पटवारी ने सामान्य दीर्घा में नीचे की ओर बैठे सईद अहमद को मंच पर बुलाकर स्थान दिया। कुछ देर बाद निखिल तिवारी भी साथियों के साथ माला लेकर स्वागत को पहुंचे तो उन्हें भी रोका गया।

### सबको मिला बोलने का मौका

जिलाध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने कहा, बूथ जीतो, चुनाव जीतो। मंडलम, सेक्टर बनाए हैं, जिसमें कार्यकर्ता को पूरी सिद्दत से काम करना है। रश्मि पटेल नेता अपने उद्बोधन में कहा कि कांग्रेस राजनैतिक पार्टी नहीं, एक विचारधारा है। इसमें भारत की एकता और अखंडता है। ये बैठक एकजुटता की है। धर्मेश घई ने कहा, भाजपा की कालाबाजारी और जानविरोधी योजनाओं के लिए सड़क पर उतर कर लड़ना होगा। कल्पना वर्मा ने कहा कि एकजुटता दिखानी होगी। पांच साल कांग्रेस एक जुट दिखती है लेकिन जब मन मुताबिक प्रत्याशी को टिकट नहीं मिलता तो दूसरे दल का हाथ थाम लेते हैं।

### सिद्धार्थ अंकुरित हो जाएगा

सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा डब्बू ने कहा, 4 जून 2024 के बाद कार्यकर्ताओं का यह मंच लगा है। प्रदेश प्रभारी की ओर इशारा करते हुए कहा कि आपको सतना को समझने में समय लगेगा। बहुत बातें होंगी, कोई कुछ कहेगा, कोई कुछ। डब्बू ने कहा, मुझे कांग्रेस ने जो संरक्षण दिया उसके लिए मेरा परिवार, साथी धन्यवाद देते हैं। उन लोगों का धन्यवाद, जिनसे नहीं मिला उन्होंने भी वोट किया। घर घर जा सकें इसके लिए संगठन से अनुमति मांगते हैं। पिता का उदाहरण देकर कहा कि मेरे पिता 17 चुनाव लड़े थे, 16 हार। हार जीत की बात नहीं, एक बार नहीं बार बार हराना, सिद्धार्थ फुटुक के अंकुरित हो जाएगा।

### तेरा- मेरा ना देखें

सह प्रभारी मप्र रणविजय सिंह ने कहा कि एक कॉमन बात सभी जगह से आई। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को एक साथ हो जाना चाहिए। यही उम्मीद प्रत्येक कार्यकर्ता से है। कमलेश्वर पटेल ने अपनी बात रखते हुए कहा कि जिस दिन सबके मन में कांग्रेस जिंदाबाद होगा उस दिन हम सबका भला होगा। अगर कार्यकर्ता नेता एकजुट होकर काम करें तो उससे मजबूत कुछ नहीं। टांग खिंचाई में हम पीछे रह जाते हैं। नेता लड़ें तो लड़ें, कार्यकर्ता नहीं लड़ें। उन्होंने प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष से कहा, मजबूत व्यक्ति का चयन करें, तेरा- मेरा न देखें।

### सांड चर रहे दूसरों का खेत

डॉ. राजेंद्र कुमार सिंह ने अपनी बात रखते हुए कहा, समन्वय की कोई बात नहीं करता। इस जिले की राजनीती मैं 47 साल से कर रहा हूं। कई उतार चढ़ाव देखे, लेकिन मेरे कदम कभी लड़खड़ाए नहीं। कल के बाद बहुत से लोग अपने घरों में सिमट जाएंगे। हमें हमेशा कांग्रेस का परचम लहराना है। आज परिस्थितियां बहुत विपरीत हैं, भाजपा अब वो पार्टी नहीं रही। अब साधू, सन्यासी, बाबा, बैरागी को छोड़ दिया जनता के बीच। ये सांड दूसरों का खेत चर रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा, अब हम अपनी विचारधारा को पकड़ेंगे और उसके हिसाब से अपने आपको मानसिक रूप से मजबूत बनाएं। प्रदेश में माफियाराज चल रहा है। खाकी का भय समाप्त हो गया, पुलिस भी पिट रही है।

### नेता काहे का लड़ें...

पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल ने पूर्व वक्ताओं का समर्थन करते हुए कहा कि कमलेश्वर की एक बात से सहमत नहीं, नेता काहे लड़ें। यहे सतना से चुनाव हम लड़े रहन, को- को हरवाइन हम जानित हैन। 22 साल से हम पंचे सत्ता के बाहर हैं। घर भर लें, कमा लें, सत्ता ऐसे न चाही। गरीब आदिवासी के आंसू पोंछ लें ऐसे सत्ता चाही। दाऊ साहब से हमी सबक लेय का है के भेदभाव न हो। आज से हमार पंचन के रिश्ता नेतन के और कार्यकर्ता से बराबर होइ तब भाजपा को सत्ता से बाहर कर पाएंगे। राहुल बोले, छोट से छोट घटना में पीड़ित के साथ खड़े हो जाओ तो कांग्रेस पार्टी अपने आप खड़ी हो जाएगी।

## आज का मौसम

| न्यूनतम तापमान | अधिकतम तापमान | आर्द्रता |
|---|---|---|
| 18.0 डि.से. | 38.9 डि.से. | सुबह : 49<br>शाम : 18 |

## सार-समाचार

### क्रिटिकल मिनरल्स पर आयोजित हुआ सेमिनार




**सतना, देशबन्धु।** सिंगापुर स्थित स्पायर संस्था द्वारा दिल्ली में 24-25 मार्च को क्रिटिकल मिनरल्स पर अयोजित सेमिनार में एकेएस विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग डीन डॉ. जीके प्रधान ने सहभागिता दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि ड्रोन, केड स्क्रीन, स्मार्ट फोन, स्मार्ट घड़ी और इलेक्ट्रिक बैटरी संचालित वाहन में क्रिटिकल मिनरल्स की बड़ी भूमिका है। क्रिटिकल मिनरल्स में लिथियम प्रमुख है और इसके साथ बहुत सारे मिनरल है। कॉन्फ्रेंस में भारत की क्रिटिकल मिनरल के क्षेत्र में वर्तमान स्थिति पर चर्चा हुई। डॉ. प्रधान ने समुद्र बालू में मिलने वाले खनिज पर लेख प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने उनकी सहभागिता पर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए खुशी व्यक्त की है।

### तार चोरी करने वाला गिरफ्तार



**कोठी, देशबन्धु।** कोठी थाना पुलिस ने तार चोरी करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर कार्यवाही की है। फरियादिया ने रिपोर्ट किया कि 25 व 26 मार्च कि रात विनोद कोल निवासी मदनी ने घर में घुसकर तार की चोरी की है। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने इसी मामले में आरोपी विनोद कोल पिता पद्दू कोल (30)निवासी मदनी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 बण्डल तार कीमती 2000 रुपए जब्त किया है। थाना प्रभारी ट्रेनी आईपीएस मनीष भारद्वाज के नेतृत्व में यह कार्यवाही की गई है।

### सेन जयंती में होगा सामूहिक विवाह सम्मेलन

**सतना, देशबन्धु।** संत शिरोमणि सेन महाराज के जयंती दिवस पर 25 अप्रैल को सेन समाज का राष्ट्रीय संगठन ऑल इंडिया महापद्मनंद कम्युनिटी एजुकेटेड संगठन जिला कमेटी सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन करने जा रहा है। विवाह के लिए वर वधू का पंजीयन प्रारंभ हो चुका है। इसके लिए जिला कमेटी के अध्यक्ष रामखेलावन सेन, सचिव राकेश सेन, कोषाध्यक्ष संतोष सेन, सदस्य ओमी सेन, नरेश सेन, नितिन सेन, माधव प्रसाद सेन, राजा उतैली, शिवकुमार सेन, राकेश सेन खारी, कमलेश सेन आदि से संपर्क करके विवाह का पंजीयन कराया जा सकता है।

### झूलेलाल जयंती पर निकलेगी स्कूटर रैली

**सतना, देशबन्धु।** भगवान झूलेलाल जयंती के अवसर पर महिला स्कूटर रैली का आयोजन किया गया है सिन्धी समाज की महिला संस्थाओं एवं पूरे समाज की मातृशक्ति को साथ ले कर सामाजिक एकता के साथ सिन्धी समाज के बैनर पर वाहन रैली निकाली जाएगी। स्कूटर रैली संयोजक राखी होतचंदानी ने बताया कि रैली झूलेलाल मंदिर बजरहा टोला से संत सामाणाराम कामदार की उपस्थिति में सुबह 9 बजे निकाली जाएगी जिसका समापन कंवर नगर सिन्धी कॉलोनी में महंत स्वामी संतोखदास के आर्शीवचनों से होगा।

### छात्राओं ने की कुलपति से मांग

**सतना, देशबन्धु।** शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एमए तृतीय वर्ष सेमे. अग्रेजी विषय की 95 प्रतिशत छात्राओं का प्रथम पेपर क्रिटिकल थ्योरी व द्वितीय पेपर अग्रेंजी भाषा में अति कम नंबर देकर फेल कर दिया गया है। छात्राओं की परीक्षा आशानुरूप अच्छी थी और उनके फेल होने की संभावना विल्कुल भी नहीं है। रिजल्ट गलत आने के कारण छसत्राओं में अपने भविष्य को लेकर चिंता और असंतोष है। छात्राओं ने अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति एवं सचिव को लिखित पत्र देकर मांग की है कि अंग्रेजी विषय के प्रथम व द्वितीय विषय की कापियों का दूसरे वीक्षक द्वारा मूल्यांकन कराकर उचित परिणाम प्रदान किया जाए।





## जल गंगा संवर्धन अभियान की आवश्यक तैयारी करें: कलेक्टर

**मैहर, देशबन्धु।** कलेक्टर रानी बाटड ने कहा कि राज्य शासन द्वारा 30 मार्च से 30 जून तक राज्यव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जायेगा। अभियान के सफलता पूर्वक क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर और अनुविभाग स्तर की समितियां संबंधित विभागों की भागीदारी से गठित कर लें। अभियान के शुभारंभ के पहले कार्य योजना तैयार कर सभी आवश्यक तैयारी रखें।

कलेक्टर ने समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम विकास सिंह, डॉ. आरती सिंह, डीईओ टीपी सिंह, डीपीसी विष्णु त्रिपाठी, सीएमएचओ डॉ. एलके तिवारी, कार्यपालन यंत्री आरईएस सीएल साकेत, प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी राजेन्द्र बांगरे, सीईओ जनपद प्रतिपाल बागरी, ओपी अस्थाना, एमएल प्रजापति, सीएमओ नगर पालिका सुषमा मिश्रा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान की समीक्षा में मैहर, अमरपाटन और रामनगर के चयनित ग्रामों में लगाये गये शिविरों में लाभांवित हितग्राहियों की जानकारी ली।

कलेक्टर ने कहा कि इन गांवों में शिविर लगाने के बाद भी अपेक्षित परिणाम नहीं मिले हैं। सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मार्च माह के अंत तक विकास कार्यो तथा हितग्राहियों को लाभांवित करने के लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति कराये। लंबित कार्यो के लिए कलेक्टर ने विभाग प्रमुखों को पत्र जारी करने के निर्देश भी दिये। कलेक्टर ने आईटीआई प्राचार्य को इन ग्रामों में शिविरों में जाकर युवाओं के कौशल उन्नयन करने के निर्देश दिये थे। प्राचार्य के मात्र एक शिविर में ही उपस्थित होने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए एक वेतन वृद्धि रोकने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

## रामनवमी शोभायात्रा घर- घर का आयोजन

**सतना, देशबन्धु।** हिंदू पर्व समन्वय समिति द्वारा वार्ड 36 में घर-घर राम पत्रक एवं अक्षत का वितरण कर 7 अप्रैल को आयोजित श्रीरामनवमी शोभा यात्रा के लिए सपरिवार शामिल होने आमंत्रण दिया गया। समिति के अध्यक्ष मणिकांत माहेश्वरी ने कहा कि अब यह आयोजन सर्व समाज के साथ घर-घर का आयोजन हो गया है। इस आयोजन को सफल एवं ऐतिहासिक बनाने सभी जाति बिरादरी, सर्व समाज, सभी सामाजिक व्यापारिक, धार्मिक संगठनों के लोग चिंता करने लगे हैं। राम पत्रक वितरण करने के अवसर पर समिति के रामअवतार चमड़िया, हरिओम गुप्ता, पार्षद रमेश शुक्ला, संतोष सोनी, श्रेय शुक्ला, विनय श्रीवास्तव, सज्जन नामदेव, दीपेश शुक्ला, सोमेश शुक्ला, अजय रजक, राजेश नामदेव, संतोष गौतम सहित काफी संख्या में वार्ड के लोग शामिल रहे।



## कलेक्टर ने किया जीपी कार्यालय का निरीक्षण



**सतना, देशबन्धु।** कलेक्टर एस सतीश कुमार आज जिले के मुख्य शासकीय अभिभाषक, लोक अभियोजक (जीपी) रमेश मिश्रा, एसडीएम राहुल सिलाड़िया तथा तहसीलदार सौरभ मिश्रा के साथ जिला न्यायालय परिषर स्थित जीपी कार्यालय का अवलोकन किया एवं कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की। जीपी रमेश मिश्रा के अनुरोध पर जिला न्यायालय के दक्षिण दिशा में स्थित पीएचई ऑफिस के नीचे वाला हाल जो वर्तमान मे जिला पंचायत के अधिपत्य मे है रिक्त कराकर लोक अभियोजक, शासकीय अभिभाषक कार्यालय के लिए दिए जाने हेतु विधिवत निरीक्षण किया तथा तत्काल दूरभाष पर जिला पंचायत सीईओ सहित कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग से चर्चा कर हाल को दुरुस्त किए जाने का आदेश दिया। कलेक्टर ने कार्यालय की व्यवस्था दुरुस्त किए जाने की मांगो को शीघ्र ही पूर्ण किए जाने का आश्वासन दिया है। कलेक्टर एवं लोक अभियोजक ने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रत्नेश प्रताप सिंह बिसेन के साथ बैठक कर न्यायालयीन विषयों पर चर्चा की। इस दौरान एजीपी राघवेंद्र सिंह, रावेन्द्र सिंह, गिरजेश प्रसाद पाण्डेय, उमेश शर्मा, सुनील निगम, राजेश मिश्रा, कमलेश द्विवेदी, अखिलेश अवधिया उपस्थित रहे।

## पवन बने बजरंग दल के प्रखंड संयोजक

**सतना, देशबन्धु।** संगठन विस्तार की प्रक्रिया में सतना जिले के जैतवारा प्रखंड में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा की गई। ग्राम किटहा निवासी पवन कुमार पांडेय को प्रखंड बालोपासना के दायित्व से मुक्त करते हुए बजरंग दल का जैतवारा प्रखंड संयोजक बनाया गया है। यह उत्तरदायित्व उनके संगठनात्मक दक्षता एवं सांस्कृतिक प्रतिबद्धता का प्रमाण है। नियुक्ति के बाद पवन कुमार पांडेय ने कहा, धर्म और राष्ट्र सेवा ही मेरे जीवन का मूल उद्देश्य है। मुझे जो दायित्व सौंपा गया है, उसे पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ निभाऊंगा। अन्य नियुक्तियों में जितेंद्र सिंह को प्रखंड उपाध्यक्ष तथा मनोज गुप्ता को प्रखंड मंत्री का दायित्व सौंपा गया।



## आकाश ने किया 21वीं बार रक्तदान

**सतना, देशबन्धु।** सिन्धु विकास समिति द्वारा लगातार चलाए जा रहे रक्तदान अभियान में सहयोग करने वाले समाजसेवी आकाश बनर्जी ने जिला अस्पताल में भर्ती जरूरतमंद को अपना रक्त देकर मानवता का कार्य किया है। आकाश इसके पूर्व 20 बार रक्तदान एवं सात बार प्लेटलेट डोनेट कर चुके हैं। अध्यक्ष विनोद गेलानी ने के मार्गदर्शन में पिछले कई वर्षो से रक्तदान जीवनदान की अलख ज्योति जलाकर इंसानियत का धर्म निभाते हुए मानवता की सेवा कर रहे एवं अभी तक 6559 यूनिट रक्तदान एवं 35 यूनिट प्लेटलेट्स करवाने का एक रिकॉर्ड भी कायम किया है।



## ब्रह्माण्ड में धर्म और विज्ञान एक दूसरे के बिना अधूरे



सतना, देशबन्धु। झूलेलाल मंदिर में चल रही शिव महापुराण कथा में आज कथा वाचक अशोक वाजपेयी ने बताया कि जब माता पार्वती ने स्नान में जाने के पूर्व अपनी सुरक्षा के लिये गणेश भगवान को प्रहरी की जिम्मेदारी देते हुये कहा था कि मेरे बिना अनुमति के किसी को मेरे कक्ष में आने मत देना, लेकिन शंकर भगवान जब उनके कक्ष में जाने के लिये आये तो गणेश ने उन्हें यह कहते हुये अन्दर जाने से मना किया कि माता ने मुझे किसी को भी अन्दर नहीं आने का आदेश दिया है। तब शिव ने इस कृत्य को अपने विरुद्ध अभद्रता मानते हुये उनके मस्तक को काट कर दंड दिया। जब माता पार्वती को मालूम पड़ा तो उन्होंने अति गुस्से में नाराज होते हुये यह बताया कि गणेश मेरा पुत्र है उसे मैंने जो आदेश दिया था उसका वह पालन कर रहा था इस बात से शिव बेखबर थे कि गणेश पार्वती का पुत्र है। पूरी जानकारी प्राप्त होने पर शिव ने गजानन की प्रार्थना पर उनका मस्तक काट कर गणेश के धड़ से जोड़ दिया और उन्हे नवजीवन प्रदान कर माता पार्वती का गुस्सा शांत किया। धड़ से मस्तक को जोड़ने की इस प्रक्रिया को विज्ञान सर्जरी का नाम देता है। कहने का तात्पर्य यह है कि गणेश माता के आदेश को अपना धर्म मानते हुये अपने मस्तक को भी कटवा लिया और शिव ने वैज्ञानिक पद्धति अपनाते हुये गणेश के धड़ में गजानन का मस्तक जोड़ कर विज्ञान के महत्व को भी सिद्ध किया। आज के प्रसंग में वीनस परिवार और मन्दिर के सेवा दारियों ने अतिथियों कों शिव का शुभ दुपट्टा पहनाकर सभी का सम्मान किया। उपस्थित अतिथियों में राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, महापौर योगेश ताम्रकार, अनिल सचदेव, विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा, अशोक शर्मा, मणिकांत माहेश्वरी, उत्तम बनर्जी, रामावतार चमड़िया सहित काफी संख्या में मातृशक्ति भक्त उपस्थित रहे।

## भव्य रामोत्सव की बनी कार्य योजना

**सतना, देशबन्धु।** विश्व हिंदू परिषद नवरात्रि के पावन पवज़ पर चैत्र प्रतिपदा से रामनवमी तक खोवा मंडी अस्पताल चौक में नौ दिवसीय भव्य रामोत्सव मनाएगा। विहिप द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर घोषित प्रमुख कार्यक्रमों में राम उत्सव है, जिसे प्रत्येक समितियों में मनाया जाना है। जिसके तहत सतना में राम राजा की प्रतिमा बिराज कर नौ दिनों तक विविध कार्यक्रम की योजना बनाई गई है। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री ने बताया कि राम उत्सव में प्रत्येक प्रखंड में शोभायात्रा निकल जाएगी। साथ ही विश्व हिंदू परिषद की प्रत्येक समिति में राम उत्सव मनाया जाएगा। बैठक में कुछ नवीन दायित्व योजना रचना कर आगामी 6 माह की कार्य योजना बताई गई। बैठक में मार्गदर्शन के लिए विश्व हिंदू परिषद महाकौशल प्रांत के अध्यक्ष सुनील भागचंदानी उपस्थित रहे, जिन्होंने वर्तमान स्थिति में हिंदू परिषद के कार्य के महत्व को बताया। बैठक में प्रांत उपाध्यक्ष सीमा सिंह, जिला अध्यक्ष विक्रम चौधरी, लखन केशरवानी, रामजी गुप्ता, राजबहादुर मिश्रा, नरेश शुक्ला, सागर गुप्ता, अतुल त्रिपाठी, सचिन शुक्ला, विजय गुप्ता, रावेंद्र सिंह, सत्य प्रकाश द्विवेदी, सुमित परौहा, अबीर द्विवेदी, आदर्श त्रिपाठी, बबलू श्रीवास्तव, मनीष शर्मा, विकास तिवारी, राकेश मिश्रा, रमेश मिश्रा, दिनेश मिश्रा, संदीप वर्मा, स्वाति गुप्ता, रीता त्रिपाठी, मंजू श्रीवास्तव सहित विहिप के कई जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## स्टेशन के बाहर मुख्य गेट में ऑटो का जमघट

**सतना, देशबन्धु।** रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार की व्यवस्था इस कदर चरमराई हुई है कि यात्रियों को आने जाने में भारी परेशानी का समाना करना पड़ रहा है। यह समस्या सालों से बनी हुई है। मगर न तो कोई जिम्मेदार ध्यान दे रहा है और न ही रेलवे व स्थानीय पुलिस कार्यवाही करती है। नतीजा यह है कि ऑटो रिक्सा वाले मुख्य द्वार पर ही ऑटो खड़ा कर रास्ता जाम कर देते है। वहीं फुटपाथी दुकानदार भी सड़क पर अतिक्रमण किए हुए है। क्या यह समस्या इन जिम्मेदारों को नहीं दिखाई देता। क्या मीडिया, अखबार बस की ही जिम्मेदारी है कि यह समस्या लोगो को बताते रहो, इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। अगर पड़ता तो यह समस्या यात्रियों व आमराहगीरों के लिए परेशानी व मुसीबत का सवब न बनती।

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी उत्तर शहडोल वनमण्डल म.प्र.**

फोन नं. 07652-245167 ईमेल- dfotnshahd-mp@gov.in

**निविदा सूचना**

| क्रमांक | निविदा का विवरण | निविदा प्रारंभ | निविदा समाप्ति | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वानिकी एवं अद्योसंरचना हेतु प्रयोग होने वाली सामग्रियां | 22.03.2025 | 15.04.2025 | 4,50,000/- | 1000/- |

निविदा क्रमांक 2025_MPFD_411232_1 वानिकी एवं अद्योसंरचना हेतु प्रयोग होने वाली सामग्रियों की आपूर्ती हेतु प्रकाशित की गयी है विस्तृत विवरण एमपी ई टेन्डर से प्राप्त करें।

वनमण्डलाधिकारी
वनमण्डल उत्तर शहडोल

G-24774/24

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

# उप मुख्यमंत्री ने श्यामशाह अस्पताल में निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा



**• सुपर स्पेशलिटी विस्तार भवन, कैंसर यूनिट तथा डॉक्टर्स क्वार्टर्स के निर्माण कार्यों को गति दें : राजेन्द्र शुक्ल**



**रीवा देशबन्धु।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में निर्माणाधीन सुपर स्पेशलिटी विस्तार भवन, कैंसर यूनिट, तथा डॉक्टर्स क्वार्टस के निर्माण कार्य त्वरित गति से कराये तथा नियत समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरे करें। श्री शुक्ल ने महाविद्यालय के सभागार में निर्माण कार्यों की समीक्षा की।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, संजय गांधी चिकित्सालय को सर्वसुविधायुक्त बनाया जा रहा है। नवीन आवश्यक भवनों के निर्माण के साथ ही चिकित्सकीय उपकरणों की उपलब्धता तथा डॉक्टर्स एवं अन्य पैरामेडिकल स्टाफ के पदों की पूर्ति की जा रही है ताकि संभाग के किसी भी जिले के मरीज को इलाज के लिये बाहर न जाना पड़े और सभी प्रकार के रोगों का इलाज रीवा में हो सके। उप मुख्यमंत्री ने कैंसर यूनिट के निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। बैठक में बताया गया कि 20 करोड़ रूपये की लागत से कैंसर यूनिट का कार्य आगामी 6 माह में पूर्ण कर लिया जायेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कैंसर यूनिट की स्थापना के साथ ही कैंसर के इलाज के लिये 200 विस्तर का अस्पताल भी बनाया जायेगा। उन्होंने 35 करोड़ रूपये की लागत से निर्माणाधीन सुपरस्पेशलिटी विस्तार भवन कार्य की जानकारी ली तथा कार्य को गति देने के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री ने डॉक्टर्स के लिये 35 करोड़ रूपये से निर्माणाधीन पीअ8 आवासीय क्वार्टस की प्रगति की समीक्षा के दौरान कार्य में धीमी प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त की तथा निर्माण एजेंसी को निर्देश दिये कि अप्रैल माह के दूसरे सप्ताह में कार्य को पुनः समीक्षा करें तथा अपेक्षित प्रगति न होने पर एजेंसी को ब्लैकलिस्टेड करने की कार्यवाही प्रस्तावित की जाय। उन्होंने निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्यों की सतत मानीटरिंग करें तथा प्रगति से अवगत करायें। उप मुख्यमंत्री ने बैठक के उपरांत निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण भी किया। इस दौरान अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती नीता कोल, डीन मेडिकल कालेज डॉ. सुनील अग्रवाल, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, अधीक्षक संजय गांधी अस्पताल डॉ. राहुल मिश्रा, अधीक्षक सुपरस्पेशलिटी अस्पताल डॉ. अक्षय श्रीवास्तव सहित डॉक्टर्स व निर्माण के अधिकारी व निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री ने जिला अस्पताल में निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय में 100 वेड के विस्तार भवन तथा नवीन ओपीडी निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने 10 करोड़ रूपये की लागत से बनाये जाने वाले विस्तार भवन एवं दोनों भवनों को जोड़ने वाले कारीडोर का निर्माण शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने 8 करोड़ रूपये की लागत से बनाये जा रहे ओपीडी भवन को शीघ्र लोकार्पित कराने के निर्देश निर्माण विभाग को दिये।

# रीवा में घाटों और मंदिरों के पास लगाए गए निर्माल्य कलश

*नगर निगम रीवा की पहल, निर्माल्य कलश पात्र से स्वच्छता और आस्था दोनों की रक्षा*



**रीवा देशबन्धु।** नगर निगम रीवा द्वारा स्वच्छता और धार्मिक स्थलों की पवित्रता बनाए रखने के लिए निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार शहर के विभिन्न नदी घाटों एवं मंदिरों के पास निर्माल्य कलश पात्रों की स्थापना की गई है। इन पात्रों का उद्देश्य पूजन सामग्री, फूल, माला के जैविक कचरे को नदी में फेंकने के बजाय एक उचित स्थान पर एकत्र करना है। निर्माल्य पात्र विशेष रूप से धार्मिक कार्यों के बाद फूल-माला आदि को एकत्र करने के लिए बनाए गए हैं, ताकि लोग पूजन सामग्री को सीधे नदी में न बहाएं, जल प्रदूषण रोका जा सके और इनका शुचिता के साथ सही निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। ये पात्र शहर के प्रमुख घाटों और मंदिरों के पास लगाए गए हैं, जिससे श्रद्धालु आसानी से इनका उपयोग कर सकें। निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने कहा कि श्रद्धालुओं की आस्था को ध्यान में रखते हुए हमारी प्राथमिकता शहर की स्वच्छता और नदी घाटों को प्रदूषण मुक्त बनाना है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे पूजन सामग्री को सीधे जल में न बहाकर निर्माल्य पात्रों में डालें, जिससे पर्यावरण संरक्षण को और मजबूती प्रदान किया जा सके। साथ ही उन्होंने बताया कि इन फूल-मालाओं का उपयोग नगर निगम के स्व-सहायता समूहों के माध्यम से खाद और गुलाल बनाने के लिए भी किया जाएगा, जिससे स्वच्छता के साथ-साथ पुनर्चक्रण को भी बढ़ावा मिलेगा।

**किशन विश्वकर्मा एवं नीरज सोनी को बनाया गया गोवर्धनम फाउंडेशन नगर युवा इकाई का प्रभारी**

**रीवा।** गोवर्धनम फाउंडेशन की बैठक अर्जुन नगर स्थित कार्यालय में आयोजित की गई उक्त बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर व फाउंडेशन के युवा इकाई में युवाओं को जोड़ कर संगठन विस्तार पर जोर दिया गया कार्यक्रम में फाउंडेशन के संरक्षक सदस्य अविराज ने आगामी दिनों में जन हित के मुद्दों को लेकर कार्य करने की बात कही व सदस्यता अभियान की जल्द शुरुआत करने की बात कही इस अवसर पर फाउंडेशन के अध्यक्ष अभिषेक सिंह गहरवार ने गोवर्धनम फाउंडेशन रीवा नगर युवा इकाई का प्रभारी नीरज सोनी व किशन विश्वकर्मा को बना कर जिम्मेदारी दी इस पर किशन विश्वकर्मा एवं नीरज सोनी ने जल्द ही संगठन विस्तार की बात कही।

## सार-समाचार

### दीपिका शुक्ला को मिली डॉक्टरेट की उपाधि



**रीवा देशबन्धु।** रीवा जिले की रहने वाली दीपिका शुक्ला को अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। इनका प्रमुख विषय समाजशास्त्र है जहां इन्होंने 'नगरीय एवं ग्रामीण समाज में वृद्धों की समस्याओं का तुलनात्मक अध्ययन' में अपना शोध कार्य पूर्ण किया। इन्होंने अपना शोध कार्य समाजशास्त्र के सेवा निवृत्त प्राध्यापक एस.एम. मिश्रा, शास संजय गाँधी स्मृति स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सीधी के सानिध्य में पूर्ण किया। डॉ. दीपिका शुक्ला अपनी उपलब्धि का श्रेय अपनी माता मीरा शर्मा, पिता एस एन शर्मा, अपनी बेटी शिवांशी शुक्ला तथा चाचा देवेन्द्र मिश्रा(स्टेनो कलेक्टर)को दिया है।

### मुख्यमंत्री 28 मार्च को सिंगल क्लिक से करेंगे अनुग्रह राशि का वितरण

**रीवा देशबन्धु।** श्रम विभाग के तहत संचालित मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के हितग्राहियों को 28 मार्च को अनुग्रह सहायता राशि का वितरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव राज्य स्तरीय समारोह से सिंगल क्लिक के माध्यम से हितग्राहियों के बैंक खाते में अनुग्रह राशि अंतरित करेंगे। कार्यक्रम दोपहर तीन बजे से एनआईसी केन्द्र रीवा और मऊगंज में आरंभ होगा। इस संबंध में जिला श्रम पदाधिकारी प्रिया अग्रवाल ने बताया कि सिंगल क्लिक के माध्यम से रीवा जिले के 485 हितग्राहियों एवं मऊगंज जिले के 194 हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री जी मऊगंज जिले के दो हितग्राहियों से संवाद भी करेंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का जिला और विकास खण्ड स्तर पर सजीव प्रसारण दिखाया जाएगा।

### उप मुख्यमंत्री ने पार्षद के स्वास्थ्य की जानकारी ली

**रीवा देशबन्धु।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा प्रवास के दौरान नगर पालिक निगम के वार्ड क्रमांक चार के पार्षद दारा सिंह के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि वार्ड पार्षद गतदिनों सड़क दुर्घटना में घायल हो गये थे।

### जीतू पटवारी के स्वागत में उमड़ेगा कार्य कर्ताओं का जनसैलाब: रामकीर्ति शर्मा

**रीवा देशबन्धु।** चिरहुला ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकीर्ति शर्मा ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि जबसे मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की कमान जीतू पटवारी ने संभाली है तब से मध्य प्रदेश कांग्रेस का कार्यकर्ता अपने को उर्जावान महसूस कर रहा है। प्रदेश कांग्रेस द्वारा लगातार धरना प्रदर्शन घेराव का कार्यक्रम किया जा रहा है। उसमें कांग्रेस का कार्यकर्ता और ताकत के साथ भाग लेकर शामिल हो रहा है। विध्यक्षेत्र का दौरा कार्यक्रम में साफ दिख रहा है कि कांग्रेस का कार्यकर्ता उत्साहित और उर्जावान है रीवा में हो रहे कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को 27 मार्च जीतू पटवारी एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी के स्वागत में कांग्रेस कार्यकर्ताओ का उमड़ेगा जन सैलाब जगह-जगह कार्यकर्ताओं नेताओ द्वारा स्वागत किया जायेगा शर्मा ने चिरहुला ब्लाक कांग्रेस रीवा के समस्त पदाधिकारी मण्डलम सेक्टर बी.एल.ए. साथियों को चोरहटा बाईपास के पास पहुच कर स्वागत करने की अपील की।

# श्री झूलेलाल जयंती महोत्सव 28, 29 व 30 मार्च को

**• शुभम नाथानी बैंड का होगा रंगारंग कार्यक्रम**



**रीवा देशबन्धु।** आज स्थानीय सिन्धु भवन में श्री झूलेलाल सेवा मण्डल रीवा द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में जानकारी दी गई कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सिन्धी समाज के ईस्ट भगवान श्री झूलेलाल जी का जयंती महोत्सव (चेटी चाँद)पूरे हर्शोल्लास, उमंग एवं श्रद्धा के साथ पूरे रीवा नगर के सिन्धी समाज के बुजुर्ग, नौजवान, माताऐं, बहनों के साथ मनाया जायेगा।

उक्त महोत्सव की शुरुआत दिनांक 24 मार्च को देवालय स्थित गुरुद्वारे में महंत श्री कमलदास जी द्वारा श्री गुरुग्रंथ साहब का साप्ताहिक पाठ साहब केआरम्भ के साथ हुआ आगामी कार्यक्रम में दिनांक 28 मार्च स्थानीय सिन्धु भवन में सुबह 10 बजे सामूहिक जनेऊ संस्कार का कार्यक्रम होगा, जिसमे इस बार सिन्धी समाज के 40 बच्चों को जनेऊ धारण कराऐं जायेंगे तत्पश्चात् दोपहर को आमभण्डारा होगा। दिनांक 28 मार्च रात्रि 08 बजे से स्थानीय कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में म.प्र. सिन्धी साहित्य अकादमी द्वारा देश के प्रसिद्ध "शुभम नाथानी बैण्ड" का रंगारंग कार्यक्रम होगा जिसमें मशहूर गायक शुभम नाथानी, प्रियांशी कारवानी की गायकी का कार्यक्रम होगा एवं भोपाल के मशहूर कॉमेडियन एवं एक्टर मोहित शेवानी कार्यक्रम का मंच संचालन करेंगे।

दिनांक 29 मार्च सिन्धु भवन में "एक शाम सिन्धीयत के नाम" कार्यक्रम होगा जो कि सिन्धी समाज की माताओं एवं बहनों के लिए होगा उक्त कार्यक्रम में संगीत नाईट, फैन्सी ड्रेस कॉम्पटीशन, सामाजिक नाट्य मंचन, बहराणा थाली कॉम्पटीशन, सिन्धी पोस्टर कॉम्पटीशन के साथ लजीज व्यंजनों से सुसज्जित श्री झूलेलाल आनंद मेला का आयोजन होगा। दिनांक- 30 मार्च को सुबह 09 बजे तोपखाना सिन्धी कॉलोनी से युवाओं एवं बहनों की विशाल स्कूटर रैली निकलेगी जो कि नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए सिन्धू भवन में सम्पन्न होगी। श्री झूलेलाल जयंती (चेटी चाँद) दिनांक- 30 मार्च को सिन्धू भवन में दोपहर 12 बजे से भजन कीर्तन, श्री गुरुग्रंथ साहब पाठ का भोग साहब, आरती, पल्लव के साथ विशाल आम भण्डारा का आयोजन होगा।शोभायात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर समाजजनों द्वारा परसाद वितरण कर षोभायात्रा का भव्य स्वागत किया जाऐगा। आज की पत्रकार वार्ता में प्रहलाद सिंह, लद्धाराम ठारवानी, महेश ठारवानी, अध्यक्ष नरेश काली, कमलेश सचदेव, जयपाल पुरी, विनोद पुरुस्वानी, पप्पू मंजानी, अमित ठारवानी, पप्पन पंजवानी सहित झूलेलाल सेवा मण्डल के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

# स्थानांतरित डीआईजी को दी गई भावभीनी विदाई



**रीवा देशबन्धु।** कमिश्नर कार्यालय में आयोजित समारोह में स्थानांतरित डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में कमिश्नर बीएस जामोद तथा संभागीय अधिकारियों ने पुष्पहार एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर श्री पाण्डेय को सम्मानित किया। इस अवसर पर कमिश्नर ने कहा कि श्री पाण्डेय जी ने 8 माह तक कमिश्नर कार्यालय के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य किया।

विभागीय कार्यों में कठोरता और स्वभाव में सरलता ने आपको सबका चहेता बनाया। रीवा जोन के डीआईजी के रूप में कई बड़ी चुनौतियों का आपने सफलता पूर्वक सामना किया। प्रयागराज महाकुंभ में लगभग डेढ़ महीने तक रात दिन कठोर परिश्रम करके कुंभ तीर्थयात्रियों के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित की। रीवा संभाग में तीर्थयात्रियों के लिए की गई सुविधाओं की मुख्यमंत्री जी ने प्रसंशा की। आपकी सरलता और सहृदयता सदैव याद रहेगी। समारोह में स्थानां तरित डीआईजी श्री पाण्डेय ने कहा कि मेरी शिक्षा इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से हुई है। पढ़ाई के दिनों में मैं कॅरियर और जीवन के प्रति गंभीर नहीं था। लेकिन मध्यप्रदेश में पुलिस विभाग में चयन होने के बाद मेरे स्वभाव और जीवन में बहुत परिवर्तन हुआ। रीवा में मुझे चार पदों पर कार्य करने का अवसर मिला।

# कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम रीवा में लोक कला से गूंज उठा बघेली महोत्सव



**रीवा देशबन्धु।** कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम रीवा में तीन पांच फिल्म्स एवं शिवाय फाउंडेशन के द्वारा बघेली महोत्सव का रंगारंग पांचवा सोपान आयोजित किया गया। जिसमे बघेली के विभिन्न विविध कार्यक्रमों का मंचन एवं प्रस्तुति हुई एवं विभिन्न विधा के व्यक्तियों को बघेली रत्न से सम्मानित किया गया।

बघेली महोत्सव का आयोजन दो सत्र मे आयोजित हुआ। पहले सत्र में प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। बघेली व्यंजन प्रतियोगिता मे शारदा भजन मंडली विजेता, निशा सिंह परिहार उपविजेता रही। साथ ही समूह लोक गायन मे नीलम तिवारी समूह विजेता, शारदा भजन मंडली उप विजेता व बघेली कहानी जिसमें बृजेश सिंह विजेता, सुषमा सिंह उप विजेता रही। इन सभी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किया गया। दूसरे सत्र रात को विंध्य के सुप्रसिद्ध कलाकारों की प्रस्तुति हुई जिसमे ललन शुक्ला, प्राची पाण्डेय, रजनीश, ऋषभ, दीक्षा सतेंद्र के दल ने शानदार समूह लोकगीत प्रस्तुत किए। इसके बाद लगातार रोली त्रिपाठी, महिमा पाण्डेय, चित्रा त्रिपाठी ने एकल गीत से धूम मचाई। इसके अलावा राज तिवारी एवं साथियो ने लिल्ली घोड़ी, सीधी की बाल कलाकार मान्या पाण्डेय,



तीन पांच की हास्य नाटिका विशाल सोंधिया का काली नृत्य रितिका द्विवेदी समूह का आधुनिक बघेली गीतों पर मंचन किया गया। बघेली महोत्सव में विशेष क्षेत्र के पांच विभूतियों का सम्मानित किया जाएगा जिसमें जगजीवन लाल तिवारी कक्का, साहित्य, नरेन्द्र बहादुर सिंह, लोक कला संरक्षण, विनोद मिश्रा संगीत शिक्षा, अभिनंदन कुंदेर सुप्रसिद्ध सुपाड़ी खिलौने डॉ गीता बनर्जी, चिकित्सा क्षेत्र मे बघेली रत्न से सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम की आयोजक रीति सरगम ने कहा की इस तरह के कार्यक्रम से हमें हौशला मिलता है और कला जगत मे कुछ नया करने की प्रेरणा मिलती है। इस कार्यक्रम के संयोजक उमेश लखन ने कहा की हमें अच्छा लगता है की अपने वरिष्ठ कलाकारों के संरक्षण मे नए कलाकारों को अवसर दे पा रहे और लोक कला बघेली मे नवाचार कर पा रहे है।

इस कार्यक्रम मे अतिथि वीरेंद्र गुप्ता भाजपा जिला अध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष विकास तिवारी, नगर निगम अध्यक्ष वेंकटेश पांडे, लोक भजन गायक राजकुमार शास्त्री, नायब तहसीलदार राजीव शुक्ला, टीआई शिवा अग्रवाल, प्राचार्य विभा श्रीवास्तव, लोक गायिका मणीमाला सिंह, डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। बघेली कहानी के जज वरिष्ठ कहानी कार विनोद भट्ट इंदिरा अग्निहोत्री, लोकगीत मे प्रमिला तिवारी डॉ राजकुमार शर्मा, व्यंजन मे केसरकली मिश्रा,अमित कुमार द्विवेदी की निर्णायक भूमिका में रही। इस कार्यक्रम के आयोजन समिति के सदस्य कामता माखन रितिका द्विवेदी, रामानुज तिवारी, अंकित मिश्रा, शुभम मिश्र, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, विनोद भट्ट, ऋषभ, दीक्षा शुक्ला, रोली, दीक्षा सौरभ द्विवेदी शुभम तिवारी सत्येंद्र त्रिपाठी रजनीश दुबे सत्यम तिवारी सहित अन्य कलाकार मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध कवि अमित शुक्ला ने किया।

# जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत विषय पर कार्यशाला




**रीवा देशबन्धु।** शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महा विद्यालय रीवा मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन में "जन जातीय समाज का गौरवशाली अतीत (सामाजिक, ऐतिहासिक, आध्यात्मिक) विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि राजेंद्र ताम्रकार अध्यक्ष, जनभागीदारी समिति, शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय तथा अध्यक्ष संरक्षक प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी प्राचार्य शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा तथा मुख्य वक्ता डॉ. उत्तम द्विवेदी प्राध्यापक शासकीय अभियांत्रिकीय महाविद्यालय रीवा तथा विशिष्ट अतिथि सुरेश मौर्य, जिला युवा कार्य प्रमुख, वनवासी विकास परिषद रहे। कार्यशाला का प्रारंभ विधिवत सरस्वती पूजन व वंदना तथा माननीय अतिथिगणों का पुष्पगुच्छ से स्वागत करके हुआ। इस अवसर पर जन जातीय कला की प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया। प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी अतिथियों का महाविद्या लय परिवार की तरफ से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि हम सबका कर्तव्य है कि जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लें और उनके अधिकारों, परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा करें। जब तक उनकी परंपराएँ जीवित रहेंगी, भारत की मूल आत्मा जीवित रहेगी। कार्यशाला का विषय परिवर्तन करते हुए प्रोफेसर अखिलेश शुक्ल ने कहा कि जनजातीय समाज प्राचीन काल से ही भारतीय सभ्यता का एक अभिन्न अंग रहा है और इसकी जड़ें सामाजिक, ऐतिहासिक और आध्यात्मिक मूल्यों से गहराई से जुड़ी हुई हैं। जनजातियां ऋषियों की संतान हैं। जनजातीय समाज का सामाजिक ढांचा सामूहिकता और समरसता पर आधारित रहा है।

# कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन आज: जिला कांग्रेस कमेटी

**रीवा देशबन्धु।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं मध्यप्रदेश संगठन प्रभारी हरीश चौधरी, सह प्रभारी रणविजय सिंह, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया 27 मार्च 2025, दिन गुरूवार को झिरिया स्थित वृन्दावन मैरिज गार्डेन में जिला कांग्रेस कमेटी रीवा द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में समय सुबह 11:00 बजे रीवा आ रहें हैं। वे जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में रीवा संसदीय क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से मुलाकात व संगठन की गतिविधियों की समीक्षा करेगें। जिला कांग्रेस कमेटी रीवा के अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा एवं जिला कांग्रेस कमेटी मऊगंज के अध्यक्ष पदमेश गौतम ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर रीवा संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी के पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, प्रदेश प्रतिनिधि से 11:00 बजे से आयोजित बैठक में आवश्यक रूप से पहुंचने की अपील की हैं। अध्यक्ष द्वय ने सभी पदाधिकारियों से आग्रह किया है कि मध्यप्रदेश के संगठन प्रभारी का रीवा में पहली बार आगमन हो रहा है। अत: उनके विचारों को सुनने व कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए अनिवार्य रूप से कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मेलन व संगठन की समीक्षा बैठक मे उपस्थित होने का कष्ट करें।

ROHA HOUSING FINANCE
GROW WITH YOUR OWN HOME

**रोहा हाउसिंग फायनेंस प्रायवेट लिमिटेड**
**कॉर्पोरेट ऑफिस :** युनिट नं. 1117 एवं 1118, 11वीं मंजिल, वर्ल्ड ट्रेड टॉवर, सेक्टर 16, नोएडा, उत्तर प्रदेश - 201 301.

**आधिपत्य सूचना** (प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियम 8(1) के अतंर्गत)

**रोहा हाउसिंग फायनेंस प्रायवेट लिमिटेड** ("RHFPL" के रूप मे संदर्भित) पंजीकृत कार्यालय : जजेटी हाउस, ए44/45, रोड़ नं.2, एमआईडीसी, अंधेरी इस्ट, मुम्बई -400093 के निम्न हस्ताक्षरकर्ता प्राधिकृत अधिकारी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का 54) की धारा 13 (12) सपठित नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रवर्तन करके कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ऋणी(यों)(नीचे वर्णित नाम एवं पता) से उक्त वर्णित अधिनियम की धारा 13(2) के अन्तर्गत सूचना प्राप्ति दिनांक से 60 दिन के अंदर निम्न वर्णित ऋण राशि अदा करने की मांग की गई थी। चूंकि नीचे दर्शाए गए ऋणी(यों) ने अदायगी में त्रुटि की है अत: नीचे दर्शाए गए ऋणी(यों) तथा सर्वसाधारण जनता को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्न अधोहस्ताक्षरकर्ता ने नीचे वर्णित सम्पत्तियों का **भौतिक आधिपत्य** प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 की धारा 13 की उपधारा (4) के सपठित उपरोक्त नियमों के नियम 8 के अंतर्गत प्राप्त कर लिया है। नीचे दर्शाए गए ऋणी(यों) को विशेषत: तथा समस्त जनता को साधारणत: सतर्क किया जाता है कि उक्त सम्पत्तियों के संबंध में कोई संव्यवहार न करें और यदि कोई संव्यवहार किया गया तो वह रोहा हाउसिंग फायनेंस प्रायवेट लिमिटेड के ऋणी(यों) के समक्ष वर्णित राशि एवं ब्याज के चार्ज (प्रभार) के अधीन होगा। धरोहर संपत्ति के एवज में संपत्ति को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय सीमा पर कानून की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों पर ऋणकर्ताएं ध्यान देवे।

| ऋणीयों / सह-ऋणीयों के नाम/ ऋण खाता सं./शाखा | संपत्ति का विवरण | मांग पत्र की दिनांक एवं बकाया राशि | आधिपत्य की दिनांक |
|---|---|---|---|
| लेन: HLREWAPPSC000005013110 / शाखा: रीवा<br>1. श्री लव कुश दीक्षित (ऋणी) पता 1: ग्राम - नधौदिया, परिहार टेंट हाउस के सामने, तहसील गोपाल बनास जिला सीधी - 486111 (म.प्र.) पता 2: एसजीएस कॉलेज के पास, सीधी (म.प्र.)<br>2. श्रीमती गायत्री दीक्षित (सह-ऋणी) पता: एमक्यू-290, गोपाल बनास, सेक्टर 2, वार्ड नंबर 14, सीधी (म.प्र.)<br>3. श्री वासमुनी दीक्षित<br>पता: ग्राम देवगढ़पोस्ट करौदिया, सीधी (म.प्र.) | अचल संपत्ति का समस्त भाग एवं अंश खसरा नंबर 323/1/1, वार्ड नंबर 20, पटवारी हल्का दैनिहा, तहसील गोपाल बनास, जिला सीधी - 486111 मध्य प्रदेश | 16-12-2024 एवं ₹ 4,67,257/- | 24-03-2025 |

स्थान : मध्यप्रदेश
दिनांक : 27-03-2025
प्राधिकृत अधिकारी
तर्फे - रोहा हाउसिंग फायनेंस प्रायवेट लिमिटेड

देशबन्धु

सतना, गुरुवार 27 मार्च 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## नीतीश कुमार का नारी विरोधी चेहरा

समाजवादी परिवार का हिस्सा रहने के कारण बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की छवि समतावादी और सुशासन की रही है लेकिन इन दिनों जो उनका व्यवहार और नीतियां सामने आ रही हैं, वे इस बात को उजागर करने के लिये काफ़ी हैं कि भीतर से वे नारी विरोधी हैं और रुढ़िगत पितृसत्तात्मक समाज की मानसिकता से खुद को बहुत अलग नहीं कर पाये हैं। कुछ ही महीनों में उनके राज्य में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं, उसमें उनकी जनता दल यूनाइटेड पर जिस प्रकार भारतीय जनता पार्टी हावी हो रही है और आगामी सरकार बनाने के लिये जैसी महत्वाकांक्षाएं न सिर्फ पाले बैठी है वरन उसका खुलकर इज़हार भी कर रही है, वह भी नीतीश बाबू की परेशानी का एक कारण हो सकता है। इतना ही नहीं, उनके मानसिक स्वास्थ्य को लेकर भी कई तरह की चर्चाएं जारी हैं। यदि उनके बारे में बन रही इस आशय की धारणाएं सही हैं कि उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है, तो यह भी देखा जाना चाहिये कि क्या उनका स्त्री विरोध इस मानसिकता का परिणाम तो नहीं है?

हाल ही में वे प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के लिये विधान परिषद में जिस भाषावली का उपयोग कर रहे हैं वह उनके पद की गरिमा के प्रतिकूल और प्रजातंत्र के खिलाफ है। इन बयानों ने यह भी साबित किया है कि नीतीश कुमार का चेहरा चाहे प्रगतिशील नेता का हो लेकिन भीतरी तौर पर वे उस व्यापक भारतीय समाज का हिस्सा हैं जो अमूमन महिलाओं के प्रति वास्तविक सम्मान नहीं रखता। नीतीश कुमार अपने नारी विरोधी नज़रिये का कई बार परिचय दे चुके हैं। याद हो कि जब कुछ समय के लिये जेडीयू तथा राष्ट्रीय जनता दल की सरकार में वे मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने प्रजनन प्रक्रिया को लेकर बेहद आपत्तिजनक बयान दिया था। हालांकि उन्हें अपनी गलती का एहसास हो गया था। उन्होंने इसके लिये खेद जताते हुए खुद की ही भर्त्सना की थी। भरे सदन में उनके इस बयान पर विपक्ष, खासकर भाजपा की महिला विधायकों ने काफी विरोध किया था, जो हर तरह से वाजिब था। तब और अब में दो साल से ज्यादा का समय गुजर चुका है। कहते हैं कि तभी से नीतीश कुमार का व्यवहार असंतुलित सा हुआ दिखता है। हाल ही में एक कार्यक्रम में जब राष्ट्रगान हो रहा था, तो वे अपने बाजू में खड़े मुख्य सचिव से बात करने लगे और उनके टोकने पर भी सीधे खड़े न होकर सामने खड़ी जनता का अभिवादन करते नज़र आये। उनका यह वीडियो देश भर में वायरल हुआ है जिसे देखकर लोगों का कहना था कि उनके खिलाफ राष्ट्रीय प्रतीकों के अपमान का मामला दर्ज होना चाहिये।

विधान मंडल के जारी बजट सत्र में उनकी राबड़ी देवी से कई बार बहस हुई है। यह कोई नयी बात नहीं लेकिन जिस भाषा का इस्तेमाल उन्होंने किया, वह आश्चर्यजनक है। जिन शब्दों का प्रयोग उन्होंने किया वह असंसदीय तो हैं ही, अमर्यादित भी। पिछले दिनों नीतीश ने राबड़ी देवी पर कटाक्ष करते हुए कहा था- 'इनके पति को इस पद से हटाया गया, इसलिए ही वह मुख्यमंत्री बन पाई थीं।' उल्लेखनीय है कि जब राबड़ी देवी के पति लालू प्रसाद यादव को भ्रष्टाचार के मामले पर मुख्यमंत्री पद से हटना पड़ा था तो राबड़ी देवी ने वह पद सम्हाला था। फिलहाल वे विधान परिषद की सदस्य हैं। मंगलवार को सदन की कार्यवाही के दौरान आरक्षण पर गर्मागर्म बहस हो रही थी। राबड़ी देवी जब कुछ कहने के लिये उठीं, तो नीतीश कुमार ने उन्हें डपटते हुए कहा- 'अरे बैठो अपनी कुर्सी पर! पार्टी तोहरे हसबैंड का है, तोहरा कुछ नहीं। बैठा तू!' राबड़ी देवी ने विरोध जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में वह अपने 8 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों पर बोल सकती हैं, तो नीतीश ने मगही भाषा में बेहद अशिष्ट भाषा का प्रयोग करते हुए कहा, 'छोड़ा ना, तोहरा कुछ मालूम है?' मुख्यमंत्री ने आगे उन्हें अपमानित करते हुए कहा कि 'पार्टी इसके हसबैंड का है, इ बेचारी तो ऐसे ही आ गई है।'

नीतीश कुमार की इस तरह की अशालीन भाषा का कारण उन पर पड़ रहा दबाव भी बतलाया जाता है। वे शायद इस खौफ़ में जी रहे हैं कि अगले विधानसभा चुनाव में उनका हश्र वैसा ही न हो जाये जैसा कि महाराष्ट्र के एकनाथ शिंदे का हुआ है। पहले समर्थन देकर भाजपा ने उन्हें मुख्यमंत्री बनाया लेकिन उनके बल पर चुनाव जीतकर भाजपा के देवेन्द्र फडणवीस मुख्यमंत्री बन गये। वैसे भी भाजपा की प्रदेश इकाई तो कह ही चुकी है कि 'पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को तभी सच्ची श्रद्धांजलि होगी जब बिहार में भाजपा की अपनी सरकार बनेगी।' इसलिये हाल ही में नीतीश कुमार राज्य भर का अकेले दौरा कर रहे हैं जबकि जेडीयू नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस का हिस्सा है। वे यह तैयारी कर रहे हैं कि भाजपा द्वारा धोखा मिलने पर वे अकेले चुनाव लड़ें। यह टास्क अपने आप में किसी को डराने या परेशान करने के लिये काफ़ी होना चाहिये। इसके अलावा अनेक मामले हैं जिन्हें लेकर नीतीश घिरते जा रहे हैं। पहला तो है विशेष राज्य का दर्जा न मिलना जिसके आकर्षण में वे राजद के साथ गठबन्धन तोड़कर एनडीए में वापस चले गये थे। फिर, उनके कोर वोट बैंक दलितों, ओबीसी व मुसलमानों को भाजपा से दुश्वारियां मिलने के बावजूद उन्हें भाजपा के साथ जुड़े रहकर साथियों की नाराजगी व अपमान झेलना पड़ रहा है।

लेकिन सियासत की इन तमाम बातों से ऊपर उठकर सवाल यह है कि नीतीश कुमार या उनके जैसे कई और नेता किसी स्त्री के राजनीति में आगे बढ़ने पर सहज क्यों नहीं रह पाते हैं। राबड़ी देवी खुद से राजनीति में आईं या अपने पति के कहने पर आईं, यह किसी और की चिंता का विषय नहीं है। राबड़ी देवी के कार्यकाल की आलोचना नीतीश कुमार कर सकते हैं, लेकिन उनके राजनीति में होने पर कुछ कहना हर लिहाज से गलत है। नीतीश कुमार जब राबड़ी देवी पर कुछ न जानने का कटाक्ष कर रहे थे, तो वे एक तरह से साथ-साथ राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री को भी अपमानित कर रहे थे।

# एक बार ईदगाह पढ़िए मोदीजी

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

रमज़ान के पूरे तीस रोज़ों के बाद ईद आई है। कितना मनोहर, कितना सुहावना प्रभात है। वृक्षों पर अजीब हरियाली है, खेतों में कुछ अजीब रौनक़ है, आसमान पर कुछ अजीब लालिमा है। आज का सूर्य देखो, कितना प्यारा, कितना शीतल है, यानी संसार को ईद की बधाई दे रहा है। गांव में कितनी हलचल है। ईदगाह जाने की तैयारियां हो रही हैं।

हममें से बहुतों ने इन पंक्तियों को अपने बचपन में पढ़ा होगा। बताने की आवश्यकता शायद नहीं है, क्योंकि इन पंक्तियों में ईद की रौनक और ईदगाह जाने की तैयारी का वर्णन जिस तरह से किया गया है, पाठक समझ ही गए होंगे कि ये कथासम्राट प्रेमचंद की लेखनी का कमाल है। एक-एक शब्द पूरी जीवंतता के साथ आंखों के सामने उभर जाता है। ईद के मुबारक मौके पर गांव के बाकी बच्चों के साथ ईदगाह जाने की तैयारी में जुटे हामिद की मनोदशा का बड़ा मार्मिक वर्णन प्रेमचंद ने किया है। हामिद गरीब और अनाथ है, उसके जीवन में उसकी बूढ़ी दादी अमीना के सिवाए कोई नहीं है, जो बमुश्किल हामिद को महज तीन पैसों के साथ मेले भेजती है और आखिर में हामिद मेले में झूलों, मिठाइयों, खिलौनों को देखते हुए अपनी सारी इच्छाओं को मारकर दादी के लिए चिमटा खरीद लेता है, ताकि रोटी बनाते हुए उसके हाथ न जलें।

इस कहानी में बाल मनोविज्ञान को तो प्रेमचंद ने बेहद खूबसूरती से उकेरा ही है, तत्कालीन समाज का भी कमाल चित्रण किया है। प्रेमचंद लिखते हैं...

सहसा ईदगाह नज़र आया। ऊपर इमली के घने वृक्षों की छाया है। नीचे पक्का फ़र्श है, जिस पर जाज़िम बिछा हुआ है। और रोज़ेदारों की पंक्तियां एक के पीछे एक न जाने कहां तक चली गई हैं, पक्के जगत के नीचे तक, जहां जाज़िम भी नहीं है। नए आने वाले आकर पीछे की क़तार में खड़े हो जाते हैं। आगे जगह नहीं है। यहां कोई धन और पद नहीं देखता। इस्लाम की निगाह में सब बराबर हैं। इन ग्रामीणों ने भी वज़ू किया और पिछली पंक्ति में खड़े हो गए। कितना सुंदर संचालन है, कितनी सुंदर व्यवस्था! लाखों सिर एक साथ सिजदे में झुक जाते हैं, फिर सबके सब एक साथ खड़े हो जाते हैं, एक साथ झुकते हैं, और एक साथ घुटनों के बल बैठ जाते हैं। कई बार यही क्रिया होती है, जैसे बिजली की लाखों बत्तियां एक साथ प्रदीप्त हों और एक साथ बुझ जाएं, और यही क्रम चलता रहे। कितना अपूर्व दृश्य था, जिसकी सामूहिक क्रियाएं, विस्तार और अनंतता हृदय को श्रद्धा, गर्व और आत्मानंद से भर देती थीं, मानों भ्रातृत्व का एक सूत्र इन समस्त आत्माओं को एक लड़ी में पिरोए हुए है।

ईदगाह कहानी को जितनी बार भी पढ़ें, हर बार चमत्कृत सी खुशी मिलती है कि एक कथानक को कितना सुंदर विस्तार प्रेमचंद ने दिया है। आज ईदगाह कहानी की याद आने के दो प्रमुख कारण हैं। एक तो जल्द ही रमज़ान का महीना खत्म होने वाला है और फिर ईद आने वाली है। दूसरा सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी ने पहली बार ईद से पहले सौगात ए मोदी नाम से एक अभियान शुरु किया है। जिसके तहत पार्टी देश भर में 32 लाख मुसलमानों को 'ईदी' बांटेगी। इस सौगात में जरूरतमंद मुसलमानों को एक किट दी जा रही है। जिसमें सेवइयां, सूखे मेवे, खजूर, महिलाओं के लिए सलवार सूट और पुरुषों के लिए कुर्ता पजामा का कपड़ा है। ईदी बांटने के लिए 32 हजार मस्जिदें देश भर में चिन्हित की गईं हैं जहां भाजपा के कार्यकर्ताओं को ये सौगात बांटने की जिम्मेदारी दी गई है। बताया जा रहा है कि अगले महीने गुड फ्राइडे और ईस्टर पर भी ईसाई समुदाय को ऐसे ही तोहफे बांटने की तैयारी चल रही है।

> **ईदगाह कहानी को जितनी बार भी पढ़ें, हर बार चमत्कृत सी खुशी मिलती है कि एक कथानक को कितना सुंदर विस्तार प्रेमचंद ने दिया है। आज ईदगाह कहानी की याद आने के दो प्रमुख कारण हैं। एक तो जल्द ही रमज़ान का महीना खत्म होने वाला है और फिर ईद आने वाली है। दूसरा सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी ने पहली बार ईद से पहले सौगात ए मोदी नाम से एक अभियान शुरु किया है। जिसके तहत पार्टी देश भर में 32 लाख मुसलमानों को 'ईदी' बांटेगी।**

पहले तो इस अभियान के नाम की ही तारीफ कर लें, सौगात ए मोदी, यानी खालिस उर्दू ज़बान का इस्तेमाल इसके लिए किया गया है। पिछले दिनों जिस तरह उप्र विधानसभा में उर्दू को लेकर अप्रिय और अनावश्यक बहस भाजपा ने छेड़ी थी, क्या इसे उसका भूल सुधार माना जाए। खैर, इस अभियान से इस बात की भी खुशी है कि श्री मोदी ईद पर औपचारिक बधाई के शब्द लिखने से आगे बढ़ कर ईदी बांटने की बात कर रहे हैं। वर्ना वो दिन भी लोगों को याद है जब गुजरात दंगों के बाद नरेन्द्र मोदी ने सद्भावना उपवास तो किया, लेकिन सद्भावना दर्शाने के लिए मुस्लिम धर्मगुरुओं की तरफ से पेश की गई टोपी को पहनने से इंकार कर दिया था। अभी श्री मोदी न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री के साथ गुरुद्वारे गए थे और वहां उन्होंने पगड़ी पहनी थी, तो उनके प्रशंसकों ने गर्व से टोपी न पहनने का वीडियो जारी करते हुए लिखा था कि 20 प्रतिशत वोट खोने का डर उन्हें नहीं है, जबकि सिखों की पगड़ी पहनने में श्री मोदी को कोई ऐतराज नहीं है।

अच्छा है कि जो मन में है उसे खुलकर जाहिर कर दिया जाए। श्री मोदी तो वैसे भी मन की बात करने के उस्ताद हो चुके हैं। लेकिन अब भी उनके मन की बात का पूरी तरह से खुलासा नहीं हुआ है कि यूं अचानक ईद पर सौगात देने का ख्याल कैसे आ गया।

वैसे तो भाजपा का तर्क है कि श्री मोदी हमेशा से अल्पसंख्यकों के हितैषी रहे हैं और उनका लक्ष्य सबका साथ, सबका विकास का है। विपक्ष ने सौगात ए मोदी पर जो सवाल उठाए हैं, उस पर भाजपा नाराजगी जता रही है। लेकिन सवाल उठने तो वाजिब हैं कि जो काम केंद्र की सत्ता में 11 साल रहते हुए नहीं किया और उससे पहले लगभग इतने ही साल गुजरात की सत्ता में रहकर नहीं किया, उसे करने का ख्याल एकदम से कैसे आ गया। क्या फरवरी में कतर से पधारे अमीर शेख़ तमीम बिन हमाद अल-थानी से दो दिनों की मुलाकात में नरेन्द्र मोदी का हृदय परिवर्तन हुआ। या इस समय जिस तरह वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम पर मुसलमानों ने मोर्चा खोल लिया है, उससे भाजपा चौकन्नी हो गई है और किसी बड़ी विपदा के आने से पहले बचाव की तैयारी में जुट गई है। अभी 17 मार्च को जंतर-मंतर पर मुस्लिम संगठनों के आह्वान पर जोरदार प्रदर्शन देश भर से आए मुसलमानों ने किया था। इसमें मुस्लिम संगठनों ने नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू से भी साथ देने का आग्रह किया था। बुधवार को बिहार विधानसभा के बाहर फिर से इसी तरह का प्रदर्शन हुआ। इस बीच नीतीश कुमार, चंद्रबाबू नायडू और चिराग पासवान की दावत-ए-इफ्तार का बहिष्कार भी जमीयत उलेमा ए हिंद समेत कई संगठनों ने किया। बिहार चुनाव से पहले इस तरह के बहिष्कार से एनडीए के लिए फिर से जीत दर्ज करना कठिन हो सकता है और इसका असर केंद्र की सत्ता पर भी पड़ सकता है।

तो क्या चुनावी गणित पर विचार करके सौगात ए मोदी जैसे अभियान का ख्याल श्री मोदी और भाजपा को आया है। वैसे चंद सूखे मेवों और कपड़ों की ईदी से एकाध दिन की खुशी मिल सकती है, मगर मुस्लिमों का असली हित तो तभी होगा, जब उन्हें दोयम दर्जे के नागरिकों की तरह न देखा जाए, न उनके साथ भेदभाव भरा व्यवहार हो। उनके नमाज़ पढ़ने पर उसी तरह ऐतराज न जताया जाए, जैसे किसी भी पेड़ के नीचे चबूतरे पर मंदिर बनाकर कीर्तन करने पर न किया जाता है। अभी नवरात्रि आने से पहले ही काशी, दिल्ली समेत कई जगहों पर मांस की दुकानें बंद करने की मांग उठ गई है, जबकि ईद भी आ रही है। बेशक इसमें सेवइंया मुख्य तौर पर बनाई जाएगी, लेकिन बाकी सामिष और निरामिष पकवान भी बनेंगे ही, फिर इस तरह के फरमान क्यों जारी किए जा रहे हैं। अभी होली पर ही अल्पसंख्यकों को जबरन डराने वाले बयान सत्ता और प्रशासन में बैठे लोगों की तरफ से आए थे। पिछले 11 सालों के ऐसे न जाने कितने उदाहरण हैं, जिनमें अल्पसंख्यकों, खासकर मुस्लिमों को केवल धर्म के कारण ही निशाने पर लिया गया।

तो प्रधानमंत्री जी से आग्रह है कि चुनाव के पहले ईदी देने से बेहतर है कि आप देश में फिर से वैसा ही माहौल बनाने के लिए काम करें, जैसे माहौल का वर्णन प्रेमचंद ने ईदगाह में किया है। एक बार ईदगाह पढ़िए मोदीजी, जहां अमीर-गरीब का भेद नहीं है और ईद की खुशियां कैसे मनाई जा रही हैं, इसका चित्रण एक लेखक खुलकर कर पा रहा है। सौगात तो ऐसी दीजिए कि फिर से लेखक ऐसे ही सुंदर समाज का मनोहारी खाका खींच सकें। आमीन।

## ट्रम्प की 2 अप्रैल की डेडलाइन के करीब आने से भारतीय दवा उद्योग तनाव में

■ टी एन अशोक

भारत भी चीन की तर्ज पर भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क के विरुद्ध जवाबी टैरिफ लगा सकता है, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपने दोस्ताना संबंधों के बावजूद सार्वजनिक रूप से घोषणा की है कि अमेरिकी उत्पादों पर भारतीय टैरिफ सबसे अधिक हैं, इसलिए क्यों नहीं भारतीय उत्पादों पर टैरिफ बढ़ाये जायें।

भारत चीन नहीं है और चीन भारत नहीं है, हमें यह स्पष्ट रूप से समझना चाहिए। सबसे पहले, चीन एक साम्यवादी देश है, जिसका देश की नीतियों पर पूर्ण नियंत्रण है और उसे किसी भी तरह का विरोध नहीं करना पड़ता, जबकि भारत एक लोकतंत्र है, जहां सत्ता में बैठे राजनीतिक नेता लोगों और विपक्षी दलों के प्रति जवाबदेह हैं, जो सार्वजनिक हितों का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह आशंका है कि भारत के शीर्ष उद्योगपति गौतम अडानी और मुकेश अंबानी, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार का लाभार्थी बताया जाता है, जिनका विनिर्माण से लेकर बुनियादी ढांचे और सूचना प्रौद्योगिकी तक के उद्योग में व्यापक प्रभाव है, अमेरिकी टैरिफ से बुरी तरह प्रभावित होंगे, हालांकि भारत के शीर्ष बैंक एसबीआई का दावा है कि भारतीय उद्योग पर अमेरिकी टैरिफ का प्रभाव सीमित होगा।

> **भारत चीन नहीं है और चीन भारत नहीं है, हमें यह स्पष्ट रूप से समझना चाहिए। सबसे पहले, चीन एक साम्यवादी देश है, जिसका देश की नीतियों पर पूर्ण नियंत्रण है और उसे किसी भी तरह का विरोध नहीं करना पड़ता, जबकि भारत एक लोकतंत्र है, जहां सत्ता में बैठे राजनीतिक नेता लोगों और विपक्षी दलों के प्रति जवाबदेह हैं, जो सार्वजनिक हितों का प्रतिनिधित्व करते हैं।**

एसबीआई रिसर्च का कहना है कि यूएस टैरिफ भारतीय निर्यात में केवल 3-3.5प्रतिशत की कटौती कर सकते हैं। भारत के विविध निर्यात यूएस टैरिफ प्रभाव को कम करेंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत यूएस पारस्परिक टैरिफ के प्रभाव को अवशोषित करने के लिए अच्छी स्थिति में है। रिपोर्ट के अनुसार विनिर्माण और सेवाओं में भारत के बढ़ते निर्यात पारस्परिक टैरिफ के प्रभाव को नकार देंगे।

जो भी हो, यदि ट्रम्प भारतीय दवाओं पर टैरिफ लगाते हैं, तो लाखों अमेरिकियों को दवाओं की लागत में उछाल देखने को मिल सकता है। अगले महीने भारत पर डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ के साथ, लाखों अमेरिकियों को अधिक चिकित्सा बिलों का सामना करना पड़ सकता है। अमेरिका में ली जाने वाली लगभग आधी जेनेरिक दवाएं अकेले भारत से आती हैं। जेनेरिक दवाएं - जो ब्रांड-नाम वाली दवाओं के सस्ते संस्करण हैं - भारत जैसे देशों से आयातित हैं, जो अमेरिका में 10 में से नौ नुस्खों में उपयोग किए जाते हैं। इससे वाशिंगटन को स्वास्थ्य सेवा लागत में अरबों की बचत होती है। कंसल्टिंग फर्म इक्विआ के एक अध्ययन के अनुसार, अकेले वर्ष 2022 में, भारतीय जेनेरिक दवाओं से अमेरिका की बचत 219 बिलियन (.169 बिलियन) तक पहुंच गयी।

विशेषज्ञों का कहना है कि व्यापार समझौते के बिना, ट्रम्प के टैरिफ कुछ भारतीय जेनेरिक दवाओं को अव्यवहारिक बना सकते हैं, जिससे कंपनियों को बाजार के एक हिस्से से बाहर निकलने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है और मौजूदा दवा की कमी और बढ़ सकती है। येल विश्वविद्यालय की दवा लागत विशेषज्ञ डॉ. मेलिसाबारबर का कहना है कि टैरिफ 'मांग-आपूर्ति असंतुलन को और खराब कर सकते हैं' और बीमा रहित और गरीब लोग दुष्प्रभावित होंगे। इसका असर कई तरह की स्वास्थ्य स्थितियों से पीड़ित लोगों पर पड़ सकता है। भारतीय फार्मास्युटिकल एलायंस (आईपीए) द्वारा वित्तपोषित इक्विआ अध्ययन के अनुसार, अमेरिका में उच्च रक्तचाप और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों के लिए 60प्रतिशत से अधिक नुस्खे भारतीय निर्मित दवाओं से भरे जाते हैं।

चीनी आयात पर अपने टैरिफ के कारण ट्रम्प पहले से ही अमेरिकी अस्पतालों और जेनेरिक दवा निर्माताओं के दबाव का सामना कर रहे हैं। अमेरिका में बेची जाने वाली 87 प्रतिशत दवाओं के लिए कच्चा माल देश के बाहर स्थित है और मुख्य रूप से चीन में केंद्रित है, जो वैश्विक आपूर्ति का लगभग 40प्रतिशत पूरा करता है।

ट्रम्प के सत्ता में आने के बाद से चीनी आयात पर टैरिफ में 20प्रतिशत की वृद्धि हुई है तथा दवाओं के लिए कच्चे माल की लागत पहले ही बढ़ गयी है। ट्रम्प चाहते हैं कि कंपनियां उनके टैरिफ से बचने के लिए विनिर्माण को अमेरिका में स्थानांतरित करें।

फिजर और एलीलिली जैसी बड़ी फार्मा दिग्गज कंपनियां, जो ब्रांड नाम और पेटेंट वाली दवाएं बेचती हैं, ने कहा है कि वे कुछ विनिर्माण को वहां स्थानांतरित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। लेकिन कम मूल्य वाली दवाओं के लिए अर्थशास्त्र सही नहीं है। भारत की सबसे बड़ी दवा निर्माता कंपनी सन फार्मा के अध्यक्ष दिलीप संघवी ने पिछले सप्ताह एक उद्योग सभा में कहा कि उनकी कंपनी अमेरिका में प्रति बोतल .1 से 5 के बीच की दर से गोलियां बेचती है और टैरिफ 'हमारे विनिर्माण को अमेरिका में स्थानांतरित करने का औचित्य नहीं देते'।

इंडिया फार्मास्यूटिकल एसोसिएशन (आईपीए) के सुदर्शन जैन कहते हैं, 'भारत में विनिर्माण अमेरिका की तुलना में कम से कम तीन से चार गुना सस्ता है।' कोई भी त्वरित स्थानांतरण असंभव होगा। लॉबी समूह पीएचआरएमए के अनुसार, एक नई विनिर्माण सुविधा बनाने में 2 बिलियन तक की लागत आ सकती है और इसे चालू होने में पांच से 10 साल लग सकते हैं।

भारत में स्थानीय फार्मा कंपनियों के लिए, टैरिफ झटका बहुत बड़ा हो सकता है। व्यापार अनुसंधान एजेंसी जीटीआरआई के अनुसार, फार्मास्यूटिकल क्षेत्र भारत का सबसे बड़ा औद्योगिक निर्यात है।

भारत सालाना लगभग .12.7 बिलियन मूल्य की दवाओं का निर्यात करता है, जिस पर लगभग कोई कर नहीं देना पड़ता है। हालांकि, भारत में आने वाली अमेरिकी दवाओं पर 10.91प्रतिशत शुल्क लगता है। इससे 10.9प्रतिशत का 'व्यापार अंतर' रह जाता है। जीटीआरआई के अनुसार, अमेरिका द्वारा कोई भी पारस्परिक टैरिफ जेनेरिक दवाओं और विशेष दवाओं दोनों की लागत बढ़ायेगा। यह फार्मास्यूटिकल्स को उन क्षेत्रों में से एक के रूप में चिह्नित करता है जो अमेरिकी बाजार में मूल्य वृद्धि के लिए सबसे अधिक असुरक्षित हैं।

भारतीय कंपनियां जो बड़े पैमाने पर जेनेरिक दवाएं बेचती हैं, वे पहले से ही कम मार्जिन पर काम करती हैं और वे भारी कर व्यय वहन नहीं कर पायेंगी। वे प्रतिस्पर्धी साथियों की तुलना में बहुत कम कीमतों पर दवा बेचते हैं, और दुनिया के सबसे बड़े फार्मा बाजार में हृदय, मानसिक स्वास्थ्य, त्वचाविज्ञान और महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी दवाओं में लगातार प्रभुत्व हासिल कर चुके हैं।

भारतीय उत्पाद कम प्रतिस्पर्धी हो जायेंगे, जिससे बाजार में गिरावट आएगी। निर्यात राजस्व में कमी और नौकरी का नुकसान, खास तौर पर श्रम-प्रधान उद्योगों में। रसायन, धातु, आभूषण, ऑटोमोबाइल और ऑटो पार्ट्स, कपड़ा, फार्मास्यूटिकल्स और खाद्य उत्पादों सहित महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर सबसे ज्यादा असर पड़ने की उम्मीद है।

यदि अमेरिका अमेरिकी दवा आयात पर भारत के 10प्रतिशत टैरिफ से मेल खाता है, तो यह भारतीय निर्माताओं के मौजूदा लागत लाभ को समाप्त कर सकता है। यह कोई छोटी चिंता नहीं है, यह देखते हुए कि अमेरिका को दवा निर्यात भारत के कुल निर्यात का लगभग 31प्रतिशत है। यह अमेरिकी फार्मेसियों में बेची जाने वाली जेनेरिक दवाओं के निर्माता के रूप में भारत के महत्व को दर्शाता है। यदि ट्रम्प के टैरिफ उपभोक्ता कीमतों को बढ़ाते हैं, तो क्या अमेरिकी कंपनियां घरेलू स्तर पर जेनेरिक दवाओं का उत्पादन शुरू कर देंगी, जिससे भारत के सबसे आकर्षक निर्यात उत्पाद को नुकसान पहुंच सकता है?

मोदी सरकार ने इस धारणा को कम करने में तेज़ी दिखाई है कि वह अमेरिकी दबाव के आगे झुक गई है। लेकिन ट्रंप की टिप्पणी से भारतीय नीति निर्माताओं में गहन आत्ममंथन की शुरुआत हो सकती है। भारत ने अपने घरेलू उद्योगों, खास तौर पर कृषि, ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स की रक्षा के लिए लंबे समय से टैरिफ का इस्तेमाल किया है। टैरिफ कम करने से ये उद्योग भयंकर आयात प्रतिस्पर्धा के सामने आ सकते हैं, जिससे स्थानीय व्यापार और नौकरियों को खतरा हो सकता है।



## ललित सुरजन की कलम से

### क्या तिलिस्म टूट रहा है?

*'विश्व के स्वघोषित सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी की ऐसी छवि जनमानस में हाल के बरसों में बस गई थी मानो वह कार्टून कथा के जादूगर मैंड्रेक के जनाडू (xanadu) जैसा तीन लोक से न्यारा, कल्पना में न समाने वाला ऐसा कोई अजूबा हो जो दूर से देखने पर चमत्कृत करे, और पास चले गए तो उसकी भूल-भूलैया में भटक कर रह गए। वह एक ऐसे अभेद्य किले के रूप में सामने था जिस पर कितने भी तीर बरसें, कितनी भी तोपें चलें, कोई असर होने वाला नहीं है। वह एक ऐसा भव्य राजमहल था जो राहगीरों को बरबस अपनी ओर खींच लेता था। इस नए जनाडू के जादूगर मैंड्रेक के कारनामे भी ऐसे कि जो सुने दांतों तले उंगली दबा ले। उसे भारत की जनता ने इक्कीसवीं सदी का सिकंदर माना। ऐसा सिकंदर जो विश्व विजय पर निकला है और जिसके हाथ की लकीरों में सिर्फ जीत ही दर्ज है। लेकिन इस बीच ऐसा कुछ तो हुआ है कि यह छवि अब दरकती सी प्रतीत होने लगी है!'*

**(देशबंधु में 27 सितम्बर 2018 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2018/09/

## पावन प्रसंग

### महानता का पथ

हर व्यक्ति महान है: यदि वह अपने अंदर की महानता को जाग्रत कर सके। हम सभी के अंतस की भूमि उर्वर होती है। महानता के बीज भी यहीं 'पड़े' होते हैं। जिन्होंने इसे अंकुरित कर लिया, वे महानता की श्रेणी में आ खड़े हुए। साधारण-से-असाधारण बनने की कहानी के बीच यही छोटा-सा फासला है। महापुरुषों के निर्माण की प्रक्रिया भी यही है।

एक छोटी उम्र का लड़का था। वह गरीब था। जीविका के लिए लकड़ियां बेचा करता था। एक दिन सिर पर लकड़ी का गट्ठर उठाए उस लड़के पर एक सेठ जी की नजर पड़ी। वे उसके गट्ठर की ओर देख रहे थे। उनसे रहा न गया। लड़के से पूछा- 'किसने बांधा है ये गट्ठर' 'जी मैंने !' लड़के ने कहा।

सेठ जी चौंक गए, पूछा- 'क्या तुम दोबारा इसे उसी तरह बांध सकते हो?' 'हां, हां क्यों नहीं।' कहकर उसने दोबारा उसी तरतीब और ना खूबसूरती से गट्ठर बांध दिया। सेठ जी उस लड़के की प्रतिभा, लगन और सरलता के कायल हो गए। उसे अपने साथ ले गए और उसकी समुचित शिक्षा का प्रबंध किया। बड़ा होकर यही बच्चा यूनान का महान दार्शनिक पाइथागोरस बना।

महानता बस, एक प्रतीक है। जो खबर में हों, जिन्हें सब जानते हों, वे महान हों जरूरी नहीं। वास्तव में महानता की झलक उस बच्चे में है, जो खुद अनुशासित है और अपने बड़ों से भी यही अपेक्षा रखता है। महान वह नौकरानी भी है, जो माता-पिता की अनुपस्थिति में बच्चे मां का दुलार देती है, उसकी परवरिश का जिम्मा लेती है।

सड़क पर चलता वह युवक भी महानता की श्रेणी में आ खड़ा होता है, जो अपने समय और पैसे की परवाह न करते हुए किसी जरूरतमंद की मदद के लिए आगे आता है। ऐसे उदाहरणों की कमी नहीं, जो हमें हर व्यक्ति में महानता के दर्शन कराते हों। जो महानता के ऐसे ही लक्षणों को ताउम्र बनाए रखते हैं, वही एक दिन महानता का शिखर भी छू लेते हैं। दार्शनिक कन्फ्यूशियस के मुताबिक, महान वे भी हैं, जो साधारण हैं। महानता हमारी सोच में है, हमारे अंदर बसती है। जिन्होंने सामान्य पृष्ठभूमि से निकलकर बड़ा मुकाम हासिल किया है, ऐसे व्यक्तियों की प्रशंसा करते हम नहीं थकते, पर सहसा यह निष्कर्ष भी निकाल लेते हैं कि वे असाधारण हैं, इसलिए इन लोगों तक पहुंचना सबके बूते की बात नहीं। ऐसे लोगों को किस्मत का धनी भी कह दिया जाता है। दूसरों को अलग बताने या किस्मत का धनी बताने की यह प्रवृत्ति हमें हमारे प्रयासों पर यकीन नहीं करने देती। यदि आप किस्मत आजमाते हुए थक जाएं तो खुद को आजमाना शुरू करें।

महापुरुषों का जीवन अलग नहीं होता। उनके जीवन की परिस्थितियां भी वही होती हैं, जो एक सामान्य मनुष्य की होती हैं, बल्कि कई बार अपेक्षाकृत ज्यादा विकट भी। और-तो-और, जो भी प्रशंसा के काबिल बने, उन्होंने यह सोचकर कभी कोई काम नहीं किया होगा कि उन्हें महान बनना है।

**-अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

### शब्द और लेखनीं के अद्भुत परिणाम

शब्दों की महिमा को अपरंपार और अक्षर को नश्वर बताया गया है। वैसे तो लेखनी की तीव्रता तलवार से ज्यादा नुकीली और भाले से ज्यादा चुभने वाली होती है। तलवार की धार से मनुष्य एक बार बच भी सकता है पर लेखनी से लिखे गए शब्द व्यक्ति को मृत्यु सा मूर्छित कर देते है। इसीलिए चिंतकों ने कहा है बोलने से पहले और लिखने से पहले कई बार सोचें और बोलने के बाद सोचने वाला व्यक्ति समाज में मूर्खों की श्रेणी में गिना जाता है। राजनीति और कूटनीति में सारी जद्दोजहद शब्दावली और भाषणों की होती है। कूटनीति में एक शब्द के कई अर्थ निकाले जाते हैं और उससे अपना हित अहित साधा जाता है।

मुंह से बोले गए शब्द और वाक्य बहुत सकारात्मक भी हो सकते हैं और बड़े ही भयंकर नकारात्मक भी हो सकते हैं। एक ही शब्द कहीं पर बड़े से बड़ा दंगा करवा सकते हैं और कहीं पर बोले गए प्यार के शब्द बड़े-बड़े विवादों में सुलह करा सकते हैं। शब्द की परिणति उसकी मुक्ति ही करती है। बड़े-बड़े राजनेता अभिनेता अपने मुंह से बोले गए शब्दों से लोकप्रियता के चरम पर पहुंच जाते हैं और कहीं किसी नेता के मुंह से निकला हुआ शब्दरूपी बाण समाज में जहर भर देता है। शब्दों के जादूगर बड़ी-बड़ी आम सभाओं में सोच समझकर इस्तेमाल कर अपना सार्थक प्रभाव छोड़ते सत्ता परिवर्तन भी शब्दों के माया जाल से रहित होता है। अंग्रेजी साहित्य में अरनेस्ट हेमिंग्वे को शब्दों का जादूगर माना जाता था। उनके शब्दों का प्रभाव सीधे पाठकों के दिल तक पहुंच जाता था इसी तरह हिंदी में तुलसीदास विश्वव्यापी कवि है उनकी वाणी में सत्य और अमृत है। आधुनिक हिंदी साहित्य में अज्ञेय जी को इसी श्रेणी में रखा जा सकता है। उनकी शब्दावली कठिन होते हुए भी पढ़ने वालों के मर्म तक पहुंच जाती है। महान कथाकार मुंशी प्रेमचंदजी हिंदी और देवनागरी लिपि को आत्मसात कर उपन्यास तथा कहानी लिख कर अमरत्व को प्राप्त किया है। देवकीनंदन खत्री जी ने भी उपन्यासों- चंद्रकांता संतति, भूतनाथ पढ़ने के लिए हिंदी को सीखा और मनन किया और लोकप्रिय उपन्यास की उत्पत्ति की, कबीर अपने फक्कड़पन की भाषा के कारण उत्तर भारत के सभी दिलों में समाए हुए हैं। नि:संदेह शब्द जीवंतता प्रदान करते हैं और जीवनशैली को बेहतर बनाने की ओर अग्रसर करते हैं और द्रौपदी द्वारा कहे गए शब्द महाभारत की उत्पत्ति का कारण बनते हैं। इसलिए सदैव कहा जाता है कि संभलकर बोलने से सद्गति प्राप्त होती है। इसीलिए तो संभल कर सही और उपयुक्त शब्दों का इस्तेमाल करना चाहिए। जो सदैव अच्छा वक्ता होता है अपने विचारों को संभल कर बोलता है भले ही वह दिलों को ना छुए पर उसका जनमानस को जीतना तय होता है और संसार पर वही राज करता है जो अपने शब्दों का सही इस्तेमाल करता है।

**-संजीव ठाकुर**

## सार-समाचार

### नेत्र शिविर 28 को

**सतना, देशबन्धु।** अग्रवाल समाज सतना द्वारा श्री सद्गुरु सेवा संघ चित्रकूट जानकीकुंड के संयुक्त तत्वाधान में 28 मार्च शुक्रवार को नि:शुल्क नेत्र शिविर अमृत वाटिका सतना आयोजित किया गया है। प्रतिमाह आयोजित होने वाला नेत्र शिविर प्रात: 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक समाजसेवी घनश्याम दास गोयल के संयोजक एवं मार्गदर्शन में होगा। नेत्र शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आंखों की जांच कर नजर के चश्मे के नंबर का निर्धारण किया जाएगा एवं दवाइयां प्रदान की जाएगी। आयोजक मंडल के पुरुषोत्तम अग्रवाल ने बताया कि यह नेत्र शिविर पिछले 18 वर्षों से प्रतिमाह जारी है। शिविर में जो मरीज मोतियाबिंद से पीड़ित होंगे उन्हें नि:शुल्क ऑपरेशन एवं लैंस प्रत्यारोपण के लिए भर्ती कर श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट पहुंचाया जाएगा । जहां उन्हें भर्ती के दौरान भोजन, बिस्तर एवं दवाइयों की सुविधा भी प्राप्त होगी. इलाज के उपरांत मरीजों को आयोजन स्थल सतना में पहुंचाया जाएगा। बताया गया है कि जनवरी माह में मोतियाबिंद के ऑपरेशन हुए मरीजों का पुन: नेत्र परिक्षण कर नजर के चश्मे नि:शुल्क प्रदान किए जाएंगे। कैंप को-ऑर्डिनेटर पंडित भीषम शुक्ला ने बताया कि नि:शुल्क ऑपरेशन के लिए मरीजों को आधार कार्ड की फोटो कॉपी साथ रखना अनिवार्य है।



### आधार निगरानी समिति की बैठक



**सतना, देशबन्धु।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक में आधार अपग्रेडेशन की स्थिति की समीक्षा की गई। वीसी के माध्यम से भोपाल से जुडे अधिकारियों ने बताया कि आधार कार्ड बनाने नये जिलों को 2-2 आधार मशीनें राज्य शिक्षा केन्द्र के माध्यम से दी गई हैं। वहीं बैकों के पास 26 मोबाइल यूनिट भी उपलब्ध है। जिले में कैम्प आयोजित कर आधार मशीनों के उपयोग का मोबेलाइजेशन कराया जा सकता है। कलेक्टर रानी बाटड ने कहा कि मशीनों के अपडेशन की ट्रेनिंग संबंधितों को अतिशीघ्र आयोजित की जाये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम विकास सिंह, डॉ. आरती सिंह, सीईओ जनपद, सीएमओ नगर पालिका एवं जिला और तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### बाजीगर के हत्यारोपी पति-पत्नी को उम्रकैद

**चित्रकूट, देशबन्धु।** कुल्हाड़ी से काटकर बाजीगर की हत्या करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने हत्यारोपी पति-पत्नी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों को 10-10 हजार रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। सहायक अभियोजन अधिकारी एसके यादव ने बताया कि 29 अगस्त 2015 को तीरमऊ गांव के निवासी ननका रैदास पुत्र पतीवा ने राजापुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। ननका ने बताया था कि उसका बेटा नानभइया रैदास कार्यक्रमों में बाजीगर का काम करता था। 28 अगस्त 2015 की रात वह गांव में होने वाले बरहौं संस्कार में बीन बजाने गया था। कार्यक्रम से लौटने के बाद उसकी कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस मामले में मिर्जा हकीमपुर गांव के रामहित यादव और उसकी पत्नी तुलसा देवी को गिरफ्तार किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद मंगलवार को एससी/एसटी एक्ट कोर्ट के स्पेशल जज राममणि पाठक ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी पति-पत्नी रामहित व तुलसा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई।

# हादसे का इंतजार कर रहा मंटोलवा का स्कूल भवन

## जिम्मेदारों की अनदेखी

## लगातार गिर रहा सीलिंग से प्लास्टर, नजर आ रही सरिया



**मैहर, देशबन्धु।** चाहे सतना की बात करें या फिर मैहर जिले की। इन दोनों जगहों पर संचालित शासकीय विद्यालयों की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। इन दोनों जिलों में कई विद्यालय ऐसे हैं जो पूरी तरह से जर्जर हो चुके हैं इसके बाद भी इन जर्जर विद्यालयों में छात्र बैठने को मजबूर हैं। हैरान करने वाली बात तो यह है कि कुछ दिनों पहले ही मैहर जिले में संचालित जर्जर स्कूल भवन के प्लास्टर गिरने से शिक्षिका सहित छात्र घायल हो चुके हैं इसके बाद भी प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

### प्रशासन कर रहा अनसुना

कांग्रेस नेता प्रभात द्विवेदी दद्दा का कहना है कि विपक्ष द्वारा लगातार जर्जर हालत में खड़े स्कूल भवन के खिलाफ आवाज उठाई जा रही है। उनके द्वारा उठाई जा रही अवाज को प्रशासन द्वारा लगातार अनसूना किया जा रहा है। जिस स्थिति में मंटोलवा का प्राथमिक स्कूल है ऐसे में किसी भी दिन अनहोनी हो सकती है।

प्रशासन का इस तरह से मौन रहना यह दर्शाता है कि उसे बड़े हादसे का इंतजार है।

### ठेकेदार बनवाये नया भवन



सामजिक मुद्दों की हर दम आवाज बनने वाले प्रभात द्विवेदी दद्दा का कहना है कि नया शिक्षण सत्र शुरू होने के पहले ठेकेदार नया स्कूल भवन बना के दे। इतना ही नहीं प्रशासन को लापरवाह ठेकेदार के ऊपर कार्रवाई करनी चाहिए। तभी स्कूल लगेगी। पूर्व से ही जर्जर विद्यालय में स्कूल में अध्ययनरत बच्चों सहित पदस्थ स्टॉफ के साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो इसका जवाबदार कौन होगा।

### अध्ययनरत हैं 50 छात्र

बताया गया है कि मैहर जिले के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक शाला मंटोलवा में तकरीबन 50 छात्र अध्ययनरत हैं। बताया गया है कि यह भवन इतना जर्जर हो गया है कि सीलिंग से प्लास्टर कब गिर जाए कुछ कहा नहीं जा सकता। इसके बाद भी इस तरह के जर्जर भवन को चिंन्हित कर कर के प्रशासन द्वारा न तो इनका मरम्मतीकरण का कार्य कराया जा रहा है और न ही इन जर्जर भवन को जमींदोज किया जा रहा। जिसके चलते पहले से ही हादसे की संभावना शून्य हो जाए।

### कुछ दिनों पहले हो चुका है हादसा

ज्ञात हो कि मैहर जिले के अंतर्गत आने वाले ग्राम करइया बिजुरिया सीलिंग की प्लास्टर गिरने से अध्यापन कार्य में लगी शिक्षिका बुरी तरह से घायल हो गई थी साथ ही छात्रों को भी चोटें आई थी। ग्रामीणों का कहना है कि इस घटना के बाद भी प्रशासन सीख लेने को तैयार नहीं है।

### ब्लास्टिंग से जर्जर हुआ भवन

ग्रामीणों के बुलावे पर कांग्रेस नेता प्रभात द्विवेदी दद्दा बुधवार को मंटोलवा स्कूल पहुंचे। बताया कि सीलिंग में प्लास्टर बची ही नहीं। सीलिंग की सरिया नजर आ रही है। यह स्थिति कोई एक कमरे की नहीं बल्कि पूरे स्कूल भवन की है। जो वर्तमान में पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। उन्होने बताया कि लगाता होने वाली ब्लास्टिंग के चलते स्कूल की यह दुर्दशा हुई है। अगर प्रशासन ब्लास्टिंग की वजह नहीं मानता तो जब इसका निर्माण कार्य कराया गया होगा तभी इसमें घटिया स्तर की सामग्री का उपयोग किया गया। तभी तो यह विद्यालय कम समय में जर्जर हो गया है।

## अधिकारियों को आरटीआई का दिया गया प्रशिक्षण

**सतना, देशबन्धु।** आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासनिक एवं प्रबंधन अकादमी भोपाल के निर्देशानुसार बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मैहर जिले के अधिकारियों को सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 का दो दिवसीय प्रशिक्षण के क्रम में प्रथम चरण का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिला कलेक्टर रानी बाटड के निर्देशन में मैहर जिले के सभी विभागों के लोक सूचना अधिकारी, प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों को अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण में डिप्टी कलेक्टर अशिमा पटेल, गणेश पाण्डेय, प्रतिपाल बागरी, सहायक प्राध्यापक विवेकानंद कालेज हेमंत कुमार ने विभिन्न सत्रों में सूचना के अधिकार अधिनियम की जानकारी का प्रशिक्षण दिया। दो दिवसीय प्रशिक्षण का अगला चरण 2 अप्रैल को होगा। प्रशिक्षण में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सीईओ जनपद, सीएमओ नगर पंचायत, नगर पालिका एवं समस्त जिला अधिकारियों को सूचना का अधिकार अधिनियम 2005, सूचना का अधिकार और लोक प्राधिकारियों की बाध्यतायें, केन्द्रीय सूचना आयोग, राज्य सूचना आयोग की शक्तियां, कृत्य, अपील एवं शास्तियां तथा विषय से प्रकीर्ण बिंदुओं पर गहन प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर विकास सिंह, डॉ. आरती सिंह, टीपी सिंह, विष्णु त्रिपाठी, डॉ. एलके तिवारी, ओपी अस्थाना, एमएल प्रजापति, सुषमा मिश्रा, जीतेन्द्र पटेल, रामदेव साकेत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

नगर पंचायत नागौद के वार्ड एक का मामला

## प्लॉट, निर्माण वैध फिर भी निर्माण में रोक!

**नागौद, देशबन्धु।** हर व्यक्ति की चाहत होती है कि गांव के साथ-साथ नगर में उसका घर हो। इसी मानसिकता के चलते हरदुआ मोहल्ला निवासी रामदरस कुशवाहा पिता दद्दू कुशवाहा ने एक भूमि खंड क्रय कर के निर्माण के पहले जो शर्तें होती है उसी गाइड लाइन का पालन करते हुए निर्माण कार्य शुरू किया कि उसके निर्माण कार्य पर स्टे ले लिया गया। निर्माण कार्य पर रोक लग जाने के चलते अब भूमि स्वामी पूरी तरह से परेशान है।

- **निर्माण कार्य में स्टे लगा होने के चलते भूमि स्वामी परेशान**

उसका कहना है कि वार्ड क्रमांक एक में खसरा नंबर 4/2/2/3 रकवा 0.0007 हेक्टेयर यानी की 15 बाई 55 का भूखंड है। जिसे वैद्य तरीके से खरीदा गया और कार्यालय तहसीलदार, नगर परिषद, विद्युत विभाग आदि से अनापति प्रमाण पत्र लेकर सारे टैक्स आदि जमा करवाकर निर्माण कार्य चालू करवाया गया था। इसके बाद भी निर्माण कार्य में रोक क्यों लगा दी गई है।

### राजनैतिक दबाव

रामदरस कुशवाहा का कहना है कि मरे पड़ोसी राजनैतिक कद का प्रयोग करते हुए गलत जानकारी को प्रस्तुत कर पुष्पेंद्र कुमार तिवारी पिता रामकिशोर तिवारी द्वारा नागौद अनुविभागीय अधिकारी के माध्यम से स्थगन आदेश 24 दिसम्बर 2024 को प्राप्त कर लिया गया। जिसकी वजह से मैं निर्माण कार्य नहीं कर पा रहा हूं।

### जांच कराकर हटाई जाए रोक

रामदरस कुशवाहा ने गुहार लगाई है कि सही ढंग से जांच कर जो स्थन दिया गया है उसे वापस लिया जाए जिसके चलते मै अपना मकान बना सकूं।

## सड़क के लिए अनशन पर बैठे ग्रामीण



**उचेहरा, देशबन्धु।** ज़िले में कई ऐसे गांव हैं, जहां के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं, लगातार प्रशासन सहित जनप्रतिनिधियों से सड़क पानी बिजली चिकित्सा शिक्षा की मांग करते रहते हैं। लेकिन आश्वासन के सिवा उनको कुछ मिलता नहीं है। ऐसे ही सड़क की समस्या से परेशान होकर उचेहरा तहसील के समीप अकहा गांव के ग्रामीणों ने एसडीएम सुधीर बैक को आवेदन सौंप महात्मा गांधी व बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के छायाचित्र में माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर हनुमान मंदिर के सामने अनिश्चित कालीन अनशन पर बैठ गए हैं। दरअसल ग्रामीणों ने बताया कि अकहा गांव में में तालाब टोला से बादी बाबा तालाब तक मार्ग कई साल से जीर्ण क्षीर्ण हालत में है।

- **अकहा में बदहाल सड़क का मामला**

सड़क खराब होने की वजह से बरसात के मौसम में इस गांव तक आवागमन पूरी तरह से बाधित हो जाता है। ऐसे में किसी मरीज़ को अगर अस्पताल ले जाना हो तो लोगों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है।

### आश्वासन को बीते 8 वर्ष

ग्रामीणों ने बताया कि मार्ग बनवाने की आवाज बुलंद करते हुए करीब 8 माह पहले भी वह पंचायत भवन के सामने अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे थ। उस दौरान मुख्य कायज़्पालन अधिकारी प्रभा टेकाम, विधायक प्रतिनिधि भाग़वेंद्र सिंह, पीडब्लूडी विभाग के मनोज श्रीवास्तव एवं उचेहरा एसडीएम सुधीर बैक पहुंचकर 3 माह में सड़क बनवाने का आश्वासन दिया था। जिस पर अनशन तो समाप्त कर दिया गया था पर 8 माह गुजरने के उपरांत भी कार्य नहीं हुआ तो अब आक्रोशित ग्रामीणों ने बाबादीन लोधी की अंगुआई में अकहा गांव के हनुमान मंदिर के सामने अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठ गए है। सुबह से अनशन में। बैठे ग्रामीणों की अभी तक किसी अधिकारी ने सुध नहीं ली है।

## प्रिज्म जॉनसन का होली मिलन समारोह




**सतना, देशबन्धु।** प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा सतना के होटल यू एस ए इन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सतना के सभी डीलरों को उनके परिवारों के साथ आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें प्रिज्म सीमेंट के रीजनल सेल्स हेड रियाज अहमद, जोनल टेक्निकल हेड अक्षुण्ण राज, जोनल अकाउंट हेड विनीत श्रीवास्तव, ब्रांच मैनेजर सदाब्रज सिंह, ब्रांच तकनीकी मैनेजर लोकेश गुप्ता, रीजनल कोच अनिल पटेल, सेल्स प्रमोटर भव्य छाछरिया, प्रिज्म सीमेंट सतना मार्केटिंग के सभी अधिकारी एवं सभी डीलर बंधु सपरिवार उपस्थित रहे। एजीएम जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि अध्यक्षीय संबोधन में रीजनल सेल्स हेड रियाज अहमद ने प्रिज्म जॉनसन और कंपनी की नीतियों के बारे में जानकारी दी, और सभी डीलरों को संबोधित करते हुए उनके निरंतर समर्थन और मेहनत के लिए धन्यवाद दिया।

सम्मान और मनोरंजन कार्यक्रम के दौरान, पिछले वर्ष की कड़ी मेहनत के लिए डीलरों का सम्मान किया गया। साथ ही, संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिससे सभी उपस्थित लोग आनंदित हुए और अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के अंत में ब्रांच मैनेजर सदाब्रज सिंह ने आए हुऐ सभी सपरिवार डीलर भाई बंधुओ का धन्यवाद ज्ञापित किया ।

## विज्ञान प्रदर्शनी से बढ़ती है बच्चों की सोच

**चित्रकूट, देशबन्धु।** डायट चित्रकूट में प्रशिक्षुओं में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में डीएलएड प्रशिक्षुओं ने अपने.अपने मॉडल्स प्रदर्शित करते हुए अपनी प्रतिभा को साबित कर सभी को प्रभावित किया। प्रदर्शनी कार्यक्रम का प्रारम्भ प्राचार्य डायट डॉ. आदर्श कुमार त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विज्ञान प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए प्राचार्य डॉ. आदर्श कुमार त्रिपाठी ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी का महत्व बच्चों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देता है, उन्हें प्रयोगों और परियोजनाओं के माध्यम से वैज्ञानिक अवधारणाओं को समझने का अवसर प्रदान करता है। और उनमें समस्या.समाधान कौशल विकसित करता है। कार्यक्रम में डीएलएड बैच 2023 और 24 के प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी प्रतिभा और वैज्ञानिक सोच को प्रदर्शित कर सभी की प्रशंसा हासिल की।

**ये रहे मॉडल-** इस प्रदर्शनी में प्रशिक्षुओं ने, डीएनए मॉडलए हृदय की संरचना, फेफडों की संरचना, अम्ल वर्षा, ऊर्जा संरक्षण, खाद्य श्रृंखलाए जैव विविधता, वाटर लेवल इंडीकेटर, वर्ण विक्षेपण, पदार्थ की अवस्थाएं, प्रकाश संश्लेषण, पौधे के विभिन्न भाग सहित अन्य मॉडल प्रस्तुत किये।



## एनएसएस के स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान

**चित्रकूट, देशबन्धु।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के तत्वाधान में आयोजित सात दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के परियोजना कार्य के अंतर्गत सीर गांव के शासकीय प्राथमिक शाला में स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर गांव में जागरूकता रैली के माध्यम से स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता के जन जागरण किया गया। बच्चों के साथ चौपाल कार्यक्रम किया गया। छोटे-छोटे छात्रों के माध्यम से नुक्कड़ नाटक हुआ। इस अवसर पर प्रधानाचार्या शीतला विश्वकर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के इस कार्यक्रम के कारण विद्यार्थियों में बदलाव देखने को मिलेंगे। उन्होंने ग्रामीणों से जल बचाने का आग्रह किया। कार्यक्रमअधिकारी डॉ. उमेश कुमार शुक्ल ने बताया कि शिविर अवधि में सीर ग्राम को केंद्र बनाकर जल प्रदूषण से बचाव तथा स्वच्छता के कार्यों को विशेष रूप से महत्व दिया जा रहा है। बौद्धिक सत्र में इंजी अश्वनी दुग्गल ने कहा कि स्वयं में सुधार लाकर आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए। कुछ ऐसे कार्य किए जाएं, जिससे समाज का मानस परिर्वन हो सके। डॉ. नीलम सिंह परिहार ने विश्वास व्यक्त किया कि शिविर से विद्यार्थियों में परिवर्तन होगा। विद्यार्थियों की तत्परता परिलक्षित हो रही हैं।

- **ग्रामीणों को स्वच्छता के लिए किया जागरूक**

## ई-उपार्जन पोर्टल पर तुअर फसल का पंजीयन 20 अप्रैल तक

**सतना, देशबन्धु।** भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत खरीफ वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024-25) के लिए 25 मार्च से 20 अप्रैल 2025 तक तुअर फसल के पंजीयन किये जाने के निर्देश जारी किये गये हैं। इसके लिए म.प्र. शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण भोपाल के निर्देशानुसार ई-उपार्जन पोर्टल पर तुअर फ़सल का पंजीयन किया जायेगा। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास मनोज कश्यप ने कहा कि तुअर फ़सल की पंजीयन की व्यवस्था, पंजीयन केन्द्रों के निर्धारण, पंजीयन केन्द्रों का भौतिक एवं मानव संसाधनों की व्यवस्था, कृषकों के पंजीयन एवं सत्यापन की प्रक्रिया, प्रचार-प्रसार एवं प्रशिक्षण तथा वित्तीय व्यवस्था, उल्लेखित खाद्य, नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता, संरक्षण विभाग के अनुसार किया जायेगा। पंजीकृत कृषकों एवं रकबे का सत्यापन 28 मार्च से 25 अप्रैल 2025 तक सुनिश्चित किया जायेगा। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास मनोज कश्यप ने सभी विकासखण्ड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सोयाबीन उपार्जन के लिए ई-उपार्जन पोर्टल पर कृषक पंजीयन के लिए कृषकों के मध्य व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए क्षेत्रीय अमले को निर्देशित करें।

# कलेक्टर पहुंचे चंद्राश्रय वृद्धाश्रम

- **हैंडपंप लगवाने दिये निर्देश**

**सतना, देशबन्धु।** कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने बुधवार को चंद्राश्रय वृद्धाश्रम नीमी और सोनौरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धजनों से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम पूंछी तथा वृद्धाश्रम में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली।



कलेक्टर ने सोनौरा के नव निर्मित वृद्धाश्रम के 8 कमरों में दरवाजा तथा कुछ स्थानों पर पंखा नहीं होने पर कार्यपालन यंत्री पीआईयू को दरवाजा और पंखा लगाने के निर्देश दिये। यहां वृद्धजनों द्वारा बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण बिजली की समस्या बनी रहती है। जिससे पेयजल की उपलब्धता में परेशानी होती है इसलिए वृद्धाश्रम परिसर में एक हैण्डपम्प लगवाया जाये।

कलेक्टर ने ईईपीएचई को हैण्डपम्प लगाने के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर उप संचालक सामाजिक न्याय सौरभ सिंह सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## साहू समाज ने मनाई माता कर्मा बाई की जयंती

**चित्रकूट, देशबन्धु।** उत्तर प्रदेश तैलिक साहू महासभा कार्यालय पहाड़ी में माता कर्मा बाई की जयंती मनाई गई। इस दौरान साहू समाज के लोगों ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में साहू समाज के मण्डल अध्यक्ष शिवकुमार साहू ने कहा कि माता कर्मा का जन्म विक्रमसंवत 1073 के चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी को झांसी के रहने वाले रामशाह तेल व्यापारी के यहां हुआ था।

साहू समाज के जिलाध्यक्ष मनीष कुमार साहू ने कहा कि माता कर्मा बाई भगवान कृष्ण की अनन्य भक्त थी। उन्होंने समाज की कुरीतियों को मिटाने के लिए लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालक रामनारायण साहू ने किया। साथ ही समाज सेवा क्षेत्र में भी अपना योगदान दिया। इस मौके पर पहाडी ब्लाक अध्यक्ष अनिल साहू, जानकी साहू, रामनरेश साहू, प्रदीप कुमार साहू, वंशीलाल साहू, सन्तोष साहू आदि मौजूद रहे।

## लोनिवि से स्वीकृत अनुरूप कार्य कराने की मांग



**नागौद, देशबन्धु।** नागौद विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत जनपद पंचायत धनेह के इटमा कला से मढउ गाव के मध्य पीडब्लूडी विभाग से मार्ग स्वीकृत हुआ था। लेकिन यह मार्ग अभी तक नहीं बना हला की तत्कालीन सरपंच रहे रमेश कोल उर्फ केनिया कोल के कार्यकाल में मढउ गाव से इटमा तक पुलियों का निर्माण हुआ था। लेकिन यह मार्ग अभी तक नहीं बन सका है।

- **इटमा से मढउ के बीच बनवाई जाए सड़क**

### अतिक्रमणकारियों ने किया कब्जा

इटमा से मढउ गाव के मध्य 60 फूड़ चौड़ा मार्ग था, लेकिन अब अतिक्रमणकारी मार्ग में अतिक्रमण कर चुके है। जहां अब सिंदूर सड़क के माध्यम से पंचायत के द्वारा मार्ग बनवाया जा रहा है। जिसे लेकर चूना भी पंचायत के द्वारा डाला गया है। जानकारी लगते ही ग्रामीणो ने मांग की है कि पूर्व में निमिज़्त पुलियो के आधार पर ही मार्ग बनवाया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि इटमा कला से मढउ तक सभी का अतिक्रमण हटवाते हुए पीडब्लूडी विभाग से ही व्यवस्थित तरीके से यह मार्ग बनवाने की आवाज उठाई गई है।

### इनका कहना है

इस संबंध में हमे जानकारी नहीं है पीडब्लूडी विभाग से कुछ ऐसा प्रस्ताव है तो पूरी जानकारी मिलने के उपरांत निर्णय लिया जाएगा।

**प्रभा टेकाम, सीईओ, उचेहरा**

# पूज्य स्थल के पास शव दफनाने से ग्रामीण नाराज, की सड़क जाम

**शहडोल, देशबन्धु।** आदिवासियों के पूज्य स्थल के पास एक व्यक्ति का शव दफना दिए जाने के बाद यहां आदिवासियों ने जमकर बवाल किया। ग्रामीणों ने शहडोल से पंडरिया जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर अंतरा कंकाली मंदिर तिराहे पर जाम लगा दिया जिससे घंटों यतागत बाधित रहा।



यातायात बाधित होने की जानकारी मिलने पर भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और उन्होंने धरना दे रहे ग्रामीणों को समझा कर सड़क खाली कराई।धरना प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम सोहागपुर के पंचायत जुगवारी के खसरा नंबर 245 स्थित भूमि आदिवासी समाज के पूज्य स्थल गौथान की है। लेकिन यहां की भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर कब्रिस्तान बना दिया है।

ग्रामीणों के अनुसार अभी हाल ही में गांव के मोहम्मद हुसैन का शव इसी भूमि में दफन किया गया है। इस घटना के बाद आदिवासी ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। जिसे लेकर वे भूमि को कब्जे से मुक्त कराने की मांग कर रहे हैं।

उनका कहना है कि गौथान के पास स्थित यह भूमि उनके पूजा स्थल से जुड़ी हुई है, और इस पर कब्जा कर कब्रिस्तान बनाना उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाता है। हंगामा कर आदिवासी ग्रामीणों ने अंतरा कंकाली मार्ग पर जाम लगा दिया। जिससे पडरिया नेशनल हाईवे मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा।

कोतवाली प्रभारी राघवेंद्र तिवारी ने बताया कि गौथान स्थल के पास एक कब्रिस्तान बना कर एक शव को दफन कर दिया है। जिसका ग्रामीण विरोध कर रहे। उन्होंने कहा कि उनकी समस्या का प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर निराकरण किया जा रहा है।

# महुआ के फूलों से भर गए जंगल

## अच्छी फसल से ग्रामीणों में उत्साह, तेजी से हो रहा महुआ बीनने का काम

**उमरिया, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के आदिवासी बहुल उमरिया जिले में इस वर्ष महुआ की फसल ने किसानों और ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी ला दी है। गेहूं कटाई से पहले ही महुआ के फूलों से जंगल भर गए हैं, जिससे ग्रामीण सुबह होते ही बिनाई के कार्य में जुट जाते हैं। महुआ न केवल आर्थिक रूप से सहारा देता है बल्कि इसे कई प्रकार से उपयोग में लाया जाता है, जिससे इसकी मांग बाजार में बनी रहती है। इस साल महुआ की अच्छी पैदावार होने से ग्रामीणों को उम्मीद है कि बाजार में उचित दाम मिलने से उनकी आय में वृद्धि होगी।

उमरिया की भौगोलिक संरचना को देखते हुए यहां का 60 प्रतिशत क्षेत्र जंगलों से आच्छादित है। इन जंगलों में महुआ के पेड़ प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। महुआ के फूलों का उपयोग खाद्य पदार्थों के अलावा औषधीय उत्पादों और पारंपरिक शराब बनाने में भी किया जाता है। यह ग्रामीणों के लिए एक महत्वपूर्ण वनोपज है, जिससे उन्हें हर वर्ष अच्छा लाभ मिलता है। यही कारण है कि इस मौसम में ग्रामीण गेहूं कटाई के पूर्व बचे हुए समय का सदुपयोग महुआ बीनने में कर रहे हैं।

ग्रामीण परिवारों में महुआ बीनने की प्रक्रिया एक विशेष परंपरा का रूप ले चुकी है। लोग आधी रात से ही जंगलों की ओर निकल पड़ते हैं, ताकि सुबह होते ही बिनाई का काम शुरू कर सकें। रात में पहले महुआ की तकवारी की जाती है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि कहां अधिक मात्रा में महुआ गिरा हुआ है। फिर सुबह होते ही परिवार के सभी सदस्य मिलकर महुआ बीनते हैं और घर लाकर इसे धूप में सुखाते हैं। सुखाने की प्रक्रिया के बाद इसे स्थानीय व्यापारियों या मंडियों में बेचा जाता है। ग्रामीणों को महुआ के अच्छे दाम मिलने की उम्मीद है। महुआ बीनने का कार्य उन परिवारों के लिए भी राहत लेकर आता है, जिनके पास खेती के सीमित साधन हैं।

यह आय का एक वैकल्पिक स्रोत बन जाता है। इस वर्ष महुआ की अच्छी फसल होने से लोग बाजार में इसकी बिक्री के लिए उत्साहित हैं। महुआ संग्रहण से जुड़ी गतिविधियों से कई अन्य आर्थिक अवसर भी बनते हैं। स्थानीय स्तर पर व्यापारी इसे बड़े पैमाने पर खरीदते हैं और प्रोसेसिंग के लिए विभिन्न कंपनियों तक पहुंचाते हैं। इसके अलावा, कुछ ग्रामीण इसे खुद भी प्रोसेस कर महुआ लड्डू, पाउडर या अन्य खाद्य पदार्थ बनाकर बेचते हैं।

देशभर में महुआ की मांग लगातार बढ़ रही है। खाद्य उद्योग और आयुर्वेदिक कंपनियां महुआ से बने उत्पादों में रुचि ले रही हैं, जिससे इसके दामों में भी वृद्धि हो रही है। सरकारी योजनाओं के तहत वनोपज संग्रहण को भी बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे महुआ संग्राहकों को सीधा लाभ हो सके। इस साल उमरिया जिले में महुआ की अच्छी पैदावार से ग्रामीणों की मेहनत रंग लाने की उम्मीद है।

## सार-समाचार

### श्याम के बाद पप्पू नामक व्यक्ति बना सट्टा सरगना

**चचाई, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड चचाई मार्केट में ही पुलिस की आँखों मे धूल झोख कर पप्पू नामक सट्टा सरगना बन गया है। थाना प्रभारी को भी उनके बीट प्रभारी कर रहे गुमराह और यहाँ चाय पान सब्जी की आड़ मे एक का नब्बे चल रहा है। कई प्रकरण थाना में सट्टे के कायम हैं पर पुलिस प्रसाशन को दिखाई नहीं दे रहा। अपने आप को ही सबसे बड़ा सरगना समझने लगा है, क्योंकि पूर्व सरगना अब सुधार कार्य पर चल रहा है और नया सरगना गेम लेकर बुढ़ार में उतारार कर रहे है। कई बार समाचार प्रकाशित होने पर भी चचाई पुलिस को कोई फर्क ही नहीं पड़ता। ऊर्जा नगरी के वासियों ने पुलिस प्रसाशन से मांग की है की ऐसे अवैध कारोबारियों को फिर से जिलाबदर की कार्रवाई करें जिस पर फिर से युवा पीढ़ी बर्बाद न हो।

### बांधवगढ़ में बाघिन की निगरानी के लिए बुलाए हाथी



**उमरिया, देशबन्धु।** जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा बफर क्षेत्र में बाघिन ने एक चरवाहे पर हमला किया। इस घटना के बाद प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। घटना के बाद से टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है। एक गाड़ी के साथ दस से अधिक कर्मचारी लगाए हैं। दरअसल, 23 मार्च को चंसूरा गांव के पास जंगल में मवेशी चरा रहे चरवाहे पर बाघिन ने हमला कर दिया था, जिसमें चरवाहे की मौत हो गई। पनपथा बफर परिक्षेत्र के अधिकारी शिवपाल सिंह ने बताया कि बाघिन की निगरानी के लिए खास इंतजाम किए गए हैं। क्षेत्र में हाथियों को बुलाया गया है। साथ ही ट्रैप कैमरे भी लगाए जाएंगे। वन विभाग ग्रामीणों को जंगल में न जाने की सलाह दे रहा है। सुरक्षा के मद्देनजर क्षेत्र में गश्त भी बढ़ा दी गई है।

### धान उपार्जन से संबंधित शिकायतों की जांच के लिये दल गठित करने के निर्देश

**पन्ना, देशबन्धु।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन तथा अंतर जिला व जिले में उपार्जन केन्द्रों से दी गई धान के सत्यापन एवं अन्य शिकायतों की जांच के लिये जांच दल गठित कर सात दिवस के अंदर विस्तृत जांच की कार्यवाही संपादित करने के निर्देश जिला कलेक्टर्स को दिये गये हैं। जांच दल के अध्यक्ष कलेक्टर द्वारा नामांकित अपर/संयुक्त/डिप्टी कलेक्टर होंगे। जिला आपूर्ति नियंत्रक/खाद्य अधिकारी संयोजक होंगे। उप/सहायक आयुक्त सहकारिता, महाप्रबंधक जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक, जिला प्रबंधक मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन और जिला प्रबंधक मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन सदस्य होंगे। जांच दल द्वारा उपार्जित धान, धान परिवहन, धान जमा, धान कमी की मात्रा, मिलर्स को भुगतान की स्थिति, मिलरवार धान प्रदाय की मात्रा, धान उठाव की मात्रा और मिलरवार सीएमआर जमा मात्रा की विस्तृत जांच की जाएगी।

इस संबंध में जारी निर्देशों में कहा गया है कि गोदामों में धान कम मात्रा में जमा होने के कारणों की जांच कराई जाये एवं संबंधित उपार्जन समिति व परिवहनकर्ता आदि से शार्टेज मात्रा की वसूली कर संबंधित किसानों को भुगतान किया जाए। उपार्जन केन्द्रों पर धान की शार्टेज मात्रा की प्रतिपूर्ति बाजार एवं अन्य माध्यमों से कदापि नहीं कराई जाये। उपार्जन केन्द्रों से धान परिवहन के लिये मिलर्स द्वारा उपयोग किये गये वाहन, परिवहन दिनांक एवं मात्रा की जानकारी सीएसएमएस पोर्टल पर उपलब्ध है। इससे धान परिवहन करने वाले वाहनों का विवरण प्राप्त किया जाये। उपार्जन केन्द्र से उठाई गई धान, परिवहन में उपयोग किये गये वाहनों की ट्रेकिंग एवं डाटा जिले से एवं टोल नाकों से प्राप्त करें। जिला परिवहन अधिकारी के माध्यम से धान परिवहन में उपयोग किये गये वाहनों की श्रेणी, प्रकार और लोडिंग क्षमता की जानकारी प्राप्त करें। इन बिन्दुओं पर जांच कर अनियमितता पाये जाने पर नियमानुसार तत्काल संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करें। साथ ही जांच के दौरान जिला प्रबंधक सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन द्वारा मिलर्स को धान के नए डिलेवरी ऑर्डर जारी नहीं किये जाएंगे। जांच के बाद जो मिलर्स सही पाये जाएंगे, उन्हें ऑर्डर दिये जायेंगे।

# कार्यकर्ताओं को पोषण भी-पढ़ाई भी का प्रशिक्षण

**शहडोल, देशबन्धु।** महिला एवं बाल विकास विभाग अन्तर्गत संचालित आंगनवाडी केंद्रों की आंगनवाडी कार्यकताओ को ईसीसीई पाठ्यक्रम और शैक्षणिक दृष्टिकोण की बुनियादी समझ विकसित करने के साथ ही आंगनवाडी कार्यकर्ताओं को बच्चों के विकास के आयामों के मूल्यांकन में क्षमता वृद्धि कर सक्षम बनाने के उद्देष्य से समक्ष आंगनवाडी एवं मिशन पोषण 02 अन्तर्गत पोषण भी, पढाई भी थीम के तहत् तीन दिवसीय प्रषिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास मनोज लारोकर के मार्गदर्षन में जिले अन्तर्गत संचालित 1562 आंगनवाडी केन्दो की आंगनवाडी कार्यकर्ताओ को पोषण भी, पढाई भी प्रशिक्षण 18 बैच बनाकर दिया जा रहा है जिसमे प्रथम चरण में 24 से 26 मार्च तक 10 बैच के माध्यम से 882 आंगनवाडी कार्यकर्ताओ को मास्टर ट्रैनर पर्यवेक्षको के माध्यम से परियोजना अधिकारियों की उपस्थिति में प्रषिक्षण दिया गया।

पोषण भी, पढाई भी प्रशिक्षण अन्तर्गत आंगनवाडी कार्यकर्ताओ को 03 से 06 वर्ष के बच्चो में शाला पूर्व षिक्षा की आधारषिला एवं 0 से 03 वर्ष के बच्चो में नवचेतना गतिविधियों के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण आयोजित किए गए। उक्त आयोजित तीन दिवसीय प्रषिक्षण के प्रथम दिवस पढाई विषय पर प्री-टेस्ट, अपेक्षानुसार वातावरण, पोषण भी पढाई भी के लिए तर्क, प्रारंम्भिक बाल षिक्षा के महत्व, बच्चो की आकांक्षाओ की समझ, बच्ची में विकास के क्षेत्रो का परिचय भाषा और साक्षरता विकास, अधिगम सहायको का महत्व (टी.एल.एम.) शैक्षणिक सामग्री व अधिगम सामग्री का निर्माण, कक्षा का संचालन एवं बच्चो के लिए एक दिनचर्या की योजना बनाना आदि विषय पर प्रषिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस पोषण- विषय पर स्वस्थ बच्चे और मानव जीवन चक्र मं पोषण की भूमिका के बारे में चर्चा, पोषण संबंधी उपायो पर चर्चा और प्रस्तुति, माइक्रो सूक्ष्म पोषक तत्वो की कमी विकारों पर चर्चा एवं प्रस्तुति, पोषण परामर्ष पर नाटिका, सेम-मेम बच्चो की पहचान रोकथाम प्रबंधन, स्तनपान के लाभ, स्तनपान की प्रारंम्भिक शुरूआत और कोलोस्ट्रम के लाभो की समझ, उचित स्थिरता और खाद्य विविधता के साथ आयु- विषिष्ट पूरक पोषण आहार का महत्व, 03 से 06 वर्ष के बच्चो के लिए पोषण एवं संतुलित आहार और आहार विविधता का महत्व, व्यक्तिगत स्वच्छता व सफाई, विकास निगरानी व मूल्यांकन के तकनीकें, बाल विकास में माता-पिता और समुदाय को शामिल करने का महत्व व रणनीतियां एवं बच्चो की सुरक्षा एवं संरक्षण विषय पर प्रषिक्षण मास्टर ट्रैनरो द्वारा दिया गया। उक्त प्रषिक्षण के गुणवत्ता की मानीटरिंग हेतु कलेक्टर डॉ केदार सिंह द्वारा अनविभागीय अधिकारी (राजस्व) को नियक्त किया गया है।

साथ ही विभागीय स्तर पर संभागीय संयुक्त संचालक, महिला एवं बाल विकास विभाग शहडोल संभाग श्रीमती मंजूलता सिंह द्वारा परियोजना सोहागपुर एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज लारोकर द्वारा परियोजना गोहपारू, जयसिंहनगर, बुढार एवं ब्यौहारी मे आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम की गुणवत्ता की मानीटरिंग की गई एवं एवं उपस्थित रह कर प्रशिक्षण कार्यकम की उपयोगिता एवं परिणामों पर विस्तृत जानकारी उपस्थित प्रतिभागियों को प्रदान की गयी।

# जिस जिप्सी से कलेक्टर ने घूमा था संजय टाइगर रिजर्व, उसके दस्तावेज गायब

**उमरिया, देशबन्धु।** सीधी कलेक्टर स्वारोचिष सोमवंशी पर संजय टाइगर रिजर्व में नियमों का उल्लंघन करने का मामला सामने आया है। कलेक्टर ने उमरिया स्वास्थ्य विभाग की जिप्सी से अवैध सफारी की।



सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में कलेक्टर खुद जिप्सी चला रहे हैं। वाहन उमरिया के उमेश यादव धमोखर के नाम पर पंजीकृत है। वाहन नंबर एमपी 54 जेड ए 3935 है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) एसबी चौधरी ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जिप्सी से जुड़े अहम दस्तावेज सीएमएचओ कार्यालय से गायब हो गए हैं। अधिकारी वाहन के क्रय-विक्रय से जुड़े कागजात की जांच कर रहे हैं। अजय दुबे ने मुख्य सचिव से दो मांगें की हैं। उमरिया जिला अस्पताल के वाहनों का सत्यापन किया जाए। लापता वाहनों की एफआईआर दर्ज की जाए। पहले भी विभाग में ऐसी लापरवाही सामने आ चुकी है। विधायक बांधवगढ़ शिव नारायण सिंह और विधायक मीना सिंह मानपुर द्वारा दी गई चार एंबुलेंस खराब हो गईं। इन एंबुलेंस के दस्तावेज भी स्वास्थ्य विभाग के पास नहीं मिले। सीएमएचओ ऑफिस से दस्तावेजों का गायब होना आम बात बन गई है।

# सीबीआई ने रिश्वतखोर बाबू को रंगे हाथों पकड़ा

## पीएफ की राशि जारी करने के लिए मांगे थे पांच लाख रुपये



**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले के जोहिला कोल माइंस क्षेत्र में स्थित एसईसीएल नौरोजाबाद के उपक्षेत्र कार्यालय में पदस्थ भविष्य निधि विभाग के एक बाबू को सीबीआई जबलपुर की टीम ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इस मामले में कोयला खान भविष्य निधि क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर के एक अन्य कर्मचारी को भी रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने नौरोजाबाद निवासी से उनके दिवंगत पिता की भविष्य निधि राशि जारी करने के बदले 5 लाख रुपये रिश्वत की मांग की थी। नौरोजाबाद निवासी शिकायतकर्ता के पिता कुदारी कोल माइंस में कार्यरत थे और 14 मई 2021 को उनका निधन हो गया था। पिता की भविष्य निधि की राशि प्राप्त करने के लिए उनका बेटा सब एरिया ऑफिस के चक्कर काट रहा था। इस दौरान उसका संपर्क पीएफ विभाग में कार्यरत बाबू उमाशंकर तिवारी से हुआ। तिवारी ने शिकायतकर्ता को बताया कि उसके पिता की भविष्य निधि राशि लगभग 50-60 लाख रुपये होगी। शिकायतकर्ता ने जब राशि जारी करने का अनुरोध किया, तो उमाशंकर तिवारी ने 5 लाख रुपये रिश्वत की मांग की। उसने बताया कि राशि जारी कराने के लिए कोयला खान भविष्य निधि क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर भी जाना होगा, जहां से औपचारिकताएं पूरी करनी पड़ेंगी। उसने यह भी बताया कि इसमें से 2.50 लाख रुपये जबलपुर कार्यालय के एक अधिकारी को देने होंगे, जबकि शेष राशि अन्य अधिकारियों और बाबुओं में बांटी जाएगी।

जाल बिछाकर कार्रवाई-रिश्वत की मांग से परेशान होकर शिकायतकर्ता ने सीबीआई जबलपुर को पूरे मामले की जानकारी दी। सीबीआइने मामले की गहन जांच की, बातचीत की रिकॉर्डिंग और अन्य सबूत एकत्रित किए, फिर आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ने की योजना बनाई। सीबीआई के निर्देश पर शिकायतकर्ता ने आरोपियों को पहली किश्त के रूप में 1.50 लाख रुपये सौंपे। इसके बाद सीबीआई टीम ने छापेमारी कर जबलपुर कार्यालय में तैनात कर्मचारी के पास से 1.30 लाख रुपये और नौरोजाबाद के बाबू उमाशंकर तिवारी के पास से शेष राशि बरामद की।

# मुख्यमंत्री कल करेंगे श्रमिक परिवारों को राशि का अंतरण

**पन्ना, देशगन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 28 मार्च को भोपाल के मंत्रालय से संबल योजना में अनुग्रह सहायता के प्रकरणों में सिंगल क्लिक से हितग्राहियों के खातों में राशि अंतरित करेंगे। इससे पन्ना जिले के हितग्राही भी लाभांवित होंगे। मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना, असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के लिए महत्वपूर्ण योजना है। योजना में अनुग्रह सहायता योजना अंतर्गत दुघर्टना में मृत्यु होने पर 4 लाख रूपये एवं सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख रूपये प्रदान किये जाते हैं। स्थायी अपंगता पर 2 लाख रूपये एवं आंशिक स्थायी अपंगता पर 1 लाख रूपये तथा अंत्येष्टि सहायता के रूप में 5 हजार रूपये प्रदान किये जाते हैं। संबल योजना में महिला श्रमिकों को प्रसूति सहायता के रूप में 16 हजार रूपये दिये जाते हैं, साथ ही श्रमिकों के बच्चों को महाविद्यालय शिक्षा प्रोत्साहन योजना में उच्च शिक्षा के लिये सम्पूर्ण शिक्षण शुल्क राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है।

नीति आयोग की पहल पर गिग एवं प्लेटफार्म वर्कर्स को भी संबल योजना के अंतर्गत सम्मिलित किया जाकर इनका पंजीयन प्रारम्भ किया गया है। इन्हें भी संबल योजना के अंतर्गत समस्त लाभ प्रदान किये जा रहे हैं। संबल हितग्राहियों को खाद्यान्न पात्रता पर्ची भी प्राप्त होती है। इससे वे केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा रियायती दरों पर राशन प्राप्त कर रहे हैं। संबल योजना में श्रमिक को जन्म से लेकर मृत्यु तक आर्थिक सहायता प्राप्त होती है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ब्यौहारी जिला-शहडोल (म.प्र.)**

**Email address-ro83beohari@gmail.com**

क्र./प्रवा./2024/रा.प्र.क्र.0087/अपील/21-22 ब्यौहारी दिनांक 06/03/2025

**- इश्तहार -**

एतद् द्वारा सामाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि, मेरे न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण क्र./0087/अपील 2021-22 अपीलार्थी गण श्रीमती कमल श्री जैन पति स्व.हुकुमचंद जैन पुत्री बगै. बनाम श्री चन्द्र जैन आयु 46 वर्ष आत्मज स्व. मोतीलाल जैन सा बगै. सा. ब्यौहारी जिला शहडोल ( म.प्र. ) प्रचलित प्रकरण में न्यायालय में संलग्न सूची अनुसार अपीलार्थी/रेस्पा.गण सूचित हो कि, उक्त उन्माद प्रकरण में नियत पेशी तिथि 09.04.2025 को स्वयं अथ्वा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होवे। नियत तिथि को उपस्थित नहीं होने पर गुण-दोष के आधार पर निराकरण किया जावेगा।

संलग्न-सूची संलग्न क्र.01 से 51 तक।

श्रीमती कमल श्री जैन आयु 86 वर्ष पति स्व. हुकुमचंद जैन पुत्री स्व. जैन *सतोष कुमार जैन पिता दशरथ लाल जैन पेशा व्यापार हॉस्पिटल रोड कोतमा जिला अनूपपुर ( म.प्र ) 03-श्रीमती उर्मिला जैन पति स्व. सुशीलकुमार जैन पेशा व्यापार हॉस्पिटल रोड कोतमा जिला अनूपपुर ( म.प्र ) 04- अशोक कुमार जैन माँ स्व. गेंदाबाई जैन पिता दशरथ लाल जैन निवासी कोतमा जिला अनूपपुर ( म.प्र ) 05- मालती जैन माँ स्व. गेंदा बाई जैन पिता दशरथ लाल जैन पति त्रिलोक चंद्र जैन निवासी पुष्पविहार दिल्ली सेक्टर नंबर 5-6 दिल्ली 06 माधुरी जैन माँ स्व. गेंदा बाई जैन पिता दशरथ लाल जैन पत्ति अशोक कुमार जैन सा. राजभवन के अन्दर भोपाल ( म.प्र ) 07 अरुणलता जैन माँ स्व. गेंदा बाई जैन पिता दशरथ लाल जैन पति नूतन कुमार जैन डोंगरगांव जैन मंदिर के पास रायपुर छत्तीसगढ़

सभी आवेदकगणों आम मुख्तियार संजय कुमार जैन आत्मज स्व. हुकुमचंद जैन 1599 राईट टाउन जबलपुर

अपीलार्थी गण

**- बनाम -**

01 श्री चंद जैन आयु 46 वर्ष आत्मज स्व. मोतीलाल जैन सा. व्योहारी जिला शहडोल ( म.प्र ) 02 राजकमल जैन आत्मज स्व. मोतीलाल जैन सा. ब्योहारी जिला शहडोल 03 श्रीमती सुनीता पुत्री मोतीलाल जैन पति दिनेश जैन सा. हनुमान चौक सतना मध्यप्रदेश 04 चमेली वाई बेवा मोतीलाल जैन सा. व्योहारी जिला शहडोल 05 वदना जैन उर्फ बेबी पुत्री मोतीलाल जैन सा. मंदसौर जिला मंदसौर मध्यप्रदेश 06-अ कमला जैन बेवा जवाहर लाल जैन पुत्र प्रकाश जैन सा. भेल संगम चौराहा यूनीक रेसिडेंसी सी-304 बागसेवनिया भोपाल 06-ब प्रकाश चंद जैन पिता स्व. जवाहर लाल जैन निवासी ब्योहारी जिला शहडोल हालमुकाम भेल संगम चौराहा यूनीक रेसिडेंसी सी -304 बागसेवनिया भोपाल 06-स अमिता जैन पुत्री स्व. जवाहर लाल जैन सा. बहुरानी बेंगल, छोटी देवी के पास टीकमगण ( म.प्र ) 06-द संगीता जैन पुत्री स्व. जवाहर लाल जैन पति अनिल जैन आदि एल्युमीनियम शॉप, क्षेत्रपाल मंदिर के पास ललितपुर उत्तरप्रदेश 06-इ शोभा जैन पुत्री स्व. जवाहर लाल जैन पति विनोद जैन गमछा बाले सिविल लाइन कटनी ( म.प्र. ) 07 अ- नरेश कुमार जैन पिता रूपचन्द्र जैन सा. व्यौहारी बगैरा 07 ब- अशोक कुमार जैन पिता रूपचन्द्र जैन सा. व्यौहारी बगैरा 07 स- मनोज कुमार जैन पिता रूपचन्द्र जैन सा. व्यौहारी बगैरा 07 ड- राजकुमारी पति केशरी मल जैन सा. गुना अग्रवाल धर्मशाला के पास 07 इ- चन्दा जैन पति प्रद्युमन जैन सा. अमरपाटन गांधी चौक श्री बड़े बाबा गारमेंट तहसील अमरपाटन जिला सतना 07 ई- मंणिप्रभा पति शिवप्रसाद जैन सा. मीठी जिला शिवपुरी 07 उ- बेवा रूपचद जैन सा. व्यौहारी वार्ड क्र. 08, 08- महेंद्र कुमार निता स्व. धर्मदास जैन सा. पोंडी तहसील जयसिंहनगर जिला शहडोल मध्यप्रदेश 09- चैना वाई पत्नी स्व. इंद्रकुमार जैन सा. पोडी जयसिहनगर ( म.प्र ) 10- विनोद कुमार जैन पिता स्व. इंद्रकुमार जैन सा. व्योहारी जिला शहडोल मध्यप्रदेश 11- प्रमोद कुमार पिता स्व. इंद्रकुमार जैन सा. ब्योहारी जिला शहडोल मध्यप्रदेश 12-गुणमाला जैन पुत्री स्व. इंद्रकुमार जैन पति प्रवीणकुमार जैन सा. नयी बस्ती कटनी जिला कटनी ( म.प्र ) 13. श्रेयांश कुमार जैन पिता स्व. इंद्रकुमार जैन सा ब्योहारी जिला शहडोल मध्यप्रदेश 14- अंशकुमार जैन पिता स्व. इंद्रकुमार जैन सा. व्योहारी जिला शहडोल मध्यप्रदेश 15 - सुभाष चन्द्र जैन पिता धरमदास जैन सा. व्योहारी हालमुकाम टिकुरियाटोला जिला सतना मध्यप्रदेश 16-पवनकुमार पिता धरमदास जैन सा. पोडी तहसील जयसिंहनगर जिला शहडोल 17-सुमित चन्द्र पिता धर्मदास जैन सा. पोडी तहसील जयसिहनगर जिला शहडोल 18-रमेश चंद्र पिता हुकुम चन्द्र जैन सा. मेन बाज़ार कोतमा जिला अनूपपुर 19-देवेन्द्र कुमार पिता हुकुम चन्द्र जैन सा. मेन बाज़ार कोतमा जिला अनूपपुर 20- राजेन्द्र कुमार पिता लालचन्द्र जैन सा. वार्ड क्र. 3 कोतमा जिला अनूपपुर 21- मंजीबाई पुत्री लालचंद जैन पति मूलचंद जैन सा. मझौली जिला जबलपुर 22-प्रकाश चंद जैन पिता केवलचंद जैन सा. कोतमा जिला अनुपपुर मध्यप्रदेश 23- चक्रेश कुमार जैन पिता केवलचंद जैन सा. कोतमा जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश 24- राकेश कुमार जैन पिता केवलचंद जैन सा. कोतमा जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश 25-मिथिलेश जैन पिता स्व. नरेश कुमार जैन सा. कोतमा जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश 26- निलेश कुमार जैन पिता स्व. नरेश कुमार जैन सा. कोतमा जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश 27- नितेश कुमार जैन पिता स्व. नरेश कुमार जैन सा. कोतमा जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश 28- अर्चना जैन पिता स्व. नरेश कुमार जैन पति आनंद कुमार जैन सा. लखनादौन जिला सिवनी ( म.प्र ) 29- संजय पिता कोमलचंद जैन जेल बिल्डिंग के पीछे शहडोल 30- संदीपा पुत्री कोमलचंदजैन पति राहुल जैन सा. महराजपुर जिला जबलपुर 31- शांतिबाई वेवाविमल कुमार जैन सा. सतना जिला सतना मध्यप्रदेश 32- कमलकुमार पिता विमलकुमार जैन सा. सतना जिला सतता मध्यप्रदेश 33- निर्मल कुमार जैन पिता विमलकुमार जैन सा. सतना जिला सवना मध्यप्रदेश 34-सुरेन्द्र कुमार पिता विमलकुमार जैन सा. सतना जिला सतना मध्यप्रदेश 35- सौरभ पिता सुशीलकुमार जैन सा. कोतमा जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश 36 गौरव जैन पिता सुशीलकुमार जैन सा. कोतमा जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश 37- गुंजन पुत्री पिता सुशीलकुमार जैन सा. कोतमा जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश 38- सुमन पुत्री पिता सुशीलकुमार जैन सा. कोतमा जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश 39-पूजा पुत्री पिता सुशीलकुमार जैन सा. कोतमा जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश 40-कांती जैन माँ गेंदाबाई पुत्री दशरथ लाल जैन पति पदमचंद जैन सा. कोतमा जिला अनूपपुर ( म.प्र ) 41- विभा पुत्री कुंजी लाल जैन पति नवीन जैन सा. बदौसा जिला बांदा उत्तरप्रदेश 42-शुभा पुत्री कुंजी लाल जैन सा. वीरसिंहपुरपाली होली चार्ड स्कूल के सामने जिला उमरिया ( म.प्र ) 43- रवि पिता कुंजीलाल जैन सा. वीरसिंहपुरपाली होली चार्ड स्कूल के सामने जिला उमरिया ( म.प्र ) 44-आभा जैन पुत्री कुंजीलाल जैन सा. वीरसिंहपुरपाली होली चार्ड स्कूल के सामने जिला उमरिया ( म.प्र ) 45-पद्मावती पुत्री धरमदास पति कोमलचंद्र जैन सा. पटवारी मोल्हला छतरपुर 46-राजू उर्फ मुन्ना पिता स्व. बाबूलाल जैन सा. सूर्या होटल ले पास शहडोल 47-गुडिया ( सपना ) पुत्री बाबूलाल जैन सा. गिरनारसाइकिल वाले सिन्धी कैंप बुढार जिला शहडोल ( म.प्र ) 48- अव्यतीबाई पुत्री अमरचंद पति नाथूराम जैन सा. ललितपुर जिला ललितपुर उत्तरप्रदेश 49- केतमती पुत्री अमरचंद जैन पति प्रेमचन्द जैन सा. सलेहा जिला पन्ना मध्यप्रदेश 50- भानुमती पुत्री अमरचंद पति प्रेमचन्द जैन सा. डेरा पहाड़ी के पास जिला छतरपुर मध्यप्रदेश 51- मायाबाई पुत्री अमरचंद पति विनोद कुमार जैन सा0 मवई जिला छतरपुर मध्यप्रदेश

अपील अंतर्गत धारा 44 ( 1 ) म.प्र.भू.रा.स. 1959 न्यायलय तहसीलदार तहसील ब्योहारी जिला शहडोल मध्यप्रदेश के रा.प्र.क्र.215 व 27-16-17 आदेश दिनाक 25/05/2018 के विरुद्ध के विरुद्ध प्रथम अपील

उत्तरवादी गण

**अनुविभागीय अधिकारी, ब्यौहारी जिला शहडोल (म.प्र.)**

# एक माह तक चलेगा जल गंगा संवर्धन अभियान : कलेक्टर

**अनूपपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा है कि शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत जल संरचनाओं के उन्नयन कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर कराए जाएंगे।

सभी संबंधित विभाग के अधिकारी अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु सहभागिता निभाएं। जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रमुख उद्देश्य जन भागीदारी से जल संरक्षण और संवर्धन सुनिश्चित करना है।



## जल गंगा संवर्धन अभियान के पूर्व तैयारियों एवं कार्य योजना की बैठक में अधिकारियों को निर्देश

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने 26 मार्च को कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में जल गंगा संवर्धन अभियान के पूर्व तैयारियों एवं कार्य योजना संबंधी बैठक लेकर अधिकारियों को निर्देशित किये। बैठक में जिला पंचायत सीईओ तन्मय वशिष्ठ शर्मा, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सरिता नायक, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के. के. सोनी सहित संबंधित विभाग के विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि अभियान के अंतर्गत समाज की भागीदारी और विभिन्न सहभागी विभागों की समेकित पहल से नवीन जल संग्रहण संरचनाओं के निर्माण, भूजल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ-सफाई एवं जीर्णोद्धार तथा मरम्मत, जल स्त्रोतों में प्रदूषण के स्तर को कम करने तथा जल वितरण की संरचनाओं की साफ सफाई सहित अन्य विभिन्न कार्य किए जाएंगे।

# फरवरी में 3.22 प्रतिशत कम हुए सड़क हादसे

## घायलों की संख्या में 38.09 एवं मृत्यु की संख्या में आई 32.14 प्रतिशत की कमी

**अनूपपुर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश से कार्य करने के निर्देश दिए गए थे, जिसकी कार्य योजना तैयार कर दुर्घटना के मुख्य कारण ड्रिंक एंड ड्राइव, दुर्घटना संभावित स्थानों पर सुधार कार्य, रात्रि के समय रोड पर खड़े वाहन को हटवाने तथा पार्किंग लाइट जलवाने की कार्यवाही, तेज गति से वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही प्रारंभ की गई। जिसके परिणाम स्वरूप विगत 6 माह से अनूपपुर जिले में सड़क दुर्घटनाओं में लगातार कमी दर्ज की जा रही है।

### ये रहे आंकड़े

जिले में बीते फरवरी माह में 30 सड़क दुर्घटनाएं हुई, जो विगत वर्ष घटित 31 एक्सीडेंट की तुलना में 3.22 प्रतिशत कम है। इन दुर्घनाओं में 13 लोग घायल हुए, जो विगत वर्ष हुए एक्सीडेंट में घायलों की संख्या 21 की तुलना में 38.09 प्रतिशत की कमी आई। इसी प्रकार फरवरी माह में एक्सीडेंट में 19 लोगों की मौत हुई, जो विगत वर्ष दुर्घटनाओं मे हुई 28 मृत्यु की तुलना में 32.14 प्रतिशत कम है।

### चलाया गया सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम

ट्रैफिक रूल्स की जानकारी ना होना भी सड़क दुर्घटना का एक बड़ा कारण है, इस दिशा मे लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे है। जिसका लाभ भी आमजन को मिल रहा है, लोग ट्रैफिक रूल्स के प्रति जागरूक हो कर सावधान रहकर वाहन चला रहे है।

### नशे में वाहन चलाने पर 76 वाहनों पर हुई कार्रवाई

प्रतिदिन वाहन चेकिंग कर शराब के नशे में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है, इस माह 76 वाहन चालक शराब के नशे में वाहन चलाते पकड़ा गया। जिन पर कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा उक्त वाहन चालकों पर 8 लाख 36 हजार का जुर्माना लगाया गया।

### तेज गति से वाहन चलाने पर 117 चालकों पर कार्रवाई

यातायात पुलिस द्वारा इंटरसेप्टर व्हीकल के माध्यम से तेज गति से वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर लगातार नजर रखी गई तथा ओवर स्पीड वाहन चलाते पाए जाने पर 117 वाहन चालकों पर कार्यवाही कर 1 लाख 21 हजार का जुर्माना लगाया गया। इसके साथ ही रात्रि के समय सड़क किनारे खड़े वाहनों में पार्किंग लाइट जलवाने की कार्यवाही भी प्रतिदिन करवाई जा रही है। तथा अनावश्यक रूप से खड़े वाहनों को हटवाया जा रहा है। जिससे रात्रि में खड़े वाहनों से टकराकर होने वाले एक्सीडेंट को रोका जा सके।

## सार-समाचार

### अयोध्या की यात्रा के लिए नपाध्यक्ष ने यात्रियों को किया विदा



**अनूपपुर, देशबन्धु।** बुधवार को मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत बिजुरी से अयोध्या की यात्रा करने वाले 7 तीर्थ यात्रियों को नगर पालिका अध्यक्ष सहित स्टॉफ ने सफल धार्मिक यात्रा की शुभकामनाएं देने के साथ ही स्टेशन पहुंचकर यात्रा के लिए माल्यार्पण करते हुए अंग वस्त्र भेंट किया। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत श्री राम लला धाम अयोध्या के लिए 7 तीर्थ यात्रियों को बिजुरी नगरपालिका अध्यक्ष सहबिन पनिका ने अंगवस्त्र, श्रीफल, फूल माला पहना कर बिजुरी स्टेशन में सम्मान के साथ विदा किया। इस अवसर पर नपाधिकारी पवन साहू, आरआई लखन पनिका, कामता नापित, प्रिंस रजक, एवं वार्ड 9 के पार्षद गुंजन साहू, ब्रांड एंबेसडर स्वच्छता कैलाश कोल सहित नगर वासी उपस्थित रहे।

### रेलवे कांग्रेस की मांग पर रेलवे लाकअप डिस्पेंसरी की शुरुआत

**अनूपपुर, देशबन्धु।** साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस



शाखा पेन्ड्रारोड़ की मांग पर रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री द्वारा मंडल पीएनएम बैठक में इस मुद्दे को डीआरएम बिलासपुर व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक बिलासपुर से रेलवे चिकित्सा सुविधा देने हेतु मुद्दा रखा गया था। जिस पर डीआरएम बिलासपुर राजमल खोईवाल के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक बिलासपुर रेलवे लाकअप डिस्पेंसरी पेन्ड्रारोड़ में डॉक्टर अरूणा बैग की नियुक्ति सप्ताहिक बुधवार के लिए आदेश किया गया है।

जहां 26 मार्च की दोपहर 2 बजे से रेलवे कालोनी पेन्ड्रारोड़ में स्थित रेलवे स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन हुआ, रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव की उपस्थित में नवनियुक्त डॉ. अरूणा बैग द्वारा लाक डिस्पेंसरी रेलवे स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन फीता काटकर किया। इस अवसर पर रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा पेन्ड्रारोड़ के शाखा अध्यक्ष मकसुद आलम, शाखा पदाधिकारी इरशाद अहमद, एस सुनील कुमार, यु प्रभाकर राव, जितेन्द्र शर्मा, सुनील कुमार , मुख्य स्टेशन अधीक्षक संजीत पासवान, मुख्य कन्ट्रोल पेन्ड्रारोड़ ए एस गौरी, सीसीजीपी रंजक, पीडब्लूआई अमृत लाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

### अलंकृता महिला समिति ने खदान प्रभावित ग्राम दैखल में बाटीं मच्छरदानी

**अनूपपुर, देशबन्धु।** श्रद्धा महिला मंडल, एसईसीएल बिलासपुर के तत्वाधान में किए जा रहे सामाजिक कार्यो से प्रेरित होकर समाज के प्रति अपने उतरदायित्व को निभाते हुए जमुना



कोतमा क्षेत्र की अलंकृता महिला समिति द्वारा खदान प्रभावित ग्राम पंचायत दैखल में 50 जरूरतमंद महिलाओं एवं वृद्धों को मच्छरदानी का वितरण किया। कार्यक्रम में अलंकृता महिला समिति की अध्यक्षा ने महिलाओं को मच्छरदानी वितरण के साथ सभी को मच्छर के काटने से होने वाली बीमारियों के बारे में बताया और इससे बचने की सलाह दी। इस कल्याणकारी कार्य का आयोजन अलंकृता महिला समिति के अध्यक्षा किशोरी त्रिपाठी के दिशानिर्देश व मार्गदर्शन में सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम में अलंकृता महिला समिति के सदस्य रूचि हस्ते, दानेश्वरी कुमार, जयश्री मजुमदार, दया द्रीवेदी, अंजू दयाल, कमलश्री जैन, पूनम चौधरी, भारती जेना, सविता गर्ग एवं जयश्री साव उपस्थित रहे, जिनके सहयोग से यह कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

# अमरकंटक में महाविद्यालय खोलने हेतु रामलाल ने मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री से भेंटकर सौंपा पत्र

**अनूपपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में महाविद्यालय खोले जाने की स्वीकृत हेतु मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय कोल जनजाति विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त एवं पूर्व विधायक अनूपपुर रामलाल



रौतेल ने मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं उच्च शिक्षा आयुष तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग मंत्री इंदर सिंह परमार से मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल में भेंट कर 25 मार्च कों पत्र सौंप कर अमरकंटक में महाविद्यालय खोले जाने की स्वीकृति हेतु मांग की है।

उल्लेखनीय है कि सौपे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि अमरकंटक नगर से 15 किमी दूर केंद्रीय विश्वविद्यालय है लेकिन स्थानीय छात्र-छात्राओं को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। रामलाल रौतेल ने मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री से पत्र देते हुए अनुरोध किया है कि अमरकंटक नगर में महाविद्यालय खोला जाना नितांत आवश्यक है। जहां छात्र-छात्राओं की पर्याप्त संख्या है, वर्तमान समय में छात्राओं को पुष्पराजगढ़ एवं दूरस्थ क्षेत्र जाकर महाविद्यालय की शिक्षा लेना पड़ता है। इससे गरीब छात्राओं को अनावश्यक अतिरिक्त आर्थिक भार उठाना पड़ रहा है। श्री रौतेल ने मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री से अनुरोध किया है कि इसी शैक्षणिक सत्र 25-26 से महाविद्यालय खोला जाए ताकि छात्र-छात्राएं बाहर जाने को विवश ना हो।

गौरतलब है कि उच्च शिक्षा मंत्री के अमरकंटक प्रवास पर भी पवित्र नगरी अमरकंटक में महाविद्यालय खोले जाने हेतु मांग की गई थी, इस पर उन्होंने आवश्यक पहल करने तथा महाविद्यालय खोले जाने हेतु अपनी मंशा जताई थी। साथ ही मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय कोल जनजाति विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रामलाल रौतेल अमरकंटक प्रवास के दौरान स्थानीय पत्रकार के साथ संक्षिप्त भेट वार्ता में इस दिशा में सार्थक पहल करने का आश्वासन दिया था।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को कलेक्टर ने किया सम्मानित

**अनूपपुर, देशबन्धु।** राज्य शासन द्वारा आयोजित ओलंपियाड प्रतियोगिता बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने का अच्छा प्रयास है, बच्चे देश का भविष्य है उनके शिक्षा की नींव जितनी मजबूत होगी उतना ही बच्चों का भविष्य सशक्त होगा और देश मजबूत होगा उक्ताशय के विचार कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिला पंचायत सभागार में जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता सत्र 2024- 25 के विद्यार्थियों के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि नौनिहालों के भविष्य को संवारने में अभिभावक और शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आदर्शवान व संस्कारवान बच्चों के विकास में उनका संपूर्ण योगदान आवश्यक है। कलेक्टर ने जिला स्तरीय व राज्य स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिले के विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की।

# पत्रकार कुलदीप के खिलाफ झूठा प्रकरण दर्ज करने पर पत्रकार परिषद आज सौंपेगा ज्ञापन

**अनूपपुर, देशबन्धु।** भोपाल के पत्रकार कुलदीप सिंगोरिया के खिलाफ फर्जी अपराध पंजीबद्ध किए जाने के विरोध एवं निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद इकाई अनूपपुर द्वारा आज 27 मार्च गुरूवार की दोपहर 1 बजे मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर अनूपपुर को ज्ञापन सौंपेगें।

राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद जिला इकाई अनूपपुर के जिलाध्यक्ष अमित शुक्ला ने बताया कि राजधानी भोपाल में पत्रकार कुलदीप सिंगोरिया के खिलाफ कटारा हिल्स थाना पुलिस द्वारा द्वेषपूर्ण कार्रवाई करते हुए एक्सीडेंट केस में अड़ीबाजी का झूठा प्रकरण बनाते हुए एफआईआर दर्ज कर आधी रात को उनके घर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा षड्यंत्रपूर्ण तरीके से पत्रकार कुलदीप के साथ किए गए। उक्त अनैतिक कृत्य के विरोध में राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद जिला इकाई अनूपपुर एवं ब्लॉक इकाई के सभी पदाधिकारी एवं समस्त सदस्य 27 मार्च गुरूवार समय दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय में उपस्थित होकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेगें।

ज्ञापन में परिषद द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग की है कि जल्द से जल्द पत्रकार कुलदीप सिंगोरिया पर फर्जी प्रकरण दर्ज करने वाले थाना प्रभारी को बर्खास्त किया जाए साथ ही थाना प्रभारी के ऊपर फर्जी मुकदमा दायर करने का आपराधिक मामला पंजीबद्ध किया जाए। पत्रकार कुलदीप सिंगोरिया के खिलाफ पंजीबद्ध अपराध को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए तथा फर्जी अपराध पंजीबद्ध करने के मामले में शामिल निष्पक्ष जांच करते हुए मामले में शामिल अन्य अधिकारियों के खिलाफ भी कार्यवाही करने की मांग शामिल है।

# विवादित बयान को लेकर राजपूत करणी सेना ने किया पुतला दहन

**अनूपपुर, देशबन्धु।** समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के राणा सांगा के ऊपर दिए गए विवादित बयान को लेकर के 26 मार्च बुधवार को श्री राजपूत करणी सेना ने इंदिरा तिराहे में रामजी लाल सुमन का पुतला दहन किया गया।



इस दौरान राजपूत करणी सेना के प्रदेश मंत्री देवी सिंह ने कहा कि क्षत्रिय समाज के कुल गौरव राणा सांगा के ऊपर सपा सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा किए गए अभद्र टिप्पणी से संपूर्ण क्षत्रिय समाज इससे आहत हुआ है। जिसको लेकर के सपा सांसद का पुतला दहन किया गया। इस दौरान करणी सेना के पदाधिकारियों ने सपा सांसद के विरोध में नारेबाजी की।

इस दौरान कोतवाली पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के लिए मौके पर उपस्थित रहा। पुतला दहन के दौरान राजपूत करणी सेना के प्रदेश मंत्री देवी सिंह, बीन सिंह, सुखेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, बद्रीस सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, सतवंत, आशीष, अभिषेक, राहुल, सुधीर, रवि, प्रशांत, अवधेश, सत्यम, धर्मेंद्र, दीपक, गोलू, नितिन सिंह, आशुतोष, ओमकार, शिवकुमार, संदीप, फूलचंद उपस्थित रहे।

# जनपद अध्यक्ष अनूपपुर के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव धराशाई, नहीं पहुंचे प्रस्तावक

**अनूपपुर, देशबन्धु।** जिले के जनपद पंचायत अनूपपुर की अध्यक्ष धनमती सिंह के विरूद्ध लगाया गया अविश्वास प्रस्ताव उस समय धराशाही हो गया, जब 26 मार्च को जनपद पंचायत कार्यालय अनूपपुर में मतदान के लिए जनपद सदस्यों को उपस्थित होना था। लेकिन अविश्वास प्रस्ताव में शामिल एक भी जनपद सदस्य मतदान के लिए उपस्थित नहीं हुए। यहां तक की प्रस्तावक समर्थक भी अविश्वास के विरुद्ध खड़े नजर नहीं आए और अविश्वास प्रस्ताव पूरी तरह से धराशाही हो गया।

**जनपद उपाध्यक्ष सहित कांग्रेसी सदस्यों ने लाया अविश्वास प्रस्ताव** - जनपद पंचायत अनूपपुर की अध्यक्ष धनमती सिंह के विरुद्ध कांग्रेस के जनपद सदस्यों ने मिलकर कल 7 लोगों ने अविश्वास प्रस्ताव लगाया था, जिसको लेकर प्रशासन द्वारा 26 मार्च को जनपद कार्यालय अनूपपुर में मतदान कराया जाना सुनिश्चित किया गया था, जिसमें जनपद के कुल 17 सदस्यों को उपस्थित होकर अविश्वास प्रस्ताव के प्रति मतदान करना था। लेकिन कोई भी सदस्य मतदान के लिए उपस्थित नहीं हुए।





## भाजपा जिलाध्यक्ष ने संभाला मोर्चा, मनभेद को किया दूर

**भाजपा जिलाध्यक्ष ने संभाला मोर्चा** - भाजपा समर्थित जनपद अध्यक्ष धनमती सिंह के विरूद्ध लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने मोर्चा संभालते हुए जिले के महामंत्री अखिलेश द्विवेदी एवं मंडल अध्यक्ष मुकेश पटेल को मैदान में उतारा तथा स्वयं अविश्वास प्रस्ताव को खारिज करने के लिए जनपद सदस्यों एवं अध्यक्ष के बीच मनभेद को दूर करने का कार्य किया और सफलता हासिल हुई।

**भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न** - अध्यक्ष के खिलाफ विश्वास गिरने के पश्चात जनपद कार्यालय अनूपपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाते हुए अध्यक्ष धनमती सिंह को बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने जनपद अध्यक्ष को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा कहा की सभी को संगठन के रीति नीति के हिसाब से कार्य करने की आवश्यकता है। आपस में तालमेल बनाकर कार्य करें मनभेद को दूर करें, जो अविश्वास लगा वह दुर्भाग्यपूर्ण था। इस भूल को अब सुधारने की आवश्यकता है। जनपद अध्यक्ष धनमती सिंह ने कहा कि हमें नहीं पता है कि किस बात की लड़ाई थी और यह सब कैसे और क्यों हुआ। संगठन ने मेरा पूरा सहयोग किया है इसके लिए हम भारतीय जनता पार्टी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करती हूँ।

# दैनिक राशिफल

गुरूवार 27 मार्च 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। चैत्र कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी, नक्षत्र-शतभिषा।

**मेष** - आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी।

**वृषभ** - सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।

**मिथुन** - आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

क- 470-550

**कर्क** - व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा।

**सिंह** - प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है। दोपहर के बाद परिवार में आनंद और उल्लास का वातावरण रहेगा।

**कन्या** - आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है।

**तुला** - नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी।

**वृश्चिक** - निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा।

**धनु** - आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी है। आज भाग्य आपका साथ देगा और आर्थिक रूप से आपको फायदा होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित बने रहेंगे।

**मकर** - कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

**कुंभ** - आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है।

**मीन** - आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।

म. म. 279-130

2,4,5,7,21,44,55,75,57,05,71,11

## मन प्रबंधन द्वारा उत्कृष्ट प्रशासन कार्यक्रम आयोजित



**• शासकीय सेवा में तनावमुक्त जीवन शैली पर आयोजित हुआ आयोजन**

**सीधी देशबन्धु।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के द्वारा आध्यत्मिक सशक्तिकरण द्वारा स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज थीम अंतर्गत मन प्रबंधन द्वारा उत्कृष्ट प्रशासन हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्रह्माकुमारी भोपाल जोन एवं प्रशासक सेवा प्रभाग से प्रमुख वक्ता के रूप में बी के डॉ रीना दीदी ने कहा कि प्रशासन समाज की रीढ़ है, अतरू इसमें कार्य करने वाले अधिकारी व कर्मचारी का तनावमुक्त होकर अपना कर्तव्य निर्वहन करना समाज के हित में है। उन्होंने व्याख्यान कार्यक्रम में बताया कि यह कार्यक्रम पूरे प्रदेश में मध्यप्रदेश शासन के साथ मिलकर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रदेश के शासकीय विभागों में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों को तनाव मुक्ति व जीवन प्रबंधन के बारे में जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इस भागदौड़ से भरी जिंदगी में हम अपने मूल स्वभाव से भटक रहे हैं। अपने कार्य क्षेत्र और व्यक्तिगत जीवन मे समन्वय बनाकर रखना अत्यंत आवश्यक है। जीवन मे सुख शांति के लिए अध्यात्म आवश्यक है। अपने विचारों, भावनाओं और कार्यो पर नियंत्रण रखें। कार्यशाला में उपखण्ड अधिकारी नीलेश शर्मा द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्यों एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में बी के रेखा दीदी वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका एवं मुख्य संचलिका सीधी जिले स्थित ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र, बी के अर्चना दीदी राजयोग शिक्षिका, बी के ऋचा दीदी राजयोग शिक्षिका, बीके राम भाई, बी के राहुल भाई द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तनावमुक्त होकर सेवा करने की जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



## पोषण भी पढ़ाई भी मिशन सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण 2.0 प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा शुद्धिकरण विषयक प्रशिक्षण शिविर

**मऊगंज देशबन्धु।** सरकार द्वारा महिला बाल विकास विभाग में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया जिसमें नईगढी ब्लॉक मे 3 सेक्टर का अष्टभुजी माता सभागार में आयोजित किया गया जिसमें दूसरे दिवस के मुख्य अतिथि असिस्टेंट फाइनेंशियल काउंसलर संतोष कुमार मिश्र उपस्थित रहे वही मीटिंग की अध्यक्षता सुपरवाइजर अलका मंडलोई ने किया तथा कार्यक्रम का सफल संचालन सुपरवाइजर मधु गुप्ता ने किया सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मिश्र ने वित्तीय साक्षरता की जानकारी दी गई जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा अटल पेंशन सहित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई तत्पश्चात मीटिंग की अध्यक्षता कर रही अलका मंडलोई ने प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को विस्तार से जानकारी दी और कहा कि महिला बाल विकास विभाग बहुत महत्वपूर्ण विभाग है आपके केंद्र में जब से बच्चों का जन्म हो जाता है उसके बाद आपके यहां नाम दर्ज होता है और वहीं से शिक्षा की शुरुआत होती है इसलिए आप लोगों को विशेष ध्यान देने की जरूरत है ताकि बच्चों का भविष्य बहुत अच्छा रहे वह शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे तभी आगे कुछ कर सकते हैं और उनका भविष्य उज्जवल होगा कार्यक्रम की संचालन कर रही श्रीमती गुप्ता ने भी कार्यकर्ताओं को विस्तार से जानकारी दी गई और कहा कि वित्तीय साक्षरता की जानकारी आप लोगों को दी गई यह बहुत महत्वपूर्ण जानकारी है और हमारे इस प्रशिक्षण शिविर में सर आकर इतनी महत्वपूर्ण जानकारी दी इसके लिए हम महिला बाल विकास विभाग की तरफ से बहुत-बहुत आभार ज्ञापित करते हैं प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं के साथ-साथ बीसी साक्षी वर्मा की विशेष उपस्थिति रही।



### सार-समाचार

## प्रियंका ने खेलो इंडिया वूशू नेशनल सीनियर लीग में ब्रॉन्ज मैडल जीता



**सीधी देशबन्धु।** जिले की प्रियंका केवट ने बिलासपुर छत्तीसगढ़ में आयोजित खेलो इंडिया वूशु वूमेंस नेशनल लीग सीनियर में 45 किलो ग्राम में ब्रोंज मेडल जीता है। इसके पहले एथेंस ग्रीस इंटरनेशनल में सिल्वर मेडल जीता था। पुलिस अधीक्षक डॉ रविन्द्र वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी अरविंद श्रीवास्तव तथा जिला खेल प्रशिक्षक मनिंदर शेर अली खान ने उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

## मेडिकल कॉलेज तथा डीएलएनटीआई रीवा के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**मऊगंज देशबन्धु।** जिला क्षय अधिकारी डॉ अनुराग शर्मा के निर्देशानुसार एवं बी एम ओ देवव्रत पाण्डेय के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत रघुनाथगंज में किया गया 97 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ । इस स्वाथ्य शिविर में डॉ पूजा शर्मा द्विवेदी और डॉ शिवेंद्र शुक्ल ने हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया स्वास्थ्य शिविर में 19 लोगो का स्पुटम जॉच हेतु एकत्रित किया गया और इस शिविर में 97 एच आई व्ही वी/वीडीआर एल, और 54 हेपेटाइटिस बी , सी तथा 68 मरीजो का बी पी तथा 68 मरीजों का शुगर जांच की गई तथा चर्म रोग 02 लोगों को चिन्हित किया गया और 02 क्लाइंट एस टी आई की शिकायत बताई गई और सभी का सफल स्वास्थ्य परीक्षण किया गया इस स्वास्थ्य शिविर में डॉ पूजा शर्मा, डॉ शिवेंद्र शुक्ला,एस टी एस दीक्षा अवस्थी, एस टी एल एस रमेश सिंह, एल टी सुनील , नेत्र सहायक मुनि महेश मिश्रा, फार्मासिस्ट रमेश गुप्ता, , ए एन एम कौशल्या साकेत ,एस एस के मैनेजर पुष्पराज विश्वकर्मा, प्रोग्राम मैनेजर कुलदीप पटेल, ए एन एम कमलेश पटेल,एस एस के डब्ल्यू लवकुश वर्मा, एस एस के ओ आर डब्ल्यू जैनेन्द्र श्रीवास्तव, ओ आर डब्ल्यू रामकृष्ण सिंह,पी पी एस ए राहुल मैत्रेय,सभी आशा उपस्थित रहकर स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाया





## 25 लाख के 173 गुम मोबाइल मिले धारकों को

**पुलिस अधीक्षक ने जिले वासियों को दिया तोहफा**

**सीधी देशबन्धु।** जिले भर में प्राप्त हो रहे गुम मोबाइल के आवेदन पत्रों को गंभीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में सायबर सेल को गुम मोबाइलो की दस्तायाबी हेतु निर्देशित किया गया। सायबर सेल टीम द्वारा तकनीकी दक्षता का प्रयोग करते हुये 173 गुम मोबाइलों को विभिन्न क्षेत्रो से दस्तयाब किया जाकर पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया गया। जो पुलिस अधीक्षक ने बुधवार को जिला वासियो को भेंट स्वरूप वापस किया। जिसकी कीमत लगभग 25 लाख रूपये ऑकी गई है। मोबाइल वितरण कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय गायत्री तिवारी, रक्षित निरीक्षक वीरेंद्र कुमरे, थाना प्रभारी जमोड़ी उप निरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी एवं पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। उक्त सभी मोबाइलों को दस्तयाब करने में सायबर सेल से प्रधान आरक्षक आनन्द कुशवाहा, आरक्षक प्रदीप मिश्रा, कृष्णमुरारी द्विवेदी, विक्की सिंह, विकास सिंह एवं सचिन शुक्ला का सराहनीय योगदान रहा।




## ठप पड़ी है नगर की नलजल योजना

**• विभाग नहीं कर रहा कोई पहल**

विभाग नहीं कर रही पहल

**चुरहट देशबन्धु।** चुरहट क्षेत्र अंतर्गत ग्राम विभिन्न ग्राम पंचायत में जिस तरह से पंचायत में भ्रष्टाचार है। आवास में नल जल योजना पूर्ण रूप से ठप पड़ी हुई है। सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन पूर्ण रूप से बंद पड़ा हुआ है क्योंकि जब ग्राम पंचायत का ताला नहीं खुलता। इससे साफ समझ में आता है कि विकास कार्य पूर्ण रूप से प्रभावित है। जनता का जनता दुकानों में चक्कर लगाती है क्योंकि विभित्र ग्राम पंचायत का ताला ना खुलने से पंचायत की आईडी किसी दुकान में बेचकर अपना काम करते हैं। लोग और सरकार के दिए गए तनक सरपंच सचिव और सहायक सचिव चौकीदार लगातार ले रहे हैं और पंचायत के फर्जी बिलों स्टेशनरी के नाम पर निकल रहे हैं। जब पंचायत का ताला नहीं खुलता तो स्टेशनरी का सामान निकालने का कोई मतलब नहीं होता ऐसे में साफ समझ में आता है शासन की निकाल कर पैसा खा रहे हैं। गर्मी का भीषण संकट आ चुका है। मगर ग्राम पंचायत के नल जल योजना पूर्ण रूप से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है। किसी भी ग्राम पंचायत में सुचारू रूप से जनता को पानी नहीं मिल रहा कर रहे हैं। एक तरफ जिला कलेक्टर नल जल योजना की समीक्षा करते हैं। पैर धरातल पर कहीं कुछ दिखाई नहीं दे रहा है। किसी तरह की ग्राम पंचायत में गर्मी को देखते हुए कोई व्यवस्था नहीं किया जा रहा सिर्फ पंचायत विधायक निधि के द्वारा दिया गया पैसा जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। निर्माण कार्य में जगह-जगह राखड़ और घटिया गुणवत्ता विभिन्न निर्माण कार्य चल रहा है।



## कीर्ति मिश्रा को पीएचडी की उपाधि



**सीधी देशबन्धु।** श्रीमती कीर्ति मिश्रा ने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण के परिणाम स्वरूप पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। उन्हें यह उपाधि अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. दिनेश कुशवाह, प्रोफेशर डॉ रामलला शर्मा के मार्गदर्शन में उनके शोध कार्य के लिए मिली है। उनका शोध कार्य मुन्शी प्रेमचंद की कहानियों में किसान पर आधारित थी, जो हिन्दी साहित्य के महत्वपूर्ण पहलुओं को उजागर करता है। कीर्ति मिश्रा पत्नी का यह योगदान न केवल शैक्षिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैए बल्कि यह समाज में साहित्य और संस्कृति के प्रति उनके गहरे प्रेम को भी दर्शाता है। उनके शोध ने यह सिद्ध किया कि मुन्शी प्रेमचंद की कहानियां आज भी समाज की जटिलताओं और किसानों की समस्याओं को बखूबी चित्रित करती हैं। श्रीमती कीर्ति मिश्रा पति निशांत मिश्रा भाजयुमो को उनकी इस सफ्लता पर स्नेही जनो ने बधाई दी।

## किसान मजदूर महासंघ की आपात बैठक

**रीवा देशबन्धु।** आज ग्राम उमरी ग्राम में मॉ शारदा मंदिर के प्रांगण में राष्टीय किसान मजदूर महासंघ की आपात बैठक ग्राम इकाई ग्राम पंचायत उमरी के अध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में राष्टीय संगठन महामंत्री श्री रविदत्त सिंह, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आज की बैठक में पारित प्रस्ताव का मांग पत्र माननीय तहसीलदार साहब को प्रस्तुत किया गया था लेकिन उसकी जॉच आज दिनांक तक नही हो पायी जिसकी जानकारी संबंधित पदाधिकारी तहसीलदार से सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त करे। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि रविदत्त सिंह उपस्थित हुये।

## उप मुख्यमंत्री ने रीवा शहर में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की, दिए निर्देश

**रीवा देशबन्धु।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा शहर में मूलभूत सुविधाओं के उद्देश्य से निर्माणाधीन कार्यों तथा अधोसंरचना निर्माण व विकास कार्यों की समीक्षा की। श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा शहर तेजी से आगे बढ़ता हुआ शहर है। यहां के निवासियों को मूलभूत सुविधाओं की सुनिश्चितता के उद्देश्य से तथा आगामी वर्षों में शहर की वृद्धि के उद्देश्य से विभिन्न आवश्यक कार्य कराये जा रहे हैं। शहर में मीठा पानी घर-घर तथा उपलब्ध हो इस लिए पानी की 12 टंकियों का निर्माण कराया जा रहा है ताकि पाइपलाइन से सभी जगह मीठे पानी की सप्लाई सुनिश्चित हो सके। उसके साथ ही सीवर लाइन का कार्य भी प्रगति में है। स्थानीय राजनिवास में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री ने रीवा वायपास के कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए बिजली के खंभे विस्थापित कर कार्य के प्रगति के निर्देश दिये। उन्होंने बेला-सिलपरा रिंग रोड के कार्य को गति देते की बात कही। शहर में आईटी पार्क निर्माण तथा केन्द्रीय लाइब्रोरी भवन का कार्य को तेजी से पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। श्री शुक्ल ने सर्किट हाउस के नवीन भवन तथा रिवरफ्रंट के दूसरे चरण के कार्य को 15 अप्रैल तक पूर्ण कर लेने के निर्देश निर्माण एजेंसी को दिये। उन्होंने व्यंकट क्लब तथा पीडब्ल्यूडी भवन के निर्माण कार्य की अद्यतन प्रगति की भी जानकारी प्राप्त की तथा कार्य को तेजी से करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



### स्कूल चलें हम अभियान में हर बच्चे का शाला में प्रवेश कराएं: कमिश्नर

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने शासन की उच्च प्राथमिकता की योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि मुख्यमंत्री जी तथा अतिरिक्त मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में आयोजित संभागीय बैठकों के निर्णयों पर पालन प्रतिवेदन दो दिवस में प्रस्तुत कर दें। विभिन्न विभागों में अभी भी 51 बिन्दुओं पर कार्यवाही शेष है। बैठक के निर्देशों पर समुचित निर्णय लेकर उसे पोर्टल पर दर्ज कराएं। नया शिक्षा सत्र एक अप्रैल से आरंभ हो रहा है। प्रथम दिवस सभी स्कूलों में प्रवेशोत्सव का समारोह पूर्वक आयोजन करें। स्कूल चलें हम अभियान के तहत हर बच्चे का शाला में प्रवेश कराएं।

## लिल्ली घोड़ी, रास नृत्य के साथ म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारो व कवियों ने सजाए होली के रंग



*हिन्दू धर्म परिषद की लठ्ठमार होली से विन्ध्य में नई परम्परा की शुरुआत: डॉ. सीबी शुक्ला*

**रीवा देशबन्धु।** संस्कृतिधानी रीवा नगर में ब्रजधाम की तर्ज पर स्थानीय सॉई बाबा मंदिर कोठी कम्पाउण्ड में हिन्दू धर्म परिषद के तत्वाधान में मनाई गई लठ्ठमार होली से विन्ध्यधरा में नई परम्परा की शुरूआत हुई है जो आने वाले समय में विराट और आकर्षक रूप में मनाने की ओर पहला कदम है यह बात बतौर मुख्य अतिथि पधारे संजय गांधी अस्पताल के पूर्व संचालक डॉ0 सी. बी. शुक्ला ने व्यक्त किये। अध्यक्षता कर रहे वर्तमान अधीक्षक डॉ0 राहुल मिश्रा ने कहा बरसाना में भी देखा और यहॉ भी, लेकिन इस आयोजन में आकर लोगो और कलाकारों का होली धमाल दिल को छूने वाला और लंबे समय तक यादों में रहने वाला है। विशिष्ट अतिथि रेडक्रास चेयरमेन डॉ0 प्रभाकर चतुर्वेदी पत्रकार मुकुन्द प्रसाद मिश्रा, सुनील अग्रवाल एड0, पूर्व प्राचार्य राजेन्द्र सिंह, परिषद संरक्षक डी.पी.सिंह परिहार, पप्पू कनौजिया ने इस अवसर पर अपनी शुभ कामनायें देते हुये सबको बधाई प्रेषित कर फूलो और गुलाल के साथ होली मिलन के साथ लठ्ठमार होली में भी सहभागिता निभाई। परिषद के संस्थापक नारायण डिगवानी, आजीवन संरक्षक सुरेश विश्नोई, रामसखा यादव के कुशल मार्गदर्शन में अध्यक्ष डॉ0 प्रवीरचंद दुबे ने आयोजन को भव्य रूप में साकार कर यादगर बना दिया जिसमें उनका सहयोग संरक्षक संजय तिवारी मुन्नू, युवा अध्यक्ष शिव कुशवाहा, महिला शाखा प्रचार सचिव डॉ0 अरूणा पाठक ने किया। परिषद के संयोजक सुमित मॉजवानी ने समूचे आयोजन में आये अतिथियों का स्वागत किया। आयोजन की शुरूआत कलम परिवार के कवियों के काव्य पाठ से हुई जिसमें श्रोताओं ने तालिया बजाकर स्वागत किया। डॉ0 रश्मी शुक्ला, रामकृष्ण द्विवेदी, अमित द्विवेदी, नागेन्द्र मिश्रा मणी, राजकुमार शर्मा राज, अनुराधा पाण्डेय ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रसिद्ध नाट्य कलाकार भोला तिवारी के निर्देशन में कलाकारों को प्राचीन दुलदुल लिल्ली घोड़ी नृत्य का अनूठा प्रदर्शन कर खूब वाहवाही और पुरस्कार प्राप्त हुये। जबलपुर से पधारे करन ग्रुप के कलाकारों ने राधा कृष्ण की रासलीलाओं पर कई मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनमोह लिया और आयोजन को ऊॅचाई प्रदान की। ज्ञानेन्द्र कुमार सोनी राजू सुनैना स्टूडियो द्वारा समूचे आयोजन की वीडियो ग्राफी करने में सहयोग किया गया।

## सांस्कृतिक विरासत में जनजातियों का योगदान अतुलनीय: डॉ. गीता भारती



**• शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मझौली में जनजातीय नायकों के गौरव पर केंद्रित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन**

**सीधी देशबन्धु।** आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन भोपाल के निर्देशन पर शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मझौली में जनजातीय नायकों के गौरव पर केंद्रित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं जनजातीय नायकों के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से की गई। कार्यक्रम के समन्वयक प्रो बी एल सिंह अयाम ने एकदिवसीय कार्यशाला की प्रस्तावना को रेखांकित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम आदिवासी समाज के गौरव को बढ़ाने का सशक्त माध्यम है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ गीता भारती ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की समृद्धि सांस्कृतिक विरासत में जनजातियों का अतुलनीय योगदान है। मुख्य वक्ता द्वारिका प्रसाद गुप्ता (प्रभारी बनवासी विकास परिषद सीधी) ने कहा कि आदिवासी कला सहज एवं मौलिक है, जो प्रकृति से जुड़ी हुई है। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित पन्नालाल सोमवंशी ने बताया कि जब-जब राष्ट्र पर संकट आया,तब-तब आदिवासी समाज के नायकों भगवान बिरसा मुंडा, तिलका मांझी, खाज्या नायक टंट्या भील, राजा शंकर शाह, जैसे सपूतों ने सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बनवासी विकास परिषद के जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार ने कहा कि आदिवासी सदैव जल, जंगल एवं जमीन की रक्षा की लड़ाई लड़ी है। महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा ''आदिवासी जंगल के रखवाला'' जैसे गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किए गए। प्रश्नोत्तरी में शांती कोरी प्रथम, सीमा कोरी द्वितीय एवं ऋतिक द्विवेदी तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में डॉ लक्ष्मण युइके, प्रो सुनील सिंह, डॉ गंगादेवी बैरागी, डॉ पूजा कश्यप, डॉ भावना नागेंद्र, डॉ सुरेश कुमार तिवारी, राजकिशोर तिवारी,डॉ वीपेंद्र द्विवेदी, गुलाब सिंह श्याम (मुख्य लिपिक), मनीष कुमार सोनी एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया। अंत में डॉ संदीप कुमार शर्मा द्वारा सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



## अमेरिका और इजरायली लक्ष्यों पर किए मिसाइल और ड्रोन हमले : हूती ग्रुप

**सना, (आईएएनएस)।** यमन के हूती विद्रोही समूह ने बुधवार को कहा कि उसने लाल सागर में एक अमेरिकी विमानवाहक पोत और इजरायल के शहर तेल अवीव में सैन्य ठिकानों पर हमले किए हैं। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने अल-मसीरा टीवी पर प्रसारित एक बयान में कहा, पिछले कुछ घंटों में हमारे बलों ने लाल सागर में अमेरिकी युद्धपोतों को निशाना बनाते हुए मिसाइल और ड्रोन हमले किए, इसमें यूएसएस हैरी एस. ट्रूमैन विमानवाहक पोत भी शामिल है, जिससे हमारे देश के खिलाफ आक्रमण किया जा रहा है। अल मसीरा टीवा का संचालन हूती ग्रुप करता है। सरिया ने कहा कि टकराव कई घंटों तक जारी रहा। उन्होंने हूती के कब्जे वाले उत्तरी यमन क्षेत्रों पर चल रहे अमेरिकी हवाई हमलों का जवाब देने का संकल्प लिया। हूती सैन्य प्रवक्ता ने यह भी कहा कि उनके समूह ने इजरायल पर भी नए हमले किए हैं। उन्होंने कहा,गाजा में फिलिस्तीनी लोगों के समर्थन में, हमने कई ड्रोन का इस्तेमाल करके तेल अवीव में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। प्रवक्ता ने लाल सागर में इजरायली शहरों और इजरायल से जुड़े जहाजों को तब तक निशाना बनाने का संकल्प लिया जब तक कि गाजा पर युद्ध बंद नहीं हो जाता।

# टैरिफ वॉर के बीच एक नए मोर्चे पर आमने-सामने चीन और अमेरिका

## दक्षिण अफ्रीकी डीआरसी पर क्यों खींचतान

**वाशिंगटन।** दुनिया की दो बड़ी आर्थिक महाशक्तियों अमेरिका और चीन के बीच व्यापारिक और भू-राजनीतिक लड़ाई कोई नई बात नहीं है लेकिन डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद से यह प्रतिद्वंद्विता एक बार फिर से चरम पर है। ट्रंप ने शपथ ग्रहण करते ही चीन के खिलाफ टैरिफ वॉर का ऐलान कर दिया और फरवरी में चीनी आयात पर 20 फीसदी तक टैरिफ लगा दिया। इस पर पलटवार करते हुए चीन ने भी अमेरिका से आने वाले स्र्ह्ल पर 15 और बाकी अन्य सामानों पर 10 फीसदी का टैक्स लगा दिया।



दोनों देशों के बीच टैरिफ वॉर के बीच अब अमेरिकी सांसदों ने निचले सदन यानी हाउस ऑफ रिप्रिजेन्टेटिव में मंगलवार को चीन पर लगाम लगाने की मांग की और अफ्रीकी देश कांगो, जिसे डेमोक्रोटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो भी कहा जाता है, में चीन की खनन गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की। प्रतिनिधि सभा में अमेरिकी सांसदों ने ये मांग तब की है, जब ट्रम्प का प्रशासन खनिजों की आपूर्ति के लिए चीनी प्रभुत्व का मुकाबला करने के लिए मध्य अफ्रीकी देश के साथ एक डील सील करने पर विचार कर रहा है लेकिन चीन की पहले से वहां मौजूदगी अमेरिका को खटक रही है।

**अमेरिकी सांसदों की क्या मांग?-** अमेरिकी सांसदों का कहना है कि चीन कांगो में चोरतंत्र के माध्यम से वहां के अमूल्य खनिजों का दोहन कर रहा है। इसलिए, चीन द्वारा किए जा रहे ऐसे अवैध खनिज दोहन को रोकने के लिए कदम उठाने चाहिए। 2016 में जॉर्ज क्लूनी और अन्य हॉलीवुड सितारों द्वारा स्थापित वाशिंगटन स्थित गैर-लाभकारी संस्था द सेंट्री की नीति सलाहकार साशा लेझनेव ने कहा, खनन दुरुपयोग को खत्म करने में सबसे बड़ी बाधा छ्त्रष्ट में चोरतंत्र की मौजूदा व्यवस्था है, जिसके तहत वहां के अभिजात्य वर्ग का एक बड़ा समूह वाणिज्यिक भागीदारों के साथ इन खनिज संसाधनों पर कब्जा रखता है और बड़ी आबादी को इसकी पीड़ा झेलने के लिए छोड़ देता है।

**अमेरिका और चीन में टकराव कहां-** दरअसल, डीआरसी यानी कांगो कोबाल्ट का दुनियाभर में सबसे बड़ा उत्पादक है। कोबाल्ट के वैश्विक उत्पादन का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा सिर्फ कांगो में होता है। इस खनिज का इस्तेमाल इलेक्ट्रिक वाहनों और फोन में यूज होने वाली बैटरियों का एक महत्वपूर्ण घटक है।

इसके अलावा कांगो तांबा और एक दर्जन अन्य महत्वपूर्ण धातुओं और दुर्लभ खनिजों का भी प्रमुख स्रोत है। चीन की इस पर लंबे समय से नजर रही है। इसी वजह से बीजिंग ने बेल्ट एंड रोड पहल के जरिए वहां अरबों डॉलर का निवेश किया है।

**अमेरिका देगा कांगो को सुरक्षा सुविधा-** साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्जीनिया के कॉलेज ऑफ विलियम एंड मैरी की एक शोध प्रयोगशाला एडडाटा के अनुसार, 2000 से 2021 के बीच चीनी स्वामित्व वाले लेनदारों ने कांगो में कोबाल्ट और कॉपर खदानों के लिए लगभग 12.85 अरब अमेरिकी डॉलर की 19 लोन को मंजूरी दी। हालांकि, जो बाइडेन के नेतृत्व वाले अमेरिकी प्रशासन ने भी 2023 में कांगो के खनिजों तक अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए कांगो और संसाधन-समृद्ध जाम्बिया को अंगोला से जोड़ने वाली एक रेलवे और रसद परियोजना को फंड उपलब्ध कराने का वादा किया। बाइडेन प्रशासन ने इस पर आगे बढ़ते हुए दोनों देशों से समझौता भी किया लेकिन ट्रंप प्रशासन अब इस पर अहम लीड लेना चाहता है।

### चीनी प्रभुत्व खत्म करने की तैयारी

ट्रंप प्रशासन खनिजों से लबरेज कांगों पर चीनी प्रभुत्व को समाप्त करना चाहता है और खनिजों के दोहन में अपनी हिस्सेदारी चाहता है। ताकि कॉपर और कोबाल्ट जैसे अहम खनिजों के निर्यातक के रूप में चीनी एकाधिकार को खत्म किया जा सके। वॉल स्ट्रीट जर्नल के अनुसार, कांगो के राष्ट्रपति फेलिक्स त्सेसीकेडी ने औपचारिक सुरक्षा समझौते के बदले में ट्रम्प शासन को खनन के अवसर प्रदान किए हैं। विश्लेषकों का कहना है कि कांगों में चोरतंत्र और अपराधियों पर लगाम लगाए बिना शांतिपूर्ण तरीके से खनिज संसाधनों को दोहन नहीं हो सकता है। इसलिए कांगो के लिए अमेरिका से सुरक्षा समझौता करना जरूरी हो गया है। दरअसल, कांगो के खनिज समृद्ध पूर्वी क्षेत्र में रवांडा समर्थित एम23 विद्रोही समूह द्वारा संचालित गतिविधियों ने खनिज दोहन को जटिल बना दिया है। चीन को ऐसे तंत्र का समर्थक माना जाता है।

## आज का इतिहास

1668- इंग्लैंड के शासक चार्ल्स द्वितीय ने बॉम्बे (अब मुम्बई) को ईस्ट इंडिया कंपनी के हवाले किया था।

1708- अंग्रेजी सिंहासन से जेम्स तृतीय के दावेदार दुनकिर्क को हटाया गया।

1709- हर्दिंग्वेल्द का तटबंध टूटा।

1782- चार्ल्स वाटसन-वेंटवर्थ, रॉकिंगहम के द्वितीय मारक्वेस ग्रेट ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बने।

1841- पहले स्टीम फायर इंजन का सफल परीक्षण न्यूयॉर्क में किया गया।

1845- जर्मनी के एक अन्य भौतिकशास्त्री तथा गणितज्ञ वेलहेलम रोंगटन का जन्म हुआ। उन्होंने सन् 1895 ईसवी में विशेष किरण एक्सरे का पता लगाया।

1871- पहला अंतरराष्ट्रीय रग्बी मैच स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के बीच खोला गया, जिसमें स्कॉटलैंड ने जीत हासिल की थी।

## नहीं तो कब्जा होगा, गाजा को बर्बाद करने के बाद नेतन्याहू की हमास को आखिरी वार्निंग



गाजा में जंग को आगामी कुछ महीनों में दो साल हो जाएंगे, लेकिन अभी तक इजरायल अपने बंधकों की रिहाई नहीं करवा पाने में हताश और गुस्से में है। अपनों को छुड़ाने के लिए इजरायली सेना गाजा में भीषण नरसंहार कर चुकी है और 50000 से ज्यादा को मौत के घाट उतार चुकी है। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि यदि हमास इजरायली बंधकों को वापस नहीं करता है, तो आईडीएफ गाजा में और अधिक दबाव डालेगा। इसमें पूरे क्षेत्र पर कब्जा करना और अन्य कदम उठाना शामिल होंगे।

नेतन्याहू ने बुधवार को संसद में विपक्ष के तीव्र हंगामे और सवालों का जवाब देते हुए गाजा में हमास से इजरायली बंधकों की वापसी न होने पर और भी कठोर कदम उठाने की चेतावनी दी। विपक्षी नेता यायर लापिद ने 2025 के राष्ट्रीय बजट को लेकर प्रधानमंत्री पर हमला करते हुए इसे देश की सबसे बड़ी चोरी करार दिया, वहीं नेतन्याहू ने लोकतंत्र और सरकारी शक्ति पर अपने विचार रखते हुए विपक्ष के आरोपों का मजबूती से खंडन किया।

नेतन्याहू का यह बयान संसद में बहस के दौरान आया। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने एक संक्षिप्त भाषण दिया, जिसके बाद प्रधानमंत्री और विपक्षी नेता ने अपनी-अपनी बातें रखी। नेतन्याहू ने अपने भाषण में विपक्ष के नेताओं द्वारा उठाए जा रहे सवालों का भी जवाब दिया। उन्होंने कहा, लोकतंत्र खतरे में नहीं है, ब्यूरोक्रेसी खतरे में है। दरअसल, एक दिन पहले विपक्ष ने संसद में नेतन्याहू सरकार पर जमकर निशाना साधा था।

**इजरायल में उठ रहे विरोध पर नेतन्याहू का जवाब-** प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने जवाब में कहा, लोकतंत्र, सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण, लोगों का शासन है। यह अधिकारियों का शासन नहीं है, न ही पूर्व नेताओं का शासन है, और न ही मीडिया का शासन है। लोकतंत्र में, लोग सर्वोच्च होते हैं और वे चाहते हैं कि उनका वोट नीतियों में परिलक्षित हो। इसका मतलब यह नहीं है कि सरकार के पास असीमित शक्ति है। हमारे पास तानाशाही शासन नहीं है, लेकिन यह उम्मीद करना भी असंभव है कि सरकार की शक्ति नगण्य हो।

**इतिहास की सबसे लुटेरी सरकार- विपक्ष-** विपक्षी नेता एमके यायर लापिद ने 2025 के राष्ट्रीय बजट पर केंद्रित किया, जिसे मंगलवार को कानून बना दिया गया। लापिद ने नेतन्याहू से कहा, आपने कल देश के इतिहास की सबसे बड़ी चोरी की। आप इजरायली मध्यम वर्ग का शोषण कर रहे हैं, उसे निचोड़ रहे हैं।

## ट्रंप के टैरिफों से बचने की पूरी कोशिश कर रहे भारत और ईयू

**वाशिंगटन।** डॉनल्ड ट्रंप 2 अप्रैल को रेसिप्रोकल टैरिफ लागू करने जा रहे हैं।कई देश इससे छूट पाने की कवायद में जुटे हैं।यूरोपीय संघ के अधिकारी वॉशिंगटन पहुंचे हैं तो अमेरिकी अधिकारी नई दिल्ली में हैं।अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की ओर से भारत, यूरोपीय संघ और अन्य देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ यानी जवाबी शुल्क लगाए जाने की अगली तारीख 2 अप्रैल तय की गई है।ट्रंप कह रहे हैं कि 2 अप्रैल, अमेरिकी अर्थव्यवस्था और व्यापार के अनुचित तरीकों के खिलाफ स्वतंत्रता दिवस होगा।यूरोपीय संघ और भारत के अधिकारी इससे बचने के लिए अमेरिका के साथ बातचीत में लगे हुए हैं।यूरोपीय संघ के ट्रेड कमिश्नर मारोस सेफकोविच ने टैरिफ में छूट पाने के लिए डॉनल्ड ट्रंप के मुख्य व्यापार अधिकारियों से मुलाकात की है।



हालांकि अभी साफ नहीं है कि इस बातचीत का क्या नतीजा निकला। सेफकोविच के मुताबिक उन्होंने अमेरिका के व्यापार मंत्री हॉवर्ड लुटनिक, अमेरिका के ट्रेड रिप्रजेंटेटिव जेमिसन ग्रियर और व्हाइट हाउस के आर्थिक सलाहकार केविन हैसेट से बातचीत की।डॉनल्ड ट्रंपके अधिकारियों के साथ इससे पहले हुई दो बार की बातचीत रेसिप्रोकल टैरिफ पर ट्रंप के रुख को बदल पाने में नाकाम रही थीं।हालांकि नई बातचीत के बारे में सेफकोविच ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मेहनत जारी है।यूरोपीय संघ की प्राथमिकता है, अन्यायपूर्ण टैरिफों के बजाए, उचित और संतुलित डील। दोनों ही पक्षों का लक्ष्य औद्योगिक मजबूती है हालांकि अमेरिका की ओर से यूरोपीय संघ के साथ जारी बातचीत पर कोई जानकारी नहीं दी गई है।

अमेरिका ने अब किया चीन के समुद्री व्यापार पर जवाबी हमलाभारत पहुंचे हैं ट्रंप के अधिकारीट्रंप अमेरिका के साथ व्यापार करने वाले अहम साझीदारों के लिए अमेरिका की ओर से लगने वाले आयात शुल्क को बढ़ाना चाहते हैं।वो कहते रहे हैं कि अमेरिका के अहम व्यापार साझीदार अमेरिका से होने वाले निर्यात पर भारी आयात शुल्क लगाते रहे हैं।इसकी वजह से उनके साथ व्यापार में अमेरिका को नुकसान होता है।ऐसे में जैसे को तैसा की तर्ज पर अमेरिका भी उन देशों से आयात होने वाले किसी खास सामान पर उतना ही टैरिफ यानी आयात शुल्क लगाएगा, जितना वो अमेरिका के उस सामान पर लगाते हैं।टैरिफ को लेकर जारी इस बातचीत के बीच कुछ देश अमेरिका को टैरिफ में छूट देने की देने की तैयारी भी कर रहे हैं।टैरिफ के मुद्दे पर भारत भी अमेरिका के साथ बातचीत में लगा हुआ है।अमेरिका के असिस्टेंट ट्रेड रिप्रजेंटेटिव ब्रेंडन लिंच व्यापार पर बातचीत के सिलसिले में नई दिल्ली में हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने अमेरिका को टैरिफ से छूट देने के पहले चरण में करीब आधे से ज्यादा अमेरिकी आयातों पर टैरिफ घटाने की बात कही है।यह छूट अमेरिका से होने वाले करीब 23 अरब डॉलर के आयात को फायदा पहुंचाएगी।भारत दुनिया में सबसे ज्यादा टैरिफ लगाने वाले देशों में शामिल है।वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गनाइजेशन के मुताबिक भारत की ओर से लगाई जाने वाले टैरिफ की औसत दर 12 फीसदी से भी ज्यादा है।जबकि टैरिफ के मामले में अमेरिका की औसत दर 2।

## प्रधानमंत्री मोदी से मिलने का समय मांगकर चीन जा रहे मोहम्मद यूनुस

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार अब चीन की यात्रा पर जा रहे हैं। खास बात है कि पहली राजकीय यात्रा के लिए चीन को चुनकर बांग्लादेश संदेश दे रहा है। यह यात्रा ऐसे समय पर हो रही है जब ढाका ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रोफेसर यूनुस की मुलाकात के लिए समय मांगा है। हालांकि, अब तक सरकार की तरफ से इसपर जवाब नहीं दिया गया है।

शुक्रवार को पहुंचने के बाद यूनुस चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात करेंगे। वहीं शनिवार को ढाका लौटेंगे। इस दौरान वह कई उच्च स्तरीय बैठकों में भी शामिल होंगे। खबर है कि इस दौरे पर कई समझौतों पर भी सहमति बन सकती है। साथ ही बांग्लादेश में रोहिंग्या आबादी का मुद्दा भी उठ सकता है। खास बात है कि चीन पहले भी म्यांमार और बांग्लादेश के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभा चुके हैं।




**क्यों खास है दौरा-** अल्पसंख्यकों पर हमले समेत कई मुद्दों को लेकर भारत और बांग्लादेश के बीच तनाव बना हुआ है। अब बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के शीर्ष अधिकारी मोहम्मद जशीम उद्दीन ने मंगलवार को कहा, मोहम्मद यूनुस ने अपनी पहली राजकीय यात्रा के लिए चीन को चुना है और इसके साथ ही बांग्लादेश एक संदेश दे रहा है। अधिकारी ने बताया कि बीजिंग में होने वाली बातचीत में बांग्लादेश में चीनी 'फ्रैंडशिप हॉस्पिटल' की स्थापना पर भी बात हो सकती है। इसके अलावा बांग्लादेश अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना का भी प्रत्यर्पण चाहता है, जिसके बाद उनपर मुल्क में केस चलाया जा सके। बीते साल अगस्त में छात्र आंदोलन के हिंसक होने के बाद उन्होंने भारत में शरण ली थी।

**भारत से बातचीत करना चाहता है बांग्लादेश-** बांग्लादेश ने मंगलवार को कहा कि वह अगले सप्ताह बैंकॉक में बिम्सटेक (बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल) शिखर सम्मेलन के दौरान मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच बैठक के अपने प्रस्ताव पर भारत की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहा है।

## सुडोकू 6864


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | 7 | | | | 8 | 3 |
| | 6 | 9 | 2 | | | | 7 | |
| | | | | 1 | 3 | | 2 | |
| | | | | | 1 | 2 | | |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | 2 | 9 | | | | | |
| | 5 | | 8 | 4 | | | | |
| | 4 | | | | 6 | 7 | 9 | |
| 2 | 3 | | | | 9 | | | 8 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6864




**बायें से दायें:-**

१. जिस पर विजय पाना कठिन हो, परमेश्वर
४. बंटवारा
६. माथा, ललाट
७. अनार
८. कोई चीज पाने के लिए गाछ बढ़ाना, झटपट चल पड़ना, किसी पर झपटना
१०. धमकाना, डराना, डांटना, क्रोध
११. शिकन आना, फर्क पड़ना (मुहावरा)
१३. गोलमाल, गड़बड़
१४. लोहे-बाँस आदि की तीलियों से बना एक तरह का टोकरा जैसी आकृति जिसमें पालतू पशु-पक्षी रखे जाते हैं
१५. कानूनी
१७. विफल (उर्दू)
१९. दूर में स्थित
२१. धान रहित
२२. हवा में इधर-उधर होना
२४.. कामना, अभिलाषा

**ऊपर से नीचे:-**

१. पीड़ादायक
२. राजप्रासाद
३. यमलोक की पीड़ा
४. किसी के खाते में खर्च की ओर कोई रकम लिखना
५. जन्म देने वाला
९. कठोर, जो कोमल न हो
११. अधिकतर
१२. डर, खौफ़, दहशत
१३. कुल, वंश
१४. ललाई लिए हुए पीले रंग का, पीला
१५. पारिश्रमिक लेकर कार्य करने वाला
१६. बेजोड़, बेमिसाल
१८. मिस्र की राजधानी
१९. कठिन, मुश्किल
२०. दृढ़ और सूखी जमीन, स्थान
२३. अनेक, कई

### वर्ग पहेली-6863

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | दौ | ल | त | ■ | ■ | अ | न | सु | ना |
| ल | ■ | गा | ■ | इ | रा | दा | ■ | गं | ■ |
| प्र | णा | म | ■ | स्ते | ■ | ता | सा | झ | न |
| द | ■ | दे | ■ | मा | हि | र | ■ | ■ | तो |
| ■ | अ | मा | कु | ल | ■ | ■ | सं | वा | द |
| ■ | धू | ■ | मा | ■ | प्र | ति | ज्ञा | ■ | र |
| स | रा | स | र | ■ | ह | ■ | न | त | ■ |
| मा | ■ | म | ■ | श | री | र | ■ | न्म | ■ |
| ना | ट | क | ■ | र | ■ | म | रि | य | ल |
| थीं | ■ | क्ष | र | ण | शी | ल | ■ | ■ | ब |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**पर्यटन** *श्रीनगर में प्राकृतिक सुंदरता के सफल प्रदर्शन की उम्मीदें पूर्ण*


# ट्यूलिप गार्डन में 17 लाख से ज्यादा फूलों को निहारेंगे पर्यटक

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, (देशबन्धु)। जैसे-जैसे एशिया के सबसे बड़े ट्यूलिप गार्डन का उद्घाटन का दिन नजदीक आ रहा है, उत्साह का माहौल है, प्राकृतिक सुंदरता के सफल प्रदर्शन की उम्मीदें बहुत अधिक हैं। बागवान उत्साहित हैं और एक सफल शो की उम्मीद कर रहे हैं, क्योंकि वे इस शानदार शो को सफल बनाने के लिए पिछले कई महीनों से कड़ी मेहनत कर रहे हैं।**

26 मार्च को ट्यूलिप गार्डन का उद्घाटन हो जा रहा है और बहुप्रतीक्षित ट्यूलिप शो न केवल अपने शानदार प्रदर्शन के लिए ध्यान आकर्षित करने की संभावना है, बल्कि बगीचे में खिलने के लिए तैयार 1.7 मिलियन ट्यूलिप के बीच 5 नई किस्मों को भी शामिल करेगा, जैसा कि अधिकारियों ने पहले बताया था।

फ्लोरीकल्चर के आयुक्त सचिव ने बताया कि एशिया के सबसे बड़े ट्यूलिप गार्डन ने मौजूदा उद्यान क्षेत्र का विस्तार करने के अलावा इस साल पांच और नई ट्यूलिप किस्मों को शामिल किया है, जिससे ट्यूलिप किस्मों की कुल संख्या 73 हो गई है। उन्होंने कहा कि 1.7 मिलियन ट्यूलिप खिलने के लिए तैयार हैं। आगामी सीजन में, जिसका जमीनी कार्य पूरा हो चुका है, उन्होंने कहा कि विभाग ने आगंतुकों के लिए एक सहज अनुभव सुनिश्चित करने के लिए ट्यूलिप गार्डन में पार्किंग स्थल के लिए अतिरिक्त चार कनाल भूमि भी जोड़ी है।



■ **इस साल पांच और नई ट्यूलिप किस्मों को किया गया है शामिल**

पत्रकारों से बात करते हुए ट्यलिप गार्डन के मालियों और बागवानों का कहना था कि निराई-गुड़ाई की प्रक्रिया खत्म हो चुकी है। उन्होंने कहा कि एक सफल ट्यूलिप गार्डन शो की प्रक्रिया जारी है और हमने शो में ट्यूलिप की और भी किस्में जोड़ी हैं। 19 साल से अधिक समय से श्रीनगर के ट्यूलिप गार्डन में काम कर रहे माली गुलाम मोहम्मद वानी के बकौल काम नवंबर के महीने में शुरू होता है। वह कहते थे कि जैसे एक बच्चे की देखभाल की जाती है, वैसे ही ट्यूलिप के साथ भी करनी होती है। वे कहते थे कि बड़ी संख्या में लोग ट्यूलिप गार्डन देखने आते हैं और यह देखकर खुशी होती है कि कड़ी मेहनत का फल मिल रहा है। वानी के शब्दों में यह सब एक समर्पित माली की कड़ी मेहनत के कारण है, और ट्यूलिप गार्डन का खूबसूरत दृश्य तभी देखा जा सकता है जब एक माली कड़ी मेहनत करता है और ट्यूलिप उत्सव के इस महीने में उसकी कड़ी मेहनत की प्रशंसा होती है। एक अन्य माली का कहना था कि सफल ट्यूलिप शो के पीछे बगीचे की कड़ी मेहनत है। बगीचे के खुलने से पहले, एक और निराई प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। इसे एक तरफ से उद्घाटन की समय सीमा प्रक्रिया को संभालने और प्रक्रिया को जारी रखने के लिए एक विशेषज्ञ माली की आवश्यकता है। वे कहते थे कि सफल ट्यूलिप शो के बाद, इन ट्यूलिप को जमीन से बाहर निकालने की जरूरत होती है और फिर शेष वर्ष के लिए उनकी देखभाल की जानी चाहिए।

# खेल जगत

## पैरालिंपिक पदक के बिना अधूरी हूं : भाग्यश्री जाधव

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में चल रहे खेलो इंडिया पैरा गेम्स में गोला और भाला फेंक स्पर्धा में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली भाग्यश्री जाधव का कहना है कि 'पैरालंपिक पद के बिना मैं अधूरी हूं। टोक्यो 2020 और पेरिस 2024 खेलों में पदक से चूकने के बाद भाग्यश्री को उम्मीद है कि जब वह लॉस एंजिल्स (एलए) 2028 में प्रतिस्पर्धा में भाग लेंगगी तो किस्मत उनका साथ देगी। महाराष्ट्र की 37 वर्षीय भाग्यश्री को प्रतिष्ठित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से लगाव हो गया है, जो दूसरे खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 में ट्रैक और फील्ड स्पर्धाओं का स्थल है। व्हीलचेयर पर चलने वाली भाग्यश्री ने खेलो इंडिया पैरा गेम्स में गोला और भाला फेंक प्रतिस्पर्धा में दो स्वर्ण पदक जीते। इससे यह पता चलता है कि वह शानदार फॉर्म में हैं। एफ 33-34 श्रेणी में भाग लेते हुए, भाग्यश्री ने पिछले डेढ़ साल में तीन स्पर्धाओं में छह स्वर्ण पदक जीते हैं।



# ऋषभ पंत की लखनऊ सुपर जायंटस के लिए हैदराबाद को रोकना मुश्किल

### तेज गेंदबाज मयंक व मोहसिन के चोट से बाहर होने से गेंदबाजी लखनऊ की कमजोर कड़ी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



**नई दिल्ली,** 26 मार्च (देशबन्धु)। मौजूदा सीजन का पहला शतक शतक जड़ने वाले ईशान किशन,अभिषेक शर्मा, ट्रेविज हेड, ईशान किशन, हेनरिक क्लासेन, नीतिश रेड्डी जैसे पहले से अंतिम गेंद तक एक ही अंदाज में दे दनादन कर गेंदबाजों का हौसला पस्त करने वाले शीर्ष क्रम में शुरू के पांच विस्फोटक बल्लेबाजों और पैट कमिंस, मोहम्मद शमी, सिमरजीत जैसे तेज गेंदबाजों और अनुभवी लेग स्पिनर एडम जम्पा से सज्जित पिछली उपविजेता राजस्थान रॉयल्स पर 44 रन से जीत से आगाज करने वाली सनराइजर्स हैदराबाद को आईपीएल 2025 में उसके घर में हरा खुद जीत की राह पर वापस लौटना ऋषभ पंत की अगुआई वाली लखनऊ सुपर जायंटस के लिए बृहस्पतिवार को रोकना बेहद मुश्किल होगा। तेज गेंदबाज मयंक यादव और मोहसिन खान के चोट से बाहर होने से गेंदबाजी लखनऊ सुपर जायंटस की कमजोर कड़ी दिखाई देती है। ऑलराउंडर मिचेल मार्श के चोट से उबरने के बाद फिलहाल केवल बतौर बल्लेबाज खेलने से भी लखनऊ का गेंदबाजी संतुलन गड़बड़ाया लगता है। सनराइजर्स हैदराबाद ने पिछले सीजन में लखनऊ सुपरजायंट्स को दस विकेट से जरूर हराया था। लखनऊ सुपर जायंटस के लिए अच्छी बात यह है कि इससे पहले वह सनराइजर्स हैदराबाद से आईपीएल में अपने तीनों मैच दमदार अंदाज में जीत चुकी है। वहीं राजस्थान रॉयल्स पर पहले मैच में धमाकेदार आगाज करने वाली सनराइजर्स हैदराबाद अपनी जीत को आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श और निकोलस पूरन के विस्फोटक अर्द्धशतकों के बावजूद अपने कप्तान ऋषभ पंत और आयुष बडोनी के सस्ते में आउट होने के चलते लखनऊ सुपर जायंटस की टीम अपने पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से बेहद करीब संघर्ष में तीन गेंदों के बाकी रहते मात्र एक विकेट से हार गई थी। लखनऊ सुपर जायंटस के पास मिचेल मार्श व एडन मार्क्रम की सलामी जोड़ी के साथ निकोलस पूरन, कप्तान ऋषभ पंत,डेविड मिलर, आयुष बडोनी और ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर व शहबाज खान के साथ आठवें नंबर तक दे दनादन कर प्रतिद्वंद्वी टीम के गेंदबाजों की लय बिगाड़ने का दम रखने वाले विस्फोटक बल्लेबाज हैं।



■ सनराइजर्स हैदराबाद अपनी जीत को आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी

लखनऊ सुपर जायंटस को बड़ा स्कोर खड़ा करने या बड़े स्कोर का पीछा करने के लिए जरूरी है इसके शीर्ष कर मे से कम से कम चार बल्लेबाज अपनी ख्याति के मुताबिक आक्रामक बल्लेबाजी करें। लखनऊ सुपर जायंटस के लिए हैदराबाद के खिलाफ मैच से पहले एक अच्छी खबर यह है कि मोहसिन खान की तरह चोट से जूझने के बार तेज गेंदबाज आवेश खान अब मैच में खेलने के लिए उपलब्ध हैं। कप्तान ऋषभ पंत और आयुष बडोनी दिल्ली के खिलाफ पहले मैच में भले ही सस्ते में आउट हो गए थे लेकिन इन दोनों दुनिया और हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस व मोहम्मद शमी के साथ लेग स्पिनर एडम जंपा की गेंदबाजी की लय बिगाड़ने की कूवत है। लखनऊ की टीम तेज गेंदबाज सिद्धार्थ की जगह जरूर ही अब बीसीसीआई की मेडिकल टीम द्वारा फिट घोषित आवशय खान को शामिल करेगी। लखनऊ के अर्शिन कुलकर्णी और राजवर्धन हंगरगेकर प्रिंस यादव की जगह बतौर गेंदबाज बेहतर विकल्प हो सकते हैं और साथ दोनों जरूरत पर बल्ला भांजने की भी कूवत रखते हैं। हैदराबाद की ताकत पहली से आखिरी गेंद तक एक ही अंदाज में प्रहार और प्रहार करना है। लखनऊ के बड़े दिल वाले नौजवान लेग स्पिनर रवि बिश्नोई और हेड, अभिषेक शर्मा, क्लासेन के बीच दिलचस्प संघर्ष देखने को मिल सकता है। रवि बिश्नोई के पास अपनी गुगली से कुछ, अभिषेक व क्लासेन करे सस्ते में पैवेलियन लौटान। की क्षमता है। सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंबाज पैट कमिंस और लेग स्पिनर एडम जाम्पा की उनके ही देश के विस्फोटक ओपनर मिचेल मार्श और निकोलस पूरन, डेविड मिलर और कप्तान ऋषभ पंत व आयुष बडोनी जवाबी हमले बोल कर उनकी लय बिगाड़ कर अपनी टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाने का दम रखते हैं।

# मेरा फोकस एफआईएच प्रो लीग और पुरुष हॉकी एशिया कप : अमित रोहिदास

**नई दिल्ली,** 26 मार्च (देशबन्धु)। चार ओलंपिक खेल हॉकी में दुनिया के बेहतरीन फुलबैक के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले हॉकी इंडिया के मौजूदा अध्यक्ष दिलीप तिर्की के ओडिशा के आदिवासी सुंदरगढ़ जिले के सोना मारा से हॉकी उनसे भी एक लिहाज दो कदम आगे बढ़ भारत को लगातार दूसरी बार ओलंपिक में कांस्य जिताने वाली टीम के सदस्य अमित रोहिदास का परिवार उनके गांव का इकलौता गैर आदिवासी हिंदू परिवार है।

अमित रोहिदास की गिनती अब भारत ही नहीं दुनिया के पेनल्टी कॉर्नर को रोकने वाला सबसे मुस्तैद रशर के रूप में होती है। अमित रोहिदास को अभी हाल ही में सातवें हॉकी इंडिया सालाना अवार्ड में हॉकी इंडिया परगट सिंह अवार्ड फॉर द' डिफेंडर ऑफ द' ईयर 2024 से नवाजे जाने के साथ पांच लाख रुपये का नकद इनाम भी दिया गया। अमित रोहिदास ने भविष्य की बाबत कहा,'मेरा ध्यान कदम ब कदम आगे बढ़ने पर है। फिलहाल मेरा फोकस आने वाली चुनौतियों खास तौर पर इस साल जून में एफआईएच प्रो लीग और बाद में पुरुष हॉकी एशिया कप पर है क्योंकि दोनों



■ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ओलंपिक में ऐतिहासिक जीत मेरे हॉकी कॅरियर के यादगार क्षण

■ परिवार ने कहा, देश के लिए खेलना जारी रखेंगे तो ये अवॉर्ड जीतते रहेंगे

हा टूनामट हम 2026 क एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने का मौका देंगे।

मैं इसमें अपना सर्वश्रेष्ठ देने को प्रतिबद्ध हूं। ओलंपिक में लगातार दूसरी बार कैसे जीतना और इसमें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ओलंपिक में ऐतिहासिक जीत मेरे हॉकी करियर के यादगार क्षण है 2024 का पेरिस ओलंपिक वाकई खास है क्योंकि हमने इसमें ऑस्ट्रेलिया को ओलंपिक में 52 बरस के हराया और यह हमारे भारतीय हॉकी टीम के

'मेरा ध्यान कदम ब कदम आगे बढ़ने पर है। फिलहाल मेरा फोकस आने वाली चुनौतियों खास तौर पर इस साल जून में एफआईएच प्रो लीग और बाद में पुरुष हॉकी एशिया कप पर है : अमित रोहिदास

लिए एक बड़ा क्षण था इस जीत ने हमें बहुत आत्मविश्वास दिखा और फिर ओलंपिक में कांस्य जीतना और यादगार बन गया। इस क्षण को मैं हमेशा याद रखूंगा।' वह बताते हैं,' मेरे साथ तीन खिलाड़ियों- संजय, हमारे कप्तान हरमनप्रीत सिंह और भारतीय महिला हॉकी टीम की फुलबैक उदिता दुहान-को हॉकी इंडिया परगट सिंह अवार्ड फॉर द' डिफेंडर ऑफ द' ईयर 2024 के लिए नामित किया गयाथा। तब मैं यह कह सकता कि कौन यह अवॉर्ड जीतेगा।

मैं तो इस बस अवार्ड के लिए नामित किए जाने पर ही खुश था और जब मैंने यह अवॉर्ड जीता तो खुश होने के साथ हैरान भी था। यह एक शानदार अहसास था। कहा मेरी मित्र मंडली में ज्यादातर गैर हॉकी खिलाड़ी है और वे मुझे मेसेज कर कह रहे थे कि मैं यह अवार्ड जीतूंगा।

# पीएम मोदी और खेल मंत्री ने सेपक टकरा टीम को दी बधाई

**नई दिल्ली,** 26 मार्च (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बिहार के पटना में पाटलिपुत्र स्टेडियम में आयोजित सेपक टकरा विश्व कप 2025 में भारतीय सेपक टकरा दल के शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें हार्दिक बधाई दी है। पीएम मोदी ने इस स्पर्धा में भारत के पहले स्वर्ण पदक के साथ इतिहास रचने के लिए पुरुष रेगु टीम की भी सराहना की।

महिला टीम ने भी इस वर्ग में कांस्य पदक हासिल कर देश को गौरवान्वित किया। एक्स पर एक पोस्ट में, पीएम मोदी ने कहा कि सेपक टकरा विश्व कप 2025 में शानदार खेल उत्कृष्टता का प्रदर्शन करने के लिए हमारे दल को बधाई! दल ने 7 पदक जीते। पुरुष रेगु टीम



ने भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक लाकर इतिहास रच दिया। उन्होंने कहा कि यह शानदार प्रदर्शन वैश्विक सेपक टकरा क्षेत्र में भारत के लिए एक आशाजनक भविष्य का संकेत देता है।

युगल वर्ग में, भारतीय महिला टीम ने म्यांमार के खिलाफ़ एक करीबी मुकाबले के बाद रजत पदक हासिल किया, जिसने स्वर्ण पदक जीता। कांस्य पदक जापान और ईरान को संयुक्त रूप से दिया गया।

# नंबर 1 टी-20 ऑलराउंडर बने हुए हैं हार्दिक पांड्या

**दुबई,** 26 मार्च (एजेंसियां)। भारत के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने अपना नंबर 1 टी-20 ऑलराउंडर स्थान बरकरार रखा है, जबकि अभिषेक शर्मा, नंबर 2 टी-20 बल्लेबाज, और वरुण चक्रवर्ती, नंबर 2 टी-20 गेंदबाज ने भी आईसीसी पुरुष टी-20 रैंकिंग में अपना स्थान हासिल किया है। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी ने आईसीसी पुरुष टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में महत्वपूर्ण छलांग लगाई है, जो चल रही पांच मैचों की श्रृंखला में पाकिस्तान के खिलाफ अपने शानदार प्रदर्शन के बाद पहली बार शीर्ष पांच में शामिल हुए हैं। डफी माउंट माउंगानुई में 4/20 और ऑकलैंड में पिछले मैच में 1/37 के प्रभावशाली प्रदर्शन की बदौलत नवीनतम रैंकिंग अपडेट में सात पायदान चढ़कर पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड की पाकिस्तान पर 115 रनों की शानदार जीत में उनके योगदान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिससे सीरीज में 3-1 की बढ़त हासिल हुई। डफी न्यूजीलैंड के एकमात्र गेंदबाज नहीं हैं, जिनकी रैंकिंग में उछाल आया है। माउंट माउंगानुई में 3/25 के आंकड़े के साथ उनका साथ देने वाले जकारी फाउलकेस ने 26 पायदान की छलांग लगाकर 64वां स्थान हासिल किया है। इस बीच, पाकिस्तान के हारिस राउफ ने भी महत्वपूर्ण प्रगति की है, पिछले दो मैचों में से प्रत्येक में तीन विकेट लेने के बाद 11 पायदान ऊपर चढ़कर 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं। सीरीज में अपने लगातार प्रदर्शन के बाद अब्बास अफरीदी अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 36वें स्थान पर पहुंच गए हैं। नवीनतम रैंकिंग अपडेट में कई बल्लेबाजों ने भी महत्वपूर्ण लाभ हासिल किया है। माउंट माउंगानुई में 20 गेंदों में 50 रन बनाने वाले न्यूजीलैंड के फिन एलन दो पायदान ऊपर चढ़कर 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके साथी मार्क चैपमैन ने ऑकलैंड में 94 रनों की शानदार पारी खेलकर 51वें से 41वें स्थान पर पहुंचकर और भी बड़ी छलांग लगाई है। पाकिस्तान के लिए युवा बल्लेबाज हसन नवाज ने ऑकलैंड में नाबाद 105 रनों की पारी खेलकर 77वें स्थान पर पहुंचकर बड़ा प्रभाव डाला है। रैंकिंग अपडेट में हाल ही में विंडहोक में नामीबिया और कनाडा के बीच संपन्न पांच मैचों की टी20 सीरीज को भी ध्यान में रखा गया है।



## सार संक्षेप

### डीडीए ने डीटीसी को हराया

**नई दिल्ली।** डीएसए इंस्टिट्यूशंन लीग में बुधवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने डीटीसी को हराया। वहीं इससे पहले खेला गया दिल्ली ऑडिट और भारतीय खाद्य निगम मुख्यालय के बीच मैच ड्रा रहा। विनोद नगर स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स मैदान पर खेले गए दिन के पहले मुकाबले में बीते कल के सितारा खिलाड़ियों से सजे दिल्ली ऑडिट और भारतीय खाद्य निगम मुख्यालय के मध्य खेला गया सांस्थानिक फुटबाल लीग का उद्घाटन मैच गोल शून्य बराबरी पर समाप्त हुआ। दूसरे मैच में दिल्ली विकास प्राधिकरण ने आकाश बिष्ट और विवेक के गोलों से डीटीसी पर 2-0 की जीत दर्ज की। पूर्व फुटबॉलर और कोच अनादी बरुआ ने लीग का उद्घाटन किया । इस अवसर पर डीएसए के कोषाध्यक्ष लियाकत अली सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### अर्जेंटीना ने फीफा विश्वकप 2026 के लिए किया क्वालीफाई

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना ने एक क्वालीफायर मुकाबले में ब्राजील को करारी शिकस्त देते हुए फीफा विश्वकप 2026 में अपनी जगह बना ली हैं। एस्टाडियो मोनुमेंटल के सुपरक्लासिको में मंगलवार को खेले गये मुकाबले में अर्जेंटीना ने ब्राजील पर 4-1 से शानदार जीत दर्ज की। लियोनेल मेस्सी की गैरमौजूदगी में, लियोनेल स्कालोनी के खिलाड़ियों ने दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर के 14वें दौर में प्रभावशाली प्रदर्शन किया। जूलियन अल्वारेज ने चौथे मिनट में अपना पहला गोल दागा। इस गोल के साथ ही घरेलू दर्शकों खुशी से झूम गये। इसके बाद एन्जो फर्नांडीज, एलेक्सिस मैक एलिस्टर और गिउलिआनो शिमोन ने इस स्कोर में एक-एक गोल का इजाफा किया।

# फीफा ने क्लब विश्व कप 2025 के लिए 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि की घोषणा की

नई दिल्ली, 26 मार्च (एजेंसियां)। फीफा ने अपनी नई क्लब प्रतियोगिता के लिए वितरण मॉडल की पुष्टि की है, जिसमें 32 भाग लेने वाले क्लबों के लिए 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि, साथ ही एक पर्याप्त और अभूतपूर्व वैश्विक एकजुटता मॉडल शामिल है। टूर्नामेंट का विजेता 125 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक कमा सकता है।



■ टूर्नामेंट का विजेता 125 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक कमा सकता है

ग्रुप स्टेज में प्रतिस्पर्धा करने वाली टीमें छह ग्रुप मैच में प्रत्येक जीत के लिए 2 मिलियन अमेरिकी डॉलर और ड्रॉ के लिए 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर कमाएंगी। जैसे-जैसे क्लब नॉकआउट राउंड में आगे बढ़ते हैं, वित्तीय पुरस्कार काफी बढ़ जाते हैं, राउंड ऑफ 16 में अतिरिक्त 7.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई होती है, क्वार्टर फाइनल में 13.125 मिलियन अमेरिकी डॉलर, सेमीफाइनल में 21 मिलियन अमेरिकी डॉलर और फाइनलिस्ट को 30 मिलियन अमेरिकी डॉलर मिलते हैं। टूर्नामेंट के विजेता को 40 मिलियन अमेरिकी डॉलर की प्रभावशाली राशि मिलेगी। फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा कि फीफा क्लब विश्व कप का वितरण मॉडल क्लब फुटबॉल के शिखर को दर्शाता है और सात मैचों के ग्रुप चरण और प्लेऑफ प्रारूप वाले फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए अब तक की सबसे बड़ी पुरस्कार राशि का प्रतिनिधित्व करता है, जिसमें विजेताओं के लिए 125 मिलियन अमेरिकी डॉलर का संभावित भुगतान है। फीफा क्लब विश्व कप का नया प्रारूप जून और जुलाई 2025 में विश्व मंच पर दिखाई देगा, जब दुनिया की 32 प्रमुख टीमें उद्घाटन संस्करण के लिए यूएसए में एकत्रित होंगी। यह वास्तव में वैश्विक आयोजन छह अंतरराष्ट्रीय संघों में से प्रत्येक के सबसे सफल क्लब पक्षों को एक साथ लाएगा- एएफसी, सीएएफ, कॉनकाकाफ, कॉनमेबोल, ओएफसी और यूईएफए। भाग लेने वाली टीमों के लिए पुरस्कार राशि के अलावा, एक अभूतपूर्व एकजुटता निवेश कार्यक्रम है, जिसके तहत हमारा लक्ष्य दुनिया भर में क्लब फुटबॉल को अतिरिक्त 250 मिलियन डॉलर प्रदान करना है। यह एकजुटता निस्संदेह फुटबॉल को वास्तव में वैश्विक बनाने के हमारे चल रहे प्रयासों को महत्वपूर्ण बढ़ावा देगी।

# जोकोविच ने मुसेट्टी को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया

**मियामी,** 26 मार्च (एजेंसियां)। छह बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच ने बुधवार (भारतीय समयानुसार) को 15वीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी के खिलाफ 6-2, 6-2 से जीत के साथ एटीपी मियामी ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

37 वर्षीय खिलाड़ी, जो अब अपने 100वें टूर-लेवल खिताब से तीन जीत दूर हैं, अब उनका अगला मुकाबला अमेरिकी सेबेस्टियन कोर्डा से होगा। यह 2019 के बाद से मियामी में जोकोविच की पहली उपस्थिति है। एटीपी के अनुसार, 2016 में क्रैंडन पार्क में खिताब जीतने के बाद से वह क्वार्टर फाइनल में नहीं पहुंचे थे। जोकोविच शुरुआती ब्रेक में पिछड़ गए और उन्हें समय उल्लंघन की चेतावनी दी गई।

# मेसी की अगुवाई में अर्जेंटीना फुटबॉल टीम अक्टूबर में भारत दौरे के लिए तैयार

**नई दिल्ली,** 26 मार्च (एजेंसियां)।

■ तापिया ने कहा, हमारी टीम के विस्तार के लिए एक नया मील का पत्थर हासिल किया गया है, जिससे भारत और सिंगापुर दोनों में नए अवसर खुल रहे हैं

अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (एएफए) ने बुधवार को घोषणा की कि लियोनल मेसी की अगुवाई वाली अर्जेंटीना की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम अक्टूबर 2025 में एक अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी मैच के लिए भारत का दौरा करेगी। यह यात्रा 2026 विश्व कप क्वालीफिकेशन फाइनल मैचों से पहले अर्जेंटीना के वैश्विक आउटरीच प्रयासों के हिस्से के रूप में हो रही है। एएफए के अध्यक्ष क्लाउडियो फैबियन तापिया ने इस पहल को अर्जेंटीना के अंतरराष्ट्रीय विकास में एक मील का पत्थर



बताया। तापिया ने कहा, हमारी टीम के विस्तार के लिए एक नया मील का पत्थर हासिल किया गया है, जिससे भारत और सिंगापुर दोनों में नए अवसर खुल रहे हैं। हम 2025 और 2026 में आगे बढ़ने के साथ-साथ कई क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के लिए तत्पर हैं। एसोसिएशन 2021 से भारत में अपनी उपस्थिति बनाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है, जो फुटबॉल के प्रति देश के जुनून को पहचानता है। एएफए के मुख्य वाणिज्यिक और विपणन अधिकारी लिएंड्रो पीटरसन ने इस बात पर जोर दिया कि यह पहल वैश्विक स्तर पर प्रमुख क्षेत्रों में विस्तार करने की उनकी दीर्घकालिक रणनीति के अनुरूप है। पीटरसन ने कहा कि यह एएफए के वैश्विक विस्तार में एक नया कदम है।

2021 से, हमने भारत में प्रमुख अवसरों की पहचान की है और स्थानीय फुटबॉल समुदाय के साथ एक मजबूत संबंध बनाया है। हमारा लक्ष्य अर्जेंटीना के फुटबॉल के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को प्रशंसकों तक पहुंचाते हुए इन संबंधों को मजबूत करना जारी रखना है। मेसी इससे पहले 2011 में भारत आए थे, जब अर्जेंटीना ने कोलकाता में वेनेजुएला के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर खेला था। अर्जेंटीना ने साल्ट लेक स्टेडियम में वह मैच 1-0 से जीता था।


इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

**इंडियन बैंक, शाखा- शहपुरा भिटौनी (म.प्र.)**
Ph.: 9720154594, Email: shahpura@indianbank.co.in

**परिशिष्ट IV {नियम-8(1)} कब्जा नोटिस (अचल सम्पत्ति के लिए)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी, जो कि **इंडियन बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी हैं , ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित का (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित उधारकर्ता/गारंटर को डिमांड नोटिस की तिथि एवं राशि नीचे में दर्शायी गयी है, उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने जारी किया गया। उधारकर्ता/गारंटर द्वारा उक्त राशि चुकाने में असफल होने के कारण, एतद द्वारा उधारकर्ता/गारंटर को एवं जनता को सामान्य रूप से नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के अंतर्गत उनहें प्रदत्त अधिकार का प्रयोग करते हुए यहां नीचे संपत्ति का कब्जा निम्नांकित दिनांक को ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता/गारंटर और जनसामान्य को एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई लेन देन नहीं करें। निम्नलिखित संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन देन इस पर वर्णित बकाया राशि के लिये **इंडियन बैंक** के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगी।
प्रतिभूत आस्ति के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता/गारंटर का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है.

| क्र. | शाखा का नाम उधारकर्ता/गारंटीकर्ता/प्रोप्राइटर/बंधककर्ता का नाम एवं पता | अचल सम्पत्ति का विवरण एवं चौहद्दी | मांग सूचना दिनांक/आधिपत्य सूचना दिनांक | बकाया राशि (मांग सूचना के अनुसार) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शाखा- शहपुरा भिटौनी<br>ऋणीः 1. मेसर्स सौरभ ट्रेडर्स (प्रोपराइटर- श्री सौरभ सोनी पिता श्री मनोज सोनी), 155, सोनी भवन, शहपुरा भिटौनी, तहसील- शहपुरा, जिला- जबलपुर (म.प्र.)- 483119<br>2. श्री सौरभ सोनी पिता श्री मनोज सोनी, मेन रोड, ज्योति ज्वेलर्स के बाजू में, शहपुरा भिटौनी, तहसील- शहपुरा, जिला- जबलपुर (म.प्र.)- 483119<br>3. श्री मनोज सोनी पिता श्री कन्छेदी लाल सोनी, मेन रोड, ज्योति ज्वेलर्स के बाजू में, शहपुरा भिटौनी, तहसील- शहपुरा, जिला- जबलपुर (म.प्र.)- 483119 | अचल सम्पत्ति के समस्त भू-भाग भूमि एवं बिल्डिंग स्थित खसरा नं. 28/2/4, प.ह.नं. 37/52, एन.बी. 75, ग्राम- खैरी, तहसील- शहपुरा, जिला- जबलपुर (म.प्र.), एरिया- 0.013 हेक्टे. (1375 वर्गफुट)। सम्पत्ति स्वामी- श्री मनोज कुमार सोनी। चतुर्सीमाः टायटल डीड के अनुसार- उत्तर- मुरारीलाल की सम्पत्ति, दक्षिण- रोड, पूर्व- लक्ष्मण बाई एवं बब्लू बाई की सम्पत्ति, पश्चिम- छकौड़ीलाल की सम्पत्ति। वॉल्यूएशन रिपोर्ट के अनुसार- उत्तर- पटेल जी की सम्पत्ति, दक्षिण- शहपुरा से गोटेगांव रोड, पूर्व- साहू जी की सम्पत्ति, पश्चिम- सोनी जी की सम्पत्ति। | 17.12.2024<br>24.03.2025 | 18,09,908/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे |

दिनांकः 27/03/2025 प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक

SENSEX | BSE 77258.50 ▼ 728.69 | NSE 23486.85 ▼ 181.80 | MCX Gold 87568 ▲ 14 | silver 99469 ▲ 216

देशबन्धु

# अर्थ जगत

## भारत की आर्थिक मंदी का सबसे बुरा दौर अब समाप्त हो सकता है- गोल्डमैन

**नई दिल्ली।** ग्लोबल फाइनेंशियल फर्म गोल्डमैन सैक्स का कहना है कि भारत की आर्थिक मंदी और कमाई में गिरावट का सबसे बुरा दौर अब समाप्त हो सकता है। हालांकि, निकट भविष्य में बाजार में अस्थिरता बनी रहने की संभावना है, खासकर छोटे और मिड-कैप शेयरों में बढ़ते घरेलू निवेश और वैश्विक अनिश्चितताओं, विशेष रूप से टैरिफ से जुड़े जोखिमों के कारण। गोल्डमैन सैक्स की अपनी हालिया रिपोर्ट में कहा,आर्थिक वृद्धि और कमाई के लिहाज से सबसे बुरा समय अब पीछे छूट चुका है।



# दूरसंचार कंपनियां भविष्य में लगातार बढ़ाती जाएंगी टैरिफ!

## रिपोर्ट में हुआ खुलासा

*__नई दिल्ली।__ भारत में दूरसंचार सेवाओं की कीमतें आने वाले समय में और बढ़ सकती हैं। दूरसंचार कंपनियां भविष्य में नियमित रूप से टैरिफ बढ़ाने की योजना बना रही हैं ताकि वे अपने राजस्व में सुधार कर सकें। कंपनियां पहले भी टैरिफ में वृद्धि कर चुकी हैं जैसे दिसंबर 2019 नवंबर 2021 और जुलाई 2024 में।*

**राजस्व वृद्धि की योजना-** रिपोर्ट के अनुसार दूरसंचार कंपनियां प्रति उपयोगकर्ता औसत राजस्व (एआरपीयू) को बढ़ाने के लिए कीमतों में वृद्धि करेंगी। इसका मतलब है कि उपभोक्ता प्रीमियम प्लान की ओर रुख करेंगे जिससे कंपनियों के राजस्व में वृद्धि होगी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारतीय दूरसंचार क्षेत्र वर्तमान में एक महत्वपूर्ण चरण से गुजर रहा है जहां प्रतिस्पर्धा कम हो गई है और कंपनियां अब अधिक बार टैरिफ बढ़ाने की योजना बना रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार उद्योग में निवेश और ग्राहकों के डाटा खपत को देखते हुए रिटर्न अभी भी कम है इसलिए कंपनियां आने वाले वर्षों में अधिक बार टैरिफ बढ़ाएंगी।

**कंपनियों का राजस्व हुआ दोगुना-** रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि पिछले पांच सालों में दूरसंचार कंपनियों का राजस्व लगभग दोगुना हो गया है। उनकी लाभप्रदता में भी सुधार हो रहा है परिचालन लागत स्थिर हो रही है और मार्जिन मजबूत हो रहे हैं। 5जी सेवाओं के आने के बाद कंपनियों ने अपने पूंजीगत खर्च में कमी की है जिससे वित्त वर्ष 2025-26 और 2026-27 में मुक्त नकदी प्रवाह में बढ़ोतरी हो सकती है।



## 2जी ग्राहकों की संख्या में गिरावट

रिपोर्ट के अनुसार 4जी और 5जी सेवाओं के बढ़ते इस्तेमाल के साथ भारत में 2जी ग्राहकों की संख्या में लगातार कमी आ रही है। अगले पांच से छह वर्षों में 2जी ग्राहकों की संख्या नगण्य हो सकती है। वर्तमान में 25 करोड़ ग्राहक 2जी सेवाओं का उपयोग कर रहे हैं और इनमें से वोडाफोन आइडिया के पास 40 प्रतिशत 2जी ग्राहक हैं जबकि एयरटेल के पास 23 प्रतिशत 2जी ग्राहक हैं।

**स्टारलिंक के लिए चुनौतीपूर्ण होगा भारत में विस्तार-** एलन मस्क की सैटेलाइट इंटरनेट कंपनी स्टारलिंक अब भारत में अपनी सेवाओं का विस्तार करना चाहती है। एयरटेल और रिलायंस जियो के साथ समझौता करने के बाद स्टारलिंक वोडाफोन आइडिया से भी बातचीत कर रही है। हालांकि रिपोर्ट में कहा गया है कि स्टारलिंक को भारत में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। भारत में नियामकीय बाधाएं, उच्च आयात कर और सस्ते ब्रॉडबैंड सेवाओं के कारण स्टारलिंक के लिए कीमतों का सही निर्धारण करना मुश्किल हो सकता है। **उपग्रह संचार क्षेत्र का विस्तार-** भारत का उपग्रह संचार क्षेत्र भी तेजी से बढ़ रहा है। सरकार की पहल जैसे कि दूरसंचार प्रौद्योगिकी विकास निधि योजना और दूरसंचार अधिनियम-2023 ने इस क्षेत्र को बढ़ावा दिया है। ओपन एफडीआई नीतियां, क्वांटम सैटेलाइट तकनीक में प्रगति और वीसैट नेटवर्क का विस्तार इस क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा दे रहे हैं।

### महंगे डाटा प्लान की ओर रुझान

दूरसंचार ग्राहक अब 2जी से 4जी सेवाओं की ओर बढ़ रहे हैं और पोस्टपेड ग्राहकों की संख्या में भी वृद्धि हो रही है। इसके कारण प्रति उपयोगकर्ता समग्र राजस्व में सुधार हो रहा है। इसके अलावा डाटा की खपत भी बढ़ रही है और ग्राहक अब अधिक कीमत वाले डाटा प्लान चुन रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय रोमिंग और ओटीटी सब्सक्रिप्शन जैसी सेवाओं की मांग में भी वृद्धि हो रही है।

# मोबाइल नंबरों से सम्बंधित नया यूपीआई नियम होने वाला है लागू

*__नई दिल्ली।__ बैंक और पेमेंट सेवा प्रदाता (पीएसपी) अपने डेटाबेस को नियमित रूप से अपडेट करने के लिए मोबाइल नंबर निरस्तीकरण सूची या डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म का उपयोग करेंगे। यह अपडेट कम से कम साप्ताहिक आधार पर किया जाएगा, जिससे यूपीआई लेनदेन में सुरक्षा और दक्षता में सुधार हो सके।*

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) लेनदेन की सुरक्षा और दक्षता में सुधार के लिए नए नियम बनाए हैं। ये नियम 1 अप्रैल, 2025 से लागू होंगे। नए नियमों के अनुसार, बैंकों और यूपीआई सेवा प्रदाताओं जैसे फोनपे, जीपे और पेटीएम को संख्यात्मक यूपीआई आईडी के लिए कुछ सुरक्षा उपायों को लागू करना होगा।

एनपीसीआई के नए निर्देश के अनुसार, बैंक और पेमेंट सेवा प्रदाता (पीएसपी) अपने डेटाबेस को नियमित रूप से अपडेट करने के लिए मोबाइल नंबर निरस्तीकरण सूची या डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म का उपयोग करेंगे। यह अपडेट कम से कम साप्ताहिक आधार पर किया जाएगा, जिससे यूपीआई लेनदेन में सुरक्षा और दक्षता में सुधार हो सके। इसका मकसद यह है कि पुराने या बदले हुए मोबाइल नंबरों की वजह से होने वाली यूपीआई लेनदेन में गलतियों को कम किया जा सके।

दूरसंचार विभाग के नियमों के अनुसार, यदि किसी का मोबाइल नंबर बंद कर दिया गया है, तो उस नंबर को 90 दिनों के बाद किसी नए ग्राहक को मिल सकता है।

आमतौर पर, यदि कोई उपभोक्ता तीन महीने तक अपने मोबाइल नंबर का उपयोग नहीं करता है, तो दूरसंचार कंपनी उस नंबर को बंद कर देती है और बाद में उसे किसी अन्य ग्राहक को दे दिया जाता है।

# आरबीआई ने जारी किया वित्त वर्ष 2025-26 के लिए एमपीसी बैठक का शेड्यूल



*__नई दिल्ली।__ भारतीय रिज़र्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए मॉनिटरी पॉलिसी कमेटी की बैठकों की तारीखों की घोषणा कर दी है। यह समिति ब्याज दरों में बदलाव और मौद्रिक नीति से जुड़े अहम फैसले लेती है, जिससे लोन,ईएमआई और बचत पर सीधा असर पड़ता है।*

एमपीसी की बैठकें हर दो महीने में आयोजित होती हैं और इनके नतीजे ब्याज दरों, महंगाई और आर्थिक नीतियों को प्रभावित करते हैं। इस साल की बैठकों में लिए जाने वाले फैसलों का होम लोन, ऑटो लोन और अन्य क्रेडिट फैसलों पर बड़ा प्रभाव पड़ सकता है।

### बैठक का पूरा शेड्यूल

| | |
|---|---|
| **पहली मीटिंग-** | 7 से 9 अप्रैल 2025 |
| **दूसरी मीटिंग-** | 4 से 6 जून 2025 |
| **तीसरी मीटिंग-** | 5 से 7 अगस्त 2025 |
| **चौथी मीटिंग -** | 29 सितंबर से 1 अक्टूबर 2025 |
| **पांचवीं मीटिंग-** | 3 से 5 दिसंबर 2025 |
| **छठी मीटिंग-** | 4 से 6 फरवरी 2026 |

इन बैठकों में आरबीआई की छह सदस्यीय टीम देश की आर्थिक स्थिति, महंगाई दर, विकास दर और अंतरराष्ट्रीय संकेतों को ध्यान में रखते हुए ब्याज दरों को तय करती है।

माना जा रहा है कि जिस तरह से मंहगाई में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है, उसको देखते हुए फिलहाल रेपोरेट पर कटौती के अनुमान कम लगाये जा रहे हैं।

# तेजी पर लगा ब्रेक, औंधे मुंह गिरा बाजार

*__नई दिल्ली।__ लगातार सात दिन की तेजी के बाद आज बाजार में गिरावट आई है। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन आज यानी बुधवार (26 मार्च) को सेंसेक्स 728 अंक गिरकर 77,288 के स्तर पर जबकि निफ्टी में 181 अंक की गिरावट रही, ये 23,486 के स्तर पर बंद हुआ।*



**बाजार में गिरावट की वजहअमेरिका की नई व्यापार नीति को लेकर चिंताएं-**राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीतियों ने निवेशकों में असमंजस पैदा किया है। उन्होंने 2 अप्रैल को एक बड़े टैरिफ की घोषणा करने का संकेत दिया है, जिसे उन्होंने लिबरेशन डे कहा है। इस अनिश्चितता के कारण, वैश्विक बाजारों में अस्थिरता बढ़ी है, जिससे निवेशकों की चिंताएं बढ़ी हैं।

**मुनाफावसूली का दबाव-** पिछले सप्ताह बाजार में अच्छी तेजी देखने को मिली थी, जिसके बाद निवेशकों ने मुनाफा कमाने के लिए शेयर बेचना शुरू कर दिया। इस मुनाफावसूली के कारण बाजार में गिरावट आई है।

## रुपए में कमजोरी

भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले कमजोर हुआ है, जिससे आयात महंगा हो गया है और मुद्रास्फीति बढ़ने का खतरा है। रुपए की इस कमजोरी के पीछे अमेरिकी डॉलर की मजबूती और घरेलू बाजार की कमजोर धारणा जैसी कई वजहें हैं।

## मुद्रा बाजार

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 85. 70 |
| एक यूरो | 92. 19 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 109 . 87 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53. 99 |
| एक जापानी येन | 0. 56 |


परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने

फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 84 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 100 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-112 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -56 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)


## सतना बाजार भाव

### सराफा बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 76,950 रु. | प्रति 10 ग्राम |
| जेवर | 70,500 रु. | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी | 910 रु. | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी | 90,700 रु. | प्रति किलो |

### दाल- किराना भाव

**-भाव प्रति किलो-**

अरहर ऊंची 155-160, अरहर मीडियम 140-145, उड़द ऊंची 98-100, उड़द धुली 115-120, मूंग हरी 95-100, मूंग धुली 105-110, चना 90-100, मसूर 80-85

**-भाव प्रतिकिलो -**

धनियां खड़ी ऊंची 110-115, धनियां खड़ी मीडियम, 80-90, जीरा ऊंचा 350-400, जीरा मीडियम 270-300, ल्दी ऊंची 250-260, हल्दी मीडियम 180-190, मूंगफली ऊंची 120-125, मूंगफली मीडियम 90-100, लाल मिर्च ऊंचा 170-180, लाल मिर्च मीडियम 140-150, नारियल कालीकट झाल 2800-3000, नालियल मीडियम 2000-2500

**लोहा वाला ट्रेडर्स**

प्रो. हरिशंकर तिवारी मो.नं. 7049440762

**- भाव प्रति किलो -**

**रायपुर-** 8 एमएम 52, 10 एमएम 50.50, 12 एमएम 50, 16 एमएम 50

**कामधेनू-** 8 एमएम 57, 10 एमएम 55.50, 12 एमएम 55, 16 एमएम 55

# जेएसडब्ल्यू स्टील ने कर दिखाया कमाल बनी दुनिया की नंबर 1 स्टील कंपनी



*__नई दिल्ली।__ सज्जन जिंदल के नेतृत्व वाली जेएसडब्ल्यू स्टील दुनिया की सबसे वैल्यूएबल और नंबर 1 स्टील कंपनी बन गई है। कंपनी की मार्केट कैप लगभग 30.31 अरब डॉलर से ज्यादा हो गया है। इस उपलब्धि के साथ, जेएसडब्ल्यू स्टील ने आर्सेलर मित्तल (27.14 अरब डॉलर) और अमेरिका की न्यूकॉर कॉर्प (29.4 अरब डॉलर) जैसी प्रमुख कंपनियों को पीछे छोड़ दिया है।*

हालांकि, आय के मामले में आर्सेलर मित्तल अभी भी आगे है, जिसने पिछले 12 महीनों में 62.4 अरब डॉलर की आय दर्ज की, जबकि जेएसडब्ल्यू स्टील की आय 21.1 अरब डॉलर रही। इसके अलावा, मूल्यांकन मापदंड में भी अंतर है, जेएसडब्ल्यू स्टील 28.5 गुना प्राइस-टु-अर्निंग (पीई) अनुपात पर कारोबार कर रहा है, जो आर्सेलर मित्तल के 20.3 गुना पीई से अधिक है। टाटा स्टील, जो 1907 में स्थापित हुई थी, का बाजार पूंजीकरण लगभग 23 अरब डॉलर है, जिससे यह पांचवें स्थान पर है। पार्थ जिंदल, जो जेएसडब्ल्यू सीमेंट और जेएसडब्ल्यू पेंट्स के प्रबंध निदेशक हैं, ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, यह साझा करते हुए मुझे बहुत गर्व हो रहा है कि जेएसडब्ल्यू स्टील बाजार पूंजीकरण के मामले में दुनिया की सबसे बड़ी स्टील कंपनी बन गई है।

# सरकार ने प्याज से 20 फीसदी निर्यात शुल्क वापस लिया



*__नई दिल्ली।__ हाल में प्याज की कीमत काफी गिरी है। वजह है महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात और राजस्थान जैसे राज्यों में बम्पर फसल होना। इससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा था, लेकिन अब उन्हें थोड़ी राहत मिली है। सरकार ने शनिवार को प्याज से 20 फीसदी निर्यात शुल्क वापस लेने का ऐलान किया। ये नियम पहली अप्रैल से लागू होगा। किसान अर्से से इसकी मांग कर रहे थे। सरकार के फैसले से वो राहत की सांस ले रहे हैं।*

# मोदी सरकार ने बंद की ये गोल्ड स्कीम

*__नई दिल्ली।__ वित्त मंत्रालय ने मंगलवार (25 मार्च) को गोल्ड मोनेटाइजेशन स्कीम के तहत मीडियम और लॉन्ग टर्म गवर्नमेंट डिपॉजिट घटकों को 26 मार्च से बंद करने की घोषणा की। वित्त मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, यह फैसला स्कीम के प्रदर्शन और बदलते बाजार हालात की व्यापक समीक्षा के बाद लिया गया है।*



**सोने के आयात पर निर्भरता घटाना जीएमएस का लक्ष्य-** गोल्ड मोनेटाइजेशन स्कीम की शुरुआत 15 सितंबर 2015 को की गई थी, जिसका उद्देश्य देश की सोने के आयात पर निर्भरता को कम करना और घरों व संस्थानों के पास मौजूद बड़े पैमाने पर सोने को उत्पादक कार्यों में इस्तेमाल के लिए जुटाना था।

**इस स्कीम में शुरुआत में तीन घटक शामिल थे-** शॉर्ट टर्म बैंक डिपॉजिट (1-3 साल), मीडियम टर्म गवर्नमेंट डिपॉजिट (5-7 साल) और लॉन्ग टर्म गवर्नमेंट डिपॉजिट (12-15 साल)।

# बैंक करेंगे अनक्लेम्ड जमा का 78,213 करोड़ रुपया वापिस!

## आरबीआई ने बनाया नया सिस्टम, 1 अप्रैल से लागू होगा फैसला

*__नई दिल्ली।__ भारत के बैंकों में 78,213 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम अनक्लेम्ड डिपॉजिट, यानी जिनका अभी तक कोई मालिक नहीं है, के रूप में पड़ी है. आसान भाषा में कहें तो ये पैसा उन लोगों का है, जिन्होंने बैंक में पैसा तो जमा कराया, लेकिन उसे निकालना भूल गए या फिर किसी और वजह से वह या उनके परिजन इस अकाउंट तक अपनी पहुंच नहीं बना पाए।*

हालांकि, अब ये अनक्लेम्ड डिपॉजिट अपने सही मालिकों तक पहुंचने वाली है. दरअसल, आरबीआई ने इस पैसे को वापस दिलाने के लिए 1 अप्रैल 2025 से नया सिस्टम लागू किया है. इसके तहत बैंकों को अपनी वेबसाइट पर अनक्लेम्ड डिपॉजिट्स की पूरी डिटेल्स डालनी होंगी, जिसमें खाताधारक का नाम और पब्लिक सर्च फीचर भी शामिल होगा।



**कैसे चेक करें अपना निष्क्रिय खाता?** अभी तक ग्राहकों को आरबीआई के यूडीजीएएम पोर्टल पर जाकर अनक्लेम्ड डिपॉजिट चेक करनी पड़ती थी, फिर बैंक ब्रांच में जाकर क्लेम करना होता था. नए सिस्टम में यह प्रक्रिया और आसान हो जाएगी।

**अनक्लेम्ड डिपॉजिट कितना है?** -मार्च 2024 तक के आंकड़े के अनुसार, आरबीआई के डिपॉजिटर एजुकेशन फंड में 78,213 करोड़ रुपये जमा हैं. यह रकम पिछले साल से 26 फीसदी ज्यादा है.वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकों, म्यूचुअल फंड्स और इंश्योरेंस कंपनियों को निष्क्रिय राशि वापस देने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

### नया प्रोसेस क्या है?

**स्टैंडर्ड फॉर्मेट-** अब सभी बैंक एक ही तरह का एप्लिकेशन फॉर्म और डॉक्यूमेंट्स मांगेंगे। **ऑनलाइन सुविधा-** वित्त वर्ष 2026 तक पूरी तरह ऑनलाइन क्लेम सिस्टम शुरू हो जाएगा। **आसान वेरिफिकेशन-** फॉर्म भरने के बाद बैंक की ब्रांच खुद ग्राहक से संपर्क करेगी और पैसा ट्रांसफर कर देगी.

**नया नॉमिनी नियम भी लागू-** बैंकिंग लॉ (संशोधन) बिल, 2024 के तहत अब एक खाते में 4 नॉमिनी रख सकते हैं (पहले सिर्फ 1 ही होता था). इससे निष्क्रिय खातों की रकम वापस पाना और आसान होगा.


# एयरटेल ने मप्र और छत्तीसगढ़ में आईपीटीवी सेवाएं लांच कीं

*__इंदौर।__ भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक भारती एयरटेल ने पूरे मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में अपनी आईपीटीवी सेवाएँ शुरू की, जो ग्राहकों को बेहतरीन बड़ी स्क्रीन पर कंटेंट देखने का अनुभव प्रदान करती है।*

इस सेवा के तहत ग्राहकों को सोनी लिव, नेटफ्लिक्स, एप्पल टीवी+, अमेजन प्राइम, जी5 सहित 29 प्रमुख स्ट्रीमिंग ऐप्स, 600 से अधिक लोकप्रिय टीवी चैनल और वाई फाई कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई जाएगी। यह सेवा ?599 से शुरू होने वाले प्लान्स में मिलेगी। एक शुरुआती ऑफ़र के रूप में, सभी एयरटेल ग्राहकों को आईपीटीवी प्लान की खरीद पर 30 दिनों तक की निःशुल्क सेवा मिलेगी, जिसका लाभ एयरटेल थैंक्स ऐप के माध्यम से उठाया जा सकता है। लॉन्च के मौके पर भारती एयरटेल, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के सीईओ रितेश अग्रवाल ने कहा, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति में मनोरंजन हमेशा से महत्वपूर्ण स्थान रखता आया है।


देशबन्धु

ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

टेलर्स वारिस

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596

मो.- 9424392281, 9425152707

देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

बिना ऑपरेशन

डॉ. विश्वास

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे

मो: 9827042596

फ्लैट बेचना है

गोलबाजार, जबलपुर में 742 वर्गफुट का 2 BHK बालकनी सहित फ्लैट दूसरी मंजिल पर बिक्री हेतु उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-

एडवोकेट रविशंकर पटेल

फोन नंबर-

9827087838

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक एवं मुद्रक **अशोक मिश्रा** द्वारा श्रीजी प्रिंटर्स नौदरा ब्रिज जबलपुर से मुद्रित सैमरिया चौक रीवा रोड सतना म.प्र. से प्रकाशित। फोन 0761-4085031, सम्पादक- **मोहन सुरजन,** पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार), मानसेवी सलाहकार सम्पादक-**नियाज खान,** स्थानीय संपादक-**कपिल चौरसिया,** रीवा कार्यालय: चौरसिया बिल्डिंग, अमहिया रोड रीवा म.प्र. फोन-07662-406671 आर.एन.आई पंजी.क्रमांक **38532/85,** डाक पंजीयन-रीवा संभाग/16/2009-2011

# पुलिया से नहर में गिरी कार 3 की मौत, 2 गंभीर



● गोविन्दगढ़ के अमिलकी गांव में देर रात दर्दनाक हादसा

**रीवा देशबन्धु।** घर से घूमने निकले पांच दोस्त देर रात सड़क हादसे का शिकार हो गए इस दौरान तीन दोस्तों की मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिन्हें उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है

घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक राज खटीक, राजीव रजक, प्रिंस खटीक, कृष खटीक और लाली चिकवा सभी निवासी चिकान टोला मालियान टोला कल एक साथ कार में सवार होकर घूमने निकले थे बताया गया है कि जैसे ही युवक कार से गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम अमलकी के समीप पहुंचे तभी कार सहित नहर में जा गिरे इस सड़क हादसे में तीन युवकों की घटनास्थल पर मौत हो गई जबकि दो घायल हुए हैं मृतको राज खटीक, राजीव रजक और प्रिंस खटीक शामिल हैं जबकि घायलों में कृष खटीक और लाली चिकवा है,

बताया गया है कि जिस स्थान पर यह सड़क हादसा हुआ है वहां नहर पर पुल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है और मार्ग डायवर्ट किया गया है लेकिन अंधेरा होने के कारण और कार की गति तेज होने की वजह से शायद चालक डायवर्सन मार्ग को समझ नहीं पाया और कर सीधे निर्माण धीन पुलिया से टकराती हुई नहर में जा गिरा है घटना की सूचना मिलते ही तत्काल स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंची है जिसके बाद सभी को कार से बाहर निकला गया है और मृतकों के शव को पीएम के लिए अस्पताल में रखा दिया गया है वहीं घायलों को उपचार अस्पताल में जारी है।

# व्यापारी और तुलावटी संघ के अध्यक्ष के साथ मारपीट



● तुलावटी ने बंद की मंडी, गेट में किया प्रदर्शन
● पहले हो गरफ्तारी, इसके बाद ही खुलेगी मंडी

सतना, देशबन्धु। बुधवार को तुलावटी संघ ने काम काज बंद कर के मंडी गेट में प्रदर्शन कर व्यापारी को गिरफ्तार करने की मांग पर डटे रहे। प्रदर्शन में शामिल तुलावटियों का कहना था कि पहले गिरफ्तारी हो इसके बाद ही मंडी का गेट खुलेगा। तुलावटियों द्वारा किये जा रहे इस प्रदर्शन के चलते मंडी सचिव उन्हे काफी देर तक समझाने का प्रयास करते रहे।

बताया गया है कि सतना की कृषि उपज मंडी में तुलावटी संघ के अध्यक्ष के साथ हुई मारपीट के विरोध में बुधवार को पूरा कामकाज ठप हो गया। तुलावटी और हम्माल काम पर नहीं आए। मंगलवार को एक व्यापारी और उसके साथियों ने तुलावटी संघ के अध्यक्ष शरद परौहा के साथ मारपीट की थी। इसके बाद पीड़ित ने कोलगवां थाने में शिकायत दर्ज कराई। परौहा का कहना है कि मंडी प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह फेल है। विवाद, तौल कांटों को लेकर हुआ था। मंडी समिति ने तुलावटियों को आधिकारिक तौल कांटे दिए हैं। ज्यादातर व्यापारी इन्हीं कांटों का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन आनंद ट्रेडिंग नाम की फमजू अपने खुद के तौल कांटे का उपयोग करती है।

200-250 ग्राम का अंतर किसानों का आरोप है कि इस फर्म के तौल कांटे में हर बार 200-250 ग्राम अधिक माल लिया जाता है। इससे उन्हें नुकसान हो रहा है। किसानों का यह भी आरोप है कि मंडी के अधिकारी और कमर्चारी व्यापारी से मिले हुए हैं। विरोध करने पर मारपीट की जाती है। मंडी सचिव ने इस मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मंडी में व्यापारियों द्वारा नीलामी के दौरान किसानों की उपज का कम भाव लगाने की शिकायतें भी आ चुकी हैं।

## सार-समाचार

### शिक्षा व्यवस्था तथा जल संरक्षण में जन भागीदारी सुनिश्चित करें: कमिश्नर



**रीवा देशबन्धु।** कमिश्नर बीएस जामोद ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से शासन की उच्च प्राथमिकता की योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा संभागीय अधिकारी शामिल रहे। कमिश्नर ने कहा कि नया शिक्षा सत्र एक अप्रैल से शुरू हो रहा है। सभी स्कूलों में एक अप्रैल को प्रवेशोत्सव मनाकर शाला जाने योग्य सभी बच्चों का शाला में प्रवेश कराएं। स्कूल चलें हम अभियान के तहत शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए जन सहयोग प्राप्त करें। शालाओं में पाठ्य पुस्तक का शत-प्रतिशत वितरण 31 मार्च तक कराएं।

### उप मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों को बंधाया ढांढस



**रीवा देशबन्धु।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने वरिष्ठ अधिवक्ता घनश्याम सिंह के आवास पहुंचकर शोकाकुल परिजनों को ढ़ाढ़स बंधाया। विदित हो कि गतदिनों श्री घनश्याम सिंह के नाती पार्थ सिंह का आकस्मिक निधन हो गया था।

### जेल में विधिक जागरुकता शिविर

**रीवा देशबन्धु।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा केन्द्रीय जेल रीवा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायाधीश समीर कुमार मिश्रा ने बंदियों को विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं की जानकारी दी। न्यायाधीश श्री मिश्रा ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बंदियों को उनके प्रकरण की पैरवी के लिए निःशुल्क कानूनी सलाह और अधिवक्ता की सुविधा दी जाती है। शिविर में बंदियों को नवीन भारतीय न्याय संहिता तथा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के संबंध में भी जानकारी दी गई। शिविर के बाद न्यायाधीश श्री मिश्रा ने केन्द्रीय जेल में विभिन्न बैरकों, अस्पताल तथा किचन का निरीक्षण किया। शिविर में जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय, उप जेल अधीक्षक संजीव कुमार गेंदले, सहायक जेल अधीक्षक श्याम सिंह कुशवाह तथा बड़ी संख्या में बंदीगण उपस्थित रहे।

### गोवर्धनम फाउंडेशन की बैठक

**किशन विश्वकर्मा एवं नीरज सोनी को बनाया गया ( युवा इकाई नगर ) का प्रभारी**



**रीवा देशबन्धु।** गोवर्धनम फाउंडेशन की बैठक अर्जुन नगर स्थित कार्यालय में आयोजित की गई उक्त बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर व फाउंडेशन के युवा इकाई में युवाओं को जोड़ कर संगठन विस्तार पर जोर दिया गया कार्यक्रम में फाउंडेशन के संरक्षक सदस्य अविराज ने आगामी दिनों में जन हित के मुद्दों को लेकर कार्य करने की बात कही व सदस्यता अभियान की जल्द शुरुआत करने की बात कही ।

इस अवसर पर फाउंडेशन के अध्यक्ष अभिषेक सिंह गहरवार ने गोवर्धनम फाउंडेशन रीवा नगर युवा इकाई का प्रभारी नीरज सोनी व किशन विश्वकर्मा को बना कर जिम्मेदारी दी इस पर किशन विश्वकर्मा एवं नीरज सोनी ने जल्द ही संगठन विस्तार की बात कही इस अवसर पर नीरज शुक्ला,मनी यादव,सूर्यांश शुक्ला,राज गुप्ता,अंकित सिंह,सिद्धार्थ नामदेव,रोहित शुक्ला मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# जमीनी विवाद में बरसी लाठियां, एक की मौत



**रीवा देशबन्धु।** मऊगंज जिले में अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ता जा रहा है। गडरा हत्याकांड की गूंज अभी थमी भी नहीं थी कि एक और घटना ने पूरे इलाके को दहशत में डाल दिया है. जिले के दुअरा बिछरहटा गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुए खूनी संघर्ष में 40 साल के बाबूलाल साहू को पीटा और फिर धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी गई. इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. जानकारी के मुताबिक मंगलवार की शाम को करीब 5 बजे गांव में साहू परिवार के बीच जमीन को लेकर विवाद हो गया था. विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में हिंसक झड़प हो गई. इस दौरान डमरू साहू, उनके बेटे हिरन साहू और पत्नी उर्मिला साहू ने मिलकर धारदार हथियारों से बाबूलाल साहू पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. जबकि झड़प में कुछ लोग घायल भी हुए हैं. घटना की सूचना मिलते ही मऊगंज के थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ

● घटना में कई घायल आरोपी पकड़ाए

घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया. वहीं झड़प में घायल लोगों को इलाज के लिए मऊगंज के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस ने हत्या के आरोपी डमरू साहू, हिरन साहू और उर्मिला साहू को तुरंत हिरासत में ले लिया और उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# शॉर्ट सर्किट से किसान की फसल तबाह

● रामपुर बाघेलान के असरास गांव का मामला

**सतना, देशबन्धु।** रामपुर बाघेलान क्षेत्र के असरार गांव में बुधवार को शॉर्ट सर्किट से किसान की 10 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। जानकारी के मुताबिक किसान राम बहोर सिंह के खेत से गुजर रही बिजली की तार में शॉर्ट सर्किट हुआ। इससे चिंगारी निकली जो देखते ही देखते आग का गोला बन गई। डिब्बे और घड़े के पानी से आग बुझाने की कोशिश की हवा के कारण आग तेजी से फैली। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मदद के लिए आगे आए। वे डिब्बे और घड़े लेकर आग बुझाने की कोशिश करने लगे। रामपुर बाघेलान नगर परिषद की दमकल टीम को सूचना दी गई। टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक फसल पूरी तरह जल चुकी थी।

**फसल खाक होने की दूसरी घटना**

ज्ञात हो कि इस रबी सीजन में आगजनी की यह दूसरी घटना है। इसके पहले उचेहरा के परसमनिया पठार में आग लगने से फसल जलकर खाक हो चुकी है। अगर देखा जाए तो हर बार गर्मी की सीजन में इस तरह की घटनाओं में एकाएक बाढ़ सी आ जाती है। इसके बाद भी विद्युत विभाग द्वारा इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता है। पहुंची राजस्व की टीम



बताया गया है असरास गांव में शार्ट सर्किट से फसल तबाह होने का आकलन राजस्व विभाग की टीम द्वारा मौके पर जाकर किया गया। बताया गया है कि टीम मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन कर रही है।

# सोमवारी बाजार में लोगों को चाकू दिखाकर डराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**रीवा देशबन्धु।** सोमवारी बाजार में एक व्यक्ति हाथ मे चाकू लिये आने जाने वालो को डरा रहा था सूचना पर अमहिया थाने के प्रधान आरक्षक मकरध्वज तिवारी एवं आरक्षक धर्मेंद्र पटेल को थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने तलब कर हमराह स्टाफ के साथ मुखबिर के बताये स्थान सोमवारी बाजार भेजा वहां एक व्यक्ति हाथ में चाकू लेकर लहरा रहा था तथा आने जाने वालो को चाकू दिखाकर डरा रहा था जिस पर उक्त व्यक्ति को हमराही स्टाफ एवं गवाहानो की मदद से घेराबंदी कर हिरासत में लेकर उसका नाम पता पूछा जो अपना नाम मोहम्मद शहजाद मंसूरी पिता रज्जाक मंसूरी उम्र 19 वर्ष निवासी बड़ी दरगाह के पीछे थाना अमहिया रीवा का होना बताया।





इसी प्रकार यहीं सोमवारी बाजार कचरा फैक्टरी के पास एक व्यक्ति हाथ मे बका लिये लहरा रहा था तथा आने जाने वालो को बका दिखाकर डरा रहा था जिस पर उक्त व्यक्ति को हमराही स्टाफ एवं गवाहानो की मदद से घेराबंदी कर हिरासत मे लेकर उसका नाम पता पूछा जो अपना नाम अमन अली खान पिता कौशल अली खान उम्र 22 वर्ष निवासी बड़ी दरगाह के पीछे कब्रिस्तान के पास थाना अमहिया रीवा का होना बताया। दोनों आरोपियों पर प्रकरण दर्ज कर पेश न्यायालय किया गया। उक्त दोनों कार्यवाही में थाना प्रभारी अमहिया शिवा अग्रवाल, आर0 अरुण मिश्रा, प्र0आर0 मकरध्वज तिवारी आर0 पीयुष मिश्रा, आर0 विकास तिवारी,आर0 विवेक सिंह आर0 विक्रम वर्मा की मुख्य भूमिका रही

# एकलव्य स्कूल मैहर के ऑडीटोरियम में होगा विक्रमोत्सव का शुभारंभ

**सतना, देशबन्धु।** राज्य शासन के संस्कृति विभाग द्वारा सृष्टि आरंभ दिवस, वर्ष प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 के शुभारंभ अवसर पर 30 मार्च को पूर्वान्ह प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर सूर्य उपासना के कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश गये हैं। मैहर जिले में सूर्य उपासना का कार्यक्रम 30 मार्च को प्रातः 10 बजे से एकलव्य आवासीय विद्यालय मैहर के आडीटोरियम में किया जायेगा। इसके साथ महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ के माध्यम से उपलब्ध कराये गये ब्रम्ह ध्वज जिले के प्रमुख मंदिरों एवं सिलों पर स्थापित किये जायेंगे। कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने मैहर जिले में सूर्य उपासना के कार्यक्रम आयोजन के संबंध में एसडीएम, सीएमओ, नगर पालिका मैहर सहित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं। उन्होंने ब्रम्ह ध्वज की उपलब्धता के अनुसार मैहर, अमरपाटन एवं रामनगर के सभी प्रमुख मंदिरों पर ब्रम्ह ध्वज स्थापित करने के निर्देश दिये हैं। सूर्य उपासना कार्यक्रम के आयोजन के लिए अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह को नोडल अधिकारी बनाया गया है जबकि सहायक नोडल अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी टीपी सिंह और प्रभारी सीएमओ नगर पालिका मैहर सुषमा मिश्रा को बनाया गया है।

### रोजगार मेला सोहावल में आज

**सतना, देशबन्धु।** शासकीय आईटीआई एवं रोजगार कार्यालय सतना द्वारा 21 मार्च से 3 अप्रैल 2025 तक सतना एवं मैहर जिले में स्थित समस्त आईटीआई में एसआईएस सिक्योरिटी सर्विस का एकदिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा। 27 मार्च को जनपद पंचायत सोहावल, 28 मार्च को शासकीय आईटीआई मैहर, 1 अप्रैल को शासकीय आईटीआई अमरपाटन, 2 अप्रैल को शासकीय आईटीआई रामनगर का आयोजन किया जायेगा।

### कक्षा 6वीं का प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित

**रीवा ।** जवाहर नावोदय विद्यालय सिरमौर की कक्षा 6वीं का प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। प्रवेश परीक्षा में 80 विद्यार्थियों का चयन हुआ है।

सभी चयनित विद्यार्थियों को विद्यालय द्वारा सूचित किया जा रहा है। प्रवेश परीक्षा का आयोजन 18 जनवरी को जिले के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में किया गया था।

# दूध व्यापारी को रोक कर हत्या कर दी

**रीवा देशबन्धु।** दूध बेचकर घर जा रहे व्यापारी को रास्ते में आधा दर्जन की संख्या में आरोपियों ने चाकू गुप्ती और डंडे से हमला कर मौत के घाट उतार दिया घटना की सूचना पर पहुंची गुढ़ पुलिस ने मृतक के शव को पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया वहीं संदेहियों को पकड़ पूछताछ शुरू कर दी है। घटना के संबंध में मृतक छोटेलाल यादव उम्र 53 वर्ष निवासी ग्राम उमरी के भाई ने जानकारी देते हुए बताया कि रोजाना की तरह छोटेलाल शहर में दूध बिक्री कर गांव वापस जा रहा था और जैसे ही



उमरी मोड़ के समीप पहुंचा तभी वहां पहले से घात लगाकर बैठे परिवार के लोगों ने ही जमीनी विवाद के चलते उस पर प्राण घातक हमला कर दिया मृतक के भाई ने बताया कि इस दौरान आरोपियों ने लाठी डंडे गुप्ती और चाकू से हमला किया है आरोपियों के नाम भी उनके द्वारा बताए गए हैं जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है हत्या की वजह बाणसागर डैम में फांसी जमीन के मुआवजे को लेकर हुआ विवाद बताया जा रहा है। घटना के बाद गांव में सनाका खींच गया है।

# मजाक बनी परिषद की बैठक, न कोई चर्चा न कोई मुद्दा सिर्फ हंगामा

● मारामारी पर आमाद रहे कांग्रेस-भाजपा के पार्षद
● कोई निकाला अर्थी, तो किसी ने किया गंगाजल का छिड़काव

● तो क्या अब ऐसे होगा रीवा शहर का विकास
● परिषद की बैठक में बच्चों सी हरकते आई नजर, कक्ष को ही बना दिया अखाड़ा

**रीवा, देशबन्धु।** निगम की परिषद बैठक में बजट पर आज बुधवार को चर्चा के दौरान जमकर हंगामा हुआ। इस दौरान अध्यक्ष द्वारा दो बार बैठक स्थगित करनी पड़ी। इस दौरान कांग्रेस एवं भाजपा पार्षदों में जमकर हाथापाई हुई। हालांकि महापौर एवं अध्यक्ष को बीच बचाव के लिए आसंदी से उतरकर नीचे आना पड़ा। बावजूद भाजपा एवं कांग्रेस के पार्षद मारामारी पर आमादा रहे। शहर सरकार द्वारा सोमवार को परिषद के पटल में पेश किए गए बजट पर चर्चा के लिए बुधवार का दिन निश्चित किया गया था। जैसे ही परिषद शुरू हुई भाजपा पार्षद दल के नेता दीनानाथ वर्मा ने एक राष्ट्र-एक चुनाव पर परिषद अध्यक्ष को एक पत्र सौंपकर चर्चा के लिए समय मांगा। इस दौरान महापौर अजय मिश्रा बाबा ने कहा कि स्थगित परिषद में केवल बजट पर चर्चा होनी चाहिए। यह परम्परा गलत है। स्थगित बैठक में कोई अन्य विषय नहीं आएगा, यह नियम में नहीं है। इसके लिए अलग से परिषद बैठाई जानी चाहिए, इसके बाद ही नया एजेंडा शामिल किया जा सकता



### जब आपस में भिड़ गए कांग्रेस-भाजपा के पार्षद

परिषद की कार्रवाई शुरू होने के बाद कांग्रेस के पार्षद मनीष नामदेव द्वारा गंगाजल लेकर सदन को शुद्ध करने के लिए जल छिड़का जा रहा था। इस दौरान भाजपा पार्षद दल के नेता दीनानाथ वर्मा, समीर शुक्ला ने अपने टेबिल में रखे हुए पानी से कांग्रेस पार्षदों की ओर पानी उछाल दिया। इस दौरान कांग्रेस पार्षदों ने इसका यह कहकर विरोध किया कि जूठा पानी आप क्यों डाल रहे हो। तू-तू-मैं-मैं शुरू हो गई और कांग्रेस-भाजपा के पार्षदों ने जूतमपैजार शुरू कर दिया। हालांकि परिषद अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय एवं महापौर अजय मिश्रा बाबा द्वारा दोनों पक्षों को अलग करने की कोशिश करते रहे बावजूद 20 मिनट तक यह हंगामा चलता रहा। इस दौरान एक-दूसरे का कॉलर पकड़कर भी खींचा गया और धक्का-मुक्की की गई। अंततः अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय द्वारा एक दिन के लिए परिषद की कार्रवाई स्थगित कर दी गई।



है। इस दौरान परिषद अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय ने सचिव से नियम के तहत जानकारी चाही। जानकारी में उन्होंने बताया कि यह सही है कि स्थगित बैठक में पुराने एजेंडे पर ही चर्चा की जा सकती है। नए बिंदु के लिए अलग से परिषद बुलाने का प्रावधान है। इस दौरान भाजपा पार्षद अपने एजेंडे पर अड़े रहे और जमकर हंगामा किया। हालांकि अध्यक्ष द्वारा जब स्पष्ट कहा गया कि स्थगित बैठक में इसे नहीं लाया जा सकता है तब पार्षद एक राष्ट्र-एक चुनाव की चर्चा पर राजी हुए। इस दौरान महापौर अजय मिश्रा ने कहा यह बजट का घोर अपमान है और बजट की अर्थी लेकर चल दिये है तो बदरिया लेकर चले जाय.

**निर्दलीय पार्षद ने की निंदाः** नगर निगम में वार्ड क्रमांक-13 की निर्दलीय पार्षद नम्रता सिंह ने बुधवार को परिषद के अंदर सदन की गरिमा भंग करने का आरोप लगाते हुए इसकी निंदा की है। उन्होंने कहा कि भाजपा और कांग्रेस दोनों के पार्षद यह दिखावे के लिए कर रहे हैं। जबकि सदन में इस तरह के शब्दों का न तो इस्तेमाल करना चाहिए और न ही सदन की गरिमा को भंग करना चाहिए।

